


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 279 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) पौष शु.1 2081 मंगलवार, 31 दिसंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ※ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

### वसूली के आरोप में दो उग्रवादी गिरफ्तार

इंफाल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। मणिपुर के इंफाल पश्चिम में प्रतिबंधित संगठन पीआरईपीएके के दो उग्रवादियों को जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उधर, सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल पूर्व और कांगपोकपी जिलों में बंदूकधारियों के चार बंकरों को खत्म कर दिया। जबकि तीन पर कब्जा कर लिया।

पुलिस ने बताया कि इंफाल पश्चिम से प्रतिबंधित संगठन पीआरईपीएके के दो उग्रवादी पकड़े गए। दोनों उग्रवादी लीशांगथेम नेपोलियन मीतेई (35) और थोकचोम अमुजाओ सिंह (33) हैं। इन्हें सांगईप्रौ ममांग लेइकाई इलाके से पकड़ा गया। दोनों के पास से तीन मोबाइल फोन और 12 डिमांड लेटर जब्त किए गए।

# सुरक्षा मामले में भारत भाग्यशाली नहीं : राजनाथ

## > दुश्मन अंदर भी हैं, बाहर भी, उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखना जरूरी

इंदौर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, सुरक्षा के मोर्चे पर भारत बहुत भाग्यशाली देश नहीं है। हमारी सेना उत्तरी और पश्चिमी सीमा लगातार चुनौतियों का सामना कर रही है। हम शांत, बेफिक्र होकर नहीं बैठ सकते। हमारे दुश्मन, चाहे अंदर हों या बाहर, वे हमेशा एक्टिव रहते हैं। राजनाथ ने आगे कहा कि इन परिस्थितियों में, हमें उनकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखनी चाहिए। उनके खिलाफ सही समय पर बेहतर और प्रभावी कदम उठाने चाहिए। रक्षा मंत्री ने ये बातें मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कहीं। राजनाथ महू छावनी में दो दिन के दौरे पर आए हैं। आज दौरे का दूसरा दिन है।



**> चीन के साथ भारत की 3 हजार 488 किमी लंबी सीमा**

भारत की चीन के साथ 3 हजार 488 किमी लंबी सीमा लगती है, जो तीन सेक्टर्स- ईस्टर्न, मिडिल और वेस्टर्न में बंटी हुई है। ईस्टर्न सेक्टर में सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की सीमा चीन से लगती है, जिसकी लंबाई 1 हजार 346 किमी है। मिडिल सेक्टर में हिमाचल और उत्तराखंड है, जिसकी लंबाई 545 किमी है। और वेस्टर्न सेक्टर में लद्दाख आता है, जिसके साथ चीन की 1 हजार 597 किमी लंबी सीमा है। चीन अरुणाचल प्रदेश के 90 हजार स्क्वायर किमी के हिस्से पर अपनी दावेदारी करता है। जबकि, लद्दाख का करीब 38 हजार स्क्वायर किमी का हिस्सा चीन के कब्जे में है। इसके अलावा 2 मार्च 1963 को चीन-पाकिस्तान के बीच हुए एक समझौते में पाकिस्तान ने पीओके का 5 हजार 180 स्क्वायर किमी चीन को दे दिया था। कुल मिलाकर चीन ने भारत के 43 हजार 180 स्क्वायर किमी पर कब्जा जमा रखा है। जबकि, स्विट्जरलैंड का एरिया 41 हजार 285 स्क्वायर किमी है। पाकिस्तान भारत पर 4 बार हमला कर चुका है।

पहली बार आजादी के ठीक बाद 1948 में किया था। उसके बाद 1965, 1971 और 1999 में भी दोनों देशों के बीच युद्ध हो चुके हैं। 1948 की लड़ाई में ही पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर की 78 हजार किमी जमीन पर कब्जा कर लिया था। अभी ये मामला यूएन में है। पाकिस्तान की तरफ से कश्मीर में आतंकवाद फैलाया जा रहा है। भारत कहता है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद पर बात नहीं करेगा, तब तक कोई बात नहीं होगी।

**> सीमा विवाद सुलझाने के लिए दोनों देशों के बीच कोशिश जारी**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 3 दिसंबर को भारत-चीन सीमा विवाद पर संसद को जानकारी दी थी। विदेश मंत्री ने सदन में कहा था कि भारत और चीन बातचीत और कूटनीति के जरिए सीमा विवाद सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्वी लद्दाख में पूरी तरह से डिसइंगेजमेंट हो चुका है। हालांकि, एलएसी पर अभी भी कई इलाकों में विवाद है। भारत का मकसद ऐसा समाधान निकालना है, जो दोनों देशों को मंजूर हो। उन्होंने कहा, '2020 के बाद से भारत और चीन के रिश्ते सामान्य नहीं हैं। बॉर्डर पर शांति भंग हुई थी, तब से दोनों देशों के रिश्ते ठीक नहीं हैं। हालांकि हाल ही में हुई बातचीत से स्थिति में कुछ सुधार हुआ है।' पाकिस्तान के साथ भारत की सीमा की लंबाई 3 हजार 323 किमी है। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के 78 हजार किमी इलाके पर कब्जा कर रखा है।

# जजों के रिश्तेदार अब नहीं बन पाएंगे हाईकोर्ट के जज?

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम उठा सकता है चौंकाने वाला कदम

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम एक नए प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। इस प्रस्ताव के तहत मौजूदा या पूर्व संवैधानिक न्यायालय के जजों के परिवार के सदस्यों को हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश फिलहाल रोकी जा सकती है।



सूत्रों की माने तो ऐसा इसलिए किया जा रहा क्योंकि एक आम धारणा है कि इन वकीलों को पहली पीढ़ी के वकीलों की तुलना में जज बनने की प्रक्रिया में प्राथमिकता मिलती है। दिसंबर 2022 में, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाईकोर्ट न्यायाधीशों के लिए सिफारिश किए गए वकीलों के साथ बातचीत भी शुरू की है। यह उनकी उपयुक्तता और क्षमता का आकलन करने के लिए किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम हाईकोर्ट में न्यायाधीशों के करीबी रिश्तेदारों की नियुक्ति के खिलाफ विचार कर सकता है। कॉलेजियम हाईकोर्ट के कॉलेजियम को ऐसे उम्मीदवारों की सिफारिश न करने का निर्देश देने पर विचार कर सकता है, जिनके माता-पिता या करीबी रिश्तेदार सर्वोच्च न्यायालय या हाईकोर्ट के वर्तमान या पूर्व न्यायाधीश रहे हों। इस धारणा को मिटाने के लिए कि योग्यता से ज्यादा वंश को महत्व दिया जाता है या न्यायिक अधिकारी को हाईकोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश में पहली पीढ़ी के वकीलों पर प्राथमिकता दी जाती है, कॉलेजियम के एक जज ने हाल ही में एक विचार रखा। उन्होंने हाईकोर्ट के कॉलेजियम को निर्देश देने का सुझाव दिया कि वे ऐसे वकीलों या न्यायिक अधिकारियों की सिफारिश न करें जिनके माता-पिता या करीबी रिश्तेदार सुप्रीम कोर्ट या उच्च न्यायालयों के जज थे हैं।

यह प्रस्ताव कुछ अन्य लोगों को भी पसंद आया और तब से कॉलेजियम के अन्य सदस्यों के बीच एक खुली बहस का विषय बन गया है। हालांकि, न्यायाधीश ने इस बात पर भी चिंता जताई है कि इससे योग्य लोगों को न्यायाधीश बनने से सिर्फ इसलिए वंचित किया जा सकता है क्योंकि वे उच्च न्यायपालिका के मौजूदा या पूर्व न्यायाधीशों के रिश्तेदार हैं। >14

### केरल में सेना के अधिकारी के साथ मारपीट

तिरुवनंतपुरम, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। केरल में सेना के अधिकारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। घटना 23 दिसंबर को कोच्चि के थ्रीक्काकारा में केएमएम कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंस में हुई। दरअसल, कॉलेज में एनसीसी का ट्रेनिंग कैंप लगा हुआ था। घटना की वाली रात 60 से करीब कैडेट्स ने फूड पॉइजनिंग की शिकायत की।

रात करीब 11:30 बजे सीपीआई (एम) की स्टूडेंट्स विंग एसएफआई की जिला प्रमुख भाग्य लक्ष्मी, भाजपा के स्थानीय पार्षद प्रमोद अपने समर्थकों के साथ कॉलेज पहुंचे। आरोप है कि इन लोगों ने बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल करनैल सिंह के साथ मारपीट की। वीडियो में नजर आ रहे हमलावरों ने उनका गला दबाया, उन्हें लात भी मारी।

24 दिसंबर को घटना को लेकर थ्रीक्काकारा पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज कराई गई। इसमें नुकीली चीज से हमला करने, धमकाने और जबरन कैंप में घुसने की शिकायत है। पुलिस ने कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल करनैल सिंह से मारपीट मामले में दो आरोपियों निषाद और नवस को मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक कर्नल सिंह ने इनकी पहचान की है। इससे पहले कर्नल ने पुलिस के रवैये पर नाराजगी जताई थी। उन्होंने कहा था कि मेडिकल रिपोर्ट और वीडियो फुटेज सहित स्पष्ट सबूतों के

# फूफा पवन कल्याण बोले रेवंत रेड्डी ने अल्लू अर्जुन मामले में बिल्कुल ठीक किया

मुंबई, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। साउथ सिनेमा और भारतीय सिनेमा की इस साल की सबसे बड़ी हिट फिल्म 'पुष्पा 2' के हीरो अल्लू अर्जुन का मामला साल का सबसे बड़ा पीआर डिजास्टर बन चुका है। हैदराबाद में ये आम चर्चा है कि न अल्लू अर्जुन अपनी ये फिल्म लेकर पटना और दिल्ली जाते और न ही उनको एक रात जेल में बितानी पड़ती। अब इस पूरे मसले पर पहली बार उनके फूफा और आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने अपनी राय रखी है। उनका कहना है कि इस पूरे मसले पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने जो भी कदम उठाए, वे कानून के हिसाब से बिल्कुल ठीक हैं।



फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज की पूर्व संध्या पर हैदराबाद के संध्या थियेटर में जो कुछ हुआ, उसकी पुलिसिया पड़ताल जारी है। अल्लू अर्जुन के खिलाफ दायर मुकदमे में उनकी गिरफ्तारी हो चुकी है। वह फिलहाल अंतरिम जमानत पर है और उनकी नियमित जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 3 जनवरी को होनी है। अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद की बहन सुरेखा का ब्याह सुपरस्टार चिरंजीवी के साथ हुआ है और उनके छोटे भाई पवन कल्याण इस रिश्ते से अल्लू अर्जुन के भी फूफा हैं। अपने छोटे फूफा से अल्लू अर्जुन की बनती नहीं है। जेल से छूटने के बाद भी वह चिरंजीवी से तो मिले लेकिन पवन कल्याण से नहीं।

अब पवन कल्याण ने इस आग में घी ये कहकर डाल दिया है कि अब तक इस मामले में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का रवैया बिल्कुल ठीक रहा है। अल्लू अर्जुन के समर्थन में बीजेपी के भी कुछ बड़े नेताओं ने बयानबाजी की लेकिन पूरा मामला समझ आने के बाद अब बीजेपी ने भी उनके समर्थन से हाथ पीछे खींच लिए हैं। >14

# मनमोहन सिंह के अस्थि विसर्जन पर नहीं पहुंचा गांधी परिवार

## बीजेपी ने घेरा तो कांग्रेस ने दी सफाई

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व मनमोहन सिंह के निधन के बाद से लगातार राजनीति जारी है। पहले उनके स्मारक को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहा। अब उनकी अस्थियों से जुड़े मुद्दे पर बहस छिड़ गई है। दरअसल, डॉ. मनमोहन सिंह की अस्थियां उनके परिवार के सदस्यों ने सिख रीति-रिवाजों के अनुसार मजनू का टीला गुरुद्वारे के निकट यमुना नदी में विसर्जित कीं। इस दौरान गांधी परिवार का कोई सदस्य नहीं पहुंचा। इसी को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा। हालांकि, अब सबसे पुरानी पार्टी के नेता ने सफाई दी है।



**कांग्रेस ने दी ये सफाई**

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि परिवार की निजता का सम्मान करते हुए पार्टी का कोई भी वरिष्ठ नेता डॉ. सिंह की अस्थियों को इकट्ठा और विसर्जित करने के लिए परिवार के साथ नहीं गया था। उन्होंने कहा कि हमारे प्रिय नेता के अंतिम संस्कार के बाद वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा उनके निवास पर परिवार से मुलाकात करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा, 'उनसे चर्चा करने के बाद यह महसूस किया गया कि चूंकि अंतिम संस्कार के समय परिवार को कोई निजता नहीं मिली और परिवार के कुछ सदस्य चिता स्थल पर नहीं पहुंच पाए थे, इसलिए उन्हें फूल चुनने और अस्थियों के विसर्जन के लिए कुछ निजता देना उचित होगा जो कि करीबी परिवार के सदस्यों के लिए भावनात्मक रूप से पीड़ादायक और कठिन समय होता है।'

**26 दिसंबर को हुआ था निधन**

मनमोहन सिंह का गत 26 दिसंबर की रात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। वह 92 वर्ष के थे। 28 दिसंबर को उनका अंतिम संस्कार दिल्ली के निगमबोध घाट पर किया गया था। बता दें कि डॉ. सिंह की अस्थियां के विसर्जन के दौरान कांग्रेस नेता नदारद रहे थे। इसको लेकर भाजपा के कई नेताओं ने तंज कसा था। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा था, 'यह देखकर बहुत दुख हुआ कि डॉ. मनमोहन सिंह जी की अस्थियां विसर्जित किए जाने के समय कांग्रेस या गांधी परिवार का एक भी सदस्य मौजूद नहीं था।

### डल्लेवाल का अनशन 35 दिन से जारी, सुप्रीम कोर्ट आज करेगा सेहत की समीक्षा

नई दिल्ली , 30 दिसंबर (एजेंसियां)। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल 35 दिन से जारी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बीमार किसान नेता के उपचार और उनकी सेहत ठीक रखने के लिए पंजाब सरकार ने क्या उपाय किए हैं, इसकी समीक्षा 31 दिसंबर को की जाएगी। डल्लेवाल की सेहत मामले में यह जानना भी अहम है कि पंजाब सरकार के अधिकारियों की एक टीम ने 29 दिसंबर को 70 वर्षीय डल्लेवाल के पास गई थी।

उन्हें चिकित्सा सहायता लेने के लिए मनाने का प्रयास लगातार किया जा रहा है, लेकिन डल्लेवाल ने इनकार कर दिया। अधिकारियों ने डल्लेवाल से विरोध स्थल से हटने की अपील भी की, लेकिन उन्होंने अनशन खत्म करने से साफ इनकार कर दिया। अब इस मामले में बल प्रयोग की आशंका भी प्रकट की जा रही है। बता दें कि किसान फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित कई मांगों को लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं।

# एलजी का आतिशी को पत्र : ढाई साल में पहली बार सीएम का काम देखा

## केजरीवाल ने आपका, मेरा और राष्ट्रपति का अपमान किया



नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को सोमवार को एक पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने अरविंद केजरीवाल द्वारा उनका अपमान किए जाने से आहत होने की बात कही गई है।

पत्र में उपराज्यपाल ने लिखा है, सर्वप्रथम मैं आपको आगामी नव वर्ष 2025 के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। मेरी कामना है कि आप सदैव स्वस्थ रहें और प्रगति के पथ पर अग्रसर हों। आपको मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाने के अवसर पर भी मैंने आपको दिल से बधाई और शुभकामनाएं दी थीं और तब से अब तक की अवधि में, मैंने अपने ढाई साल के कार्यकाल में पहली बार मुख्यमंत्री पद पर आसीन व्यक्ति को मुख्यमंत्री का काम करते देखा। जहां आपके पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री के पास सरकार का एक भी विभाग नहीं था और न ही वह फाइलों पर हस्ताक्षर किया करते थे, वहीं आपने अनेक विभागों का दायित्व लेते हुए प्रशासन के विभिन्न मुद्दों पर काम करने का प्रयास किया। परन्तु कुछ दिन पूर्व, आपके पूर्ववर्ती मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल द्वारा मीडिया में आपको सार्वजनिक रूप से एक अस्थायी-काम चलाऊ मुख्यमंत्री घोषित किया जाना मुझे बहुत आपत्तिजनक लगा और मैं इससे आहत हुआ। यह न केवल आपका अपमान था, बल्कि आपकी नियोक्ता महामहिम भारत की राष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधि के रूप में, मेरा भी अपमान था। अस्थायी अथवा काम चलाऊ मुख्यमंत्री की जो सार्वजनिक व्याख्या केजरीवाल ने की, उसका कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है। यह सर्वविदित है कि आपको किन परिस्थितियों में मुख्यमंत्री बनाया गया। पिछले 10 सालों में यमुना की बदतर हालत हो या पीने के पानी की भयंकर कमी, कचरे के पहाड़ों का मुद्दा या औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी, सड़कों और सीवर लाइन की दुर्दशा हो या स्वास्थ्य की चरमराती व्यवस्था, अनाधिकृत कॉलोनियों में सुविधाओं का घोर अभाव हो या झुग्गी बस्तियों में नारकीय जीवन, एक मुख्यमंत्री द्वारा, जिसको अस्थाई और काम चलाऊ घोषित किया जा चुका हो।

# सीएम ममता बोलीं-सरकारी योजना के लाभार्थी किसी को पैसे न दें

## विवाद के 11 माह बाद संदेशखाली पहुंचीं



कोलकाता, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। इसी साल जनवरी में उपजे विवाद के 11 महीने से भी अधिक समय बीतने के बाद आज मुख्यमंत्री ममता बनर्जी संदेशखाली पहुंचीं। उन्होंने राज्य सरकार की तरफ से संचालित योजनाओं का लाभ पाने के लिए पैसों का भुगतान न करने की अपील की। उन्होंने कहा कि योजनाओं का संचालन राज्य सरकार कर रही है। सीधे बैंक खातों के माध्यम से लाभार्थियों को उनके हक का पैसा मिल रहा है। सीएम ममता ने कहा कि पैसा जनता का है और इस पर उनका पूरा अधिकार है।

उत्तर 24 परगना के संदेशखाली में 30 दिसंबर को पहुंचीं ममता बनर्जी ने सार्वजनिक वितरण कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। इनका लाभ सीधे बैंक खातों में भेजा जा रहा है। महिलाओं से मुखातिब ममता ने कहा, अगर कोई उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने के बहाने बुलाता है तो ऐसी बातों पर ध्यान देना जरूरी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि संदेशखाली में विरोध-प्रदर्शन को भड़काने के लिए भारी मात्रा में पैसों का दुरुपयोग किया गया।

# बीपीएससी अभ्यर्थियों से मिले मुख्य सचिव

## > बोले-शांति बनाए रखें, आपकी मांगों पर सरकार करेगी विचार

पटना, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार लोकसेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर 13 दिनों से पटना में अभ्यर्थियों का धरना जारी है। इस बीच बीपीएससी अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा से मुलाकात कर अपनी मांगें रखीं। मुख्य सचिव ने इन मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया है। बीपीएससी अभ्यर्थियों के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत के बाद सीएस कार्यालय ने एक बयान जारी करके कहा, 'परिक्षार्थियों के 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव से मिलकर 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा के संदर्भ में मांग पत्र समर्पित किया है। इसमें पूरी प्रारम्भिक परीक्षा को रद्द करने, परीक्षा में अनियमितता की उच्चस्तरीय जांच कराने, अभ्यर्थियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने, परिक्षार्थियों पर अत्यधिक बल प्रयोग करने में संलिप्त कर्मियों पर कार्रवाई करने व दिवंगत सोनू कुमार के परिवार को मुआवजे देने की मांग की है।'




मुख्य सचिव के कार्यालय ने अपने बयान में कहा, 'बीपीएससी परिक्षार्थियों के मांग-पत्र समर्पित करने के क्रम में बापू परीक्षा केंद्र के अलावा कुछ अन्य परीक्षा केंद्रों के संबंध में मुद्दे समर्पित किए हैं। सभी बिन्दुओं पर गहराई से चर्चा करने के उपरात प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया गया है कि उनके द्वारा समर्पित मांग-पत्र पर विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। परीक्षार्थियों को यह भी सुझाव दिया गया है कि वे शांति बनाए रखें।' इससे पहले लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने छात्रों के आंदोलन पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोमवार को X पर एक पोस्ट में कहा, 'बिहार के युवाओं और बीपीएससी अभ्यर्थियों के मुद्दों को लेकर एनडीए सरकार के प्रमुख सहयोगी होने के नाते मैंने बिहार सरकार और माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की है, जिसके परिणामस्वरूप सरकार की ओर से मुख्य सचिव (जो सरकार के सबसे बड़े अधिकारी होते हैं) ने अभ्यर्थियों और छात्रों के साथ संवाद की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही इस पहल के सार्थक परिणाम दिखेंगे। यह हमारी सरकार की सकारात्मक सोच और छात्रों के प्रति संवेदनशीलता का परिणाम है।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं अभ्यर्थियों से भी अपील करता हूं कि वे शांतिपूर्ण और रचनात्मक तरीके से अपनी बातों को सरकार के समक्ष रखें और किसी भी राजनीतिक व्यक्तियों के बहकावे में आने से बचें।



# अरविंद केजरीवाल ने शुरू की 'पुजारी एवं ग्रंथी सम्मान योजना'

> पुजारियों एवं ग्रंथियों को मिलेंगे हर महीने 18 हजार रुपये



नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले एक और बड़ी घोषणा की है।

उन्होंने इस घोषणा में दिल्ली के पुजारियों, गुरुद्वारे में ग्रंथियां की देखभाल करने वालों के लिए हर महीने 18000 रुपये उनके सम्मान में देने की घोषणा की है। 'पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना' शुरू करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मेरी की गई हर घोषणा को रोकने की बीजेपी ने कोशशि की है। अगर इसे भी रोकने की कोशिश करेंगे, तो उन्हें बहुत पाप मिलेगा। उन्होंने कहा कि वह 31 दिसंबर को कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जाकर वहां के पुजारियों का रजिस्ट्रेशन शुरू करेंगे। अरविंद केजरीवाल ने इस योजना की घोषणा करते हुए कहा कि यह योजना उन लोगों के लिए है, जिनका समाज में सबसे बड़ा योगदान रहता है, लेकिन आज तक समाज में उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया। किसी भी पार्टी और किसी सरकार ने भी उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि चाहे खुशी का मौका हो या गम का। चाहे घर में शादी हो, बच्चे का जन्मदिन हो या फिर किसी की मौत हो जाए, पुजारी हमारे साथ हमेशा खड़ा होता है। उन्होंने कहा कि पुजारी ने हमारे परंपराओं को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया है। लेकिन इसने कभी अपने परिवार की तरफ ध्यान नहीं दिया और हम लोगों ने भी उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हम मंदिरों में पूजा पाठ करने जाते हैं, लेकिन हमने कभी उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया।

अरविंद केजरीवाल ने अपनी घोषणा में कहा है कि इसे हम वेतन नहीं, इसे हम इनका सम्मान कहेंगे और इसके तहत लगभग 18000 रुपये हर महीने पुजारियों और ग्रंथियों को दिए जाएंगे। इसका रजिस्ट्रेशन कल से ही शुरू हो जाएगा, जो मैं अपनी मौजूदगी में कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पुजारी के पास जाकर करूंगा और चुनाव के बाद हमारी सरकार आते ही यह योजना लागू हो जाएगी।

# हरदीप पुरी बोले-एकता स्थल पर 2 स्मारक की जगह

> लेकिन कांग्रेस बड़ी जगह चाहती है, इसके लिए ट्रस्ट बनेगा, वाजपेयी के समय यही हुआ था



नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक को लेकर कांग्रेस, भाजपा और केंद्र सरकार के बीच विवाद अभी भी जारी है। कांग्रेस का आरोप है कि केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री के कद के मुताबिक उनके अंतिम संस्कार और स्मारक को लेकर जैसा सम्मान दिया जाना चाहिए वैसा नहीं किया।

गृह मंत्रालय, भाजपा अध्यक्ष और पार्टी के बड़े नेताओं के बाद रविवार को केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इस पर बयान दिया। पुरी ने कहा- डॉ. मनमोहन सिंह जी के स्मारक को लेकर कांग्रेस सरेआम झूठ फैला रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार को पत्र लिखकर एक स्पेशल मेमोरियल बनाने की मांग रखी। गृह मंत्रालय ने खड़गे की मांग मान ली। पुरी ने कहा-दिल्ली में एकता स्थल है। यहां 9 में से 7 स्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री और पूर्व राष्ट्रपति के स्मारक बन चुके हैं। स्मारक के लिए 2 जगह खाली है। कांग्रेस ने स्पेशल मेमोरियल बनाने की मांग की है। सरकार इसे मंजूर कर चुकी है, लेकिन इसकी प्रक्रिया में समय लगेगा। ट्रस्ट बनाना होगा, वही मेमोरियल बनाएगी। वाजपेयी जी के समय भी यही हुआ था।

**निधन के समय बारिश हो रही थी, स्मारक के लिए स्थान आवंटित होगा**

हरदीप पुरी ने कहा कि कांग्रेस का झूठ पकड़ा जाएगा। जब मनमोहन सिंह का निधन हुआ तब बहुत बारिश हो रही थी। अगले दिन भी बारिश हो रही थी। मौसम विभाग ने कहा 27 साल में दिसंबर में सबसे ज्यादा बारिश हुई। उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर पूरे राजकीय और सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। 1 जनवरी, 2025 तक सात दिनों का राजकीय शोक घोषित किया गया।

## खबरें जरा हटके

### उजाली दुनिया में दिखता है अंधेरा, लेकिन पानी में नजर आ जाते हैं शव या जीवित इंसान

**गजब है इस शख्स की कला**



समस्तीपुर के पटोरी प्रखंड क्षेत्र की चकसाहो पंचायत के भुल्लू साहनी एक प्रेरणास्त्रोत बन चुके हैं, जिन्होंने अपनी निडरता और साहस से समाज को यह सिखाया है कि शारीरिक विकलांगता कभी भी किसी इंसान की क्षमता और हिम्मत को सीमित नहीं कर सकती. भुल्लू साहनी, जो बचपन से ही आंखों से अंधे हैं, ने अपनी अद्भुत कला से 13 लोगों की जान बचाई है और 14 से अधिक शवों को पानी से बाहर निकाला है।

**गजब की है तैरने की कौशल**

भुल्लू साहनी का तैरने का कौशल समस्तीपुर जिले में बहुत प्रसिद्ध है. आंखों से अंधे होने के बावजूद, उनका पानी में तैरने का तरीका ऐसा है कि जब भी कोई दुर्घटना होती है, लोग तुरंत उन्हें ही खोजते हैं. भुल्लू साहनी का कहना है कि आंख से अंधा हूं तो क्या हुआ, हमारे पास जो हुनर है, वह योद्धा से कम नहीं है. उन्होंने यह साबित कर दिया है कि अगर किसी के पास आत्मविश्वास और कौशल हो, तो कोई भी शारीरिक बाधा उसे रोक नहीं सकती. उनका जीवन अन्य लोगों के लिए एक प्रेरणा है और यह दर्शाता है कि साहस और मेहनत से कोई भी कठिनाई पार की जा सकती है। समस्तीपुर जिले के दुम दुमा गांव के रहने वाले भुल्लू साहनी ने इस समाज में अपनी जगह बनाई है, जहां लोग उन्हें 'पानी के योद्धा' के नाम से जानते हैं. उनकी यह बहादुरी और कड़ी मेहनत न केवल उनके गांव, बल्कि समस्तीपुर जिले तक फैल चुकी है और उन्हें एक जीवित नायक के रूप में देखा जाता है. उनकी कहानी यह सिखाती है कि शारीरिक क्षमता के बजाय मानसिक और भावनात्मक दृढ़ता से इंसान किसी भी मुश्किल को पार कर सकता है। समस्तीपुर जिले के पटोरी प्रखंड क्षेत्र के चाकसाहो पंचायत निवासी कैलू साहनी के पुत्र भुल्लू साहनी ने लोकल 18 से बातचीत करते हुए अपनी जीवन यात्रा साझा की. उन्होंने बताया कि उनका घर नदी और तालाब के पास है और वे मलाह जाति से आते हैं. बचपन से ही वे तैराकी में माहिर थे, जो उनके पिता के साथ मछली पकड़ने के दौरान और भी बेहतर हो गई.

### स्कूटी चलाते हुए बेहोश हुआ शख्स, जब उतारा गया हेलमेट, नज़ारा देख उड़े लोगों के होश



सोशल मीडिया पर इस वक्त एक दिल दहला देने वाला वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे. आपने शायद ही कभी ऐसा नज़ारा देखा होगा, जब किसी के साथ बैठे-बैठे ऐसा हादसा हो जाए. यही वजह है कि कहा जाता है कि आपको हर वक्त सावधान रहने की आवश्यकता होती है, भले ही आप कहीं भी हों. दुर्घटना कहीं और कभी भी हो सकती है।

स्कूटी चलाते हुए एक शख्स अचानक से बेहोश हो जाता है. जैसे ही लोग उसे उतारकर उसके हेलमेट को खोलकर देखते हैं, तो अंदर का नजारा उन्हें हक्का-बक्का कर देता है. वे फटाफट उसे उठाकर अस्पताल ले जाने लगते हैं. आप भी इस पूरे वीडियो को देखेंगे तो खौफ में आ जाएंगे क्योंकि ये घटना किसी के साथ भी हो सकती है।

**हेलमेट में बैठी थी साक्षात मौत**

वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि एक स्कूटी सवार शख्स अचानक बेहोश हो जाता है. आसपास के लोग जब उसके हेलमेट के अंदर देखते हैं, तो उन्हें यहां पर एक बेबी कोबरा छिपा बैठा दिखता है. लोग सांप को देखकर लोग दंग रह जाते हैं और तुरंत ही मौके पर स्नेक हैंडलर्स को बुलाते हैं, जो बड़ी ही सावधानी से हेलमेट से सांप को बाहर निकाल देता है. अब ये वीडियो इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग हैरान हो रहे हैं.

### शाहजहां से कम नहीं बिहार का ये शख्स पत्नी थी भोलेबाबा की अनन्य भक्त

**अब उसकी याद में बनवा रहा ढाई करोड़ का मंदिर**



छपरा में एक ऐसे व्यक्ति भी हैं, जो अपने पत्नी की याद में 10 लाख-20 लाख नहीं, बल्कि ढाई करोड़ के लागत से भव्य मंदिर का निर्माण करवा रहे हैं. कहा जाता है कि शाहजहां अपनी पत्नी की याद में आगरा में ताजमहल बनवाए थे. लेकिन बिहार के छपरा में भी एक ऐसा व्यक्ति है, जो अपनी पत्नी की याद में ढाई करोड़ के लागत से भव्य मंदिर का निर्माण करवा रहे हैं. इसमें पूरे जिले के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और सहयोग भी कर रहे हैं. इस मंदिर का निर्माण जिले के मांझी प्रखंड अंतर्गत गोबराही गांव में किया जा रहा है।

**इस नाम से जाना जाएगा मंदिर**

कहा जा रहा है कि विजय सिंह अपनी पत्नी स्वर्गीय रेणु देवी की याद में इस मंदिर का निर्माण करवा रहे हैं. स्वर्गीय रेणु देवी बाबा भोलेनाथ की काफी पूजा अर्चना करती थी, जिनका स्वर्गवास हो जाने के बाद पति विजय सिंह ने छोटा मंदिर का निर्माण करवाने का कार्य शुरू किया. लेकिन जब लोगों का सहयोग मिलने लगा, तो इसे अब 2 करोड़ से अधिक के लागत से बनवाया जा रहा है. इस मंदिर का निर्माण शिव शक्ति धाम के नाम से किया जा रहा है. आने वाले दिन में नैनी द्वारकाधीश मंदिर के बाद यह स्थान पर्यटक स्थल के रूप में जाना जाएगा. इस मंदिर के निर्माण होने से हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा. अपना व्यवसाय खोलकर यहां सोग अच्छी कमाई कर सकते हैं।

सोनू सिंह कौशिक ने बताया कि इस मंदिर में मार्बल और ग्रेनाइट काफी हैवी क्वालिटी का लगाया जा रहा है. इस मंदिर का जो भी कारीगर निर्माण कर रहे हैं, वह सभी महाराष्ट्र से आए हुए हैं. इनके हाथों से मंदिर को एक आकर्षक आकार दिया जा रहा है. विजय सिंह की धर्मपत्नी स्वर्गीय रेणु देवी शंकर भगवान की बहुत पूजा करती थी, जिनका शिवरात्रि के दिन ही स्वर्गवास हो गया. उसी दिन विजय सिंह ने अपने गांव में ही उनके नाम पर छोटा मंदिर बनाने का वचन दिया.

### शराब पीकर गाड़ी चलाई तो 35 हजार का जुर्माना और जेल

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। नए वर्ष के स्वागत के लिए पूर्व संध्या पर जश्न का आनंद उठाना चाहते हैं या फिर 35 हजार रुपये के जुर्माने के साथ जेल। यह खुद लोगों को तय करना है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने व शरारत करने वालों को पकड़ने के लिए कड़े इंतजाम किए हैं।

स्थानीय पुलिस के अलावा पीसीआर यूनिट के पुलिसकर्मी भी तैनात होंगे। ट्रैफिक पुलिस की नई दिल्ली रेंज के पुलिस उपायुक्त ढाल सिंह ने बताया कि नए साल की पूर्व संध्या पर जश्न के लिए काफी संख्या में लोगों के नई दिल्ली के कनॉट प्लेस व इंडिया गेट आदि स्थानों पर आने की संभावना है। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं।

# 'डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक'

## छात्रों पर लाठीचार्ज को लेकर बोलीं प्रियंका



नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, पेपर लीक रोकना सरकार का काम है। लेकिन भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है।' कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे प्रदर्शनकाारियों पर लाठीचार्ज को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला।

वायनाड से सांसद प्रियंका ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है। दरअसल, बीपीएससी की 13 दिसंबर को हुई परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर पटना में विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने रविवार को पानी की बौछार की और हल्का बल भी प्रयोग किया। इसके साथ ही जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी के अध्यक्ष समेत 600-700 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'बिहार में तीन दिन के अंदर दूसरी बार छात्रों पर अत्याचार किया गया। परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, धांधली, पेपर लीक रोकना सरकार का काम है। लेकिन भ्रष्टाचार रोकने की जगह छात्रों को आवाज उठाने से रोका जा रहा है।' उन्होंने कहा कि इस कड़ाके की ठंड में युवाओं पर पानी की बौछार और लाठी चार्ज करना अमानवीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का डबल इंजन युवाओं पर डबल अत्याचार का प्रतीक बन गया है।

**कैसे शुरू हुआ विवाद?**

बीपीएससी की संयुक्त प्राथमिक परीक्षा 13 दिसंबर 2024 को आयोजित हुई। इस परीक्षा का विज्ञापन सितंबर 2024 को जारी हुआ था और परीक्षा में 4,83,000 उम्मीदवारों ने आवेदन किया, जिनमें से 3,25,000 उम्मीदवारों ने परीक्षा दी। यह परीक्षा बिहार लोकसेवा आयोग के तहत 2031 पदों पर भर्तियों के लिए हुई, जिनमें 200 पद एसडीएम, 136 पद डीएसपी और अन्य गजेटेड अधिकारियों के पद शामिल हैं। हालांकि परीक्षा होने से पहले 6 दिसंबर को परीक्षा को लेकर विवाद शुरू हो गया। यह विवाद परीक्षा के सामान्यीकरण को लेकर हुआ।

**छात्रों ने क्या आरोप लगाए?**

छात्रों ने आरोप लगाया कि बिहार लोकसेवा आयोग परीक्षा में सामान्यीकरण प्रक्रिया को लागू कर सकता है। हालांकि, बीपीएससी ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। बीपीएससी ने इन्हें सिर्फ अफवाह करार दिया। जब परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की संख्या बहुत ज्यादा होती है तो दो या उससे अधिक पालियों में परीक्षा कराई जाती है।

# मालेगांव पूरे हिंदुस्तान में एक वोट जिहाद का केंद्र बन चुका है : किरीट सोमैया



नासिक, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने सोमवार को मालेगांव में कहा कि मालेगांव हिंदुस्तान में एक वोट जिहाद का केंद्र बन चुका है। इसके अलावा उन्होंने महादेव बेटिंग ऐप पर भी बयान दिया है। किरीट सोमैया मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में कहा कि मालेगांव पूरे हिंदुस्तान में एक वोट जिहाद का केंद्र बन चुका है। वोट जिहाद का पैसा यहां से देशभर में जाता है। भाजपा नेता ने दावा किया कि दूसरी बात का मैं आज खुलासा करने वाला हूं। मेरे पास इसकी जानकारी है, सबूत हैं।

उन्होंने कहा कि मालेगांव रोहिंग्या मुस्लिमों का एक आश्रय स्थान बनता जा रहा है। इस संदर्भ में मैं आज जिलाधिकारी, तहसीलदार, महापालिका आयुक्त से बात करूंगा। इसके बाद आज ही मैं इस संबंध में दस्तावेज देश के सामने रहूंगा। महादेव बेटिंग ऐप घोटाले को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि महादेव बेटिंग ऐप बहुत बड़ा घोटाला है। इसमें कुछ सामान्य लोगों को भी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस घोटाले में कुछ बड़े भ्रष्ट अधिकारी, राजनेता, गैंगस्टर और ड्रग माफिया भी शामिल हैं, जो ब्लैक मनी को व्हाइट करने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग और अन्य अपराधों के लिए महादेव का उपयोग कर रहे हैं। इसके ऊपर हमारा पूरा ध्यान है। बता दें कि रविवार को भाजपा नेता किरीट सोमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, मैं वोट जिहाद पार्ट 2 का पर्दाफाश करने के लिए कल (सोमवार को) मालेगांव जाऊंगा।

### सिजोफ्रेनिया से पीड़ित शख्स ने कब्रिस्तान की देखरेख करने वाले की गला रेतकर हत्या की

नागपुर , 30 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में सिजोफ्रेनिया से पीड़ित एक व्यक्ति ने कब्रिस्तान के रखवाले 67 वर्षीय व्यक्ति की गला रेतकर कथित तौर पर हत्या कर दी। यह घटना रविवार दोपहर को जरीपटका पुलिस स्टेशन की सीमा के मेकोसाबाग इलाके में हुई, जिसके बाद 39 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने कहा कि हत्या के पीछे का मकसद अभी पता नहीं चल पाया है। मृतक आरोपी के पिता का करीबी दोस्त था। आरोपी की पहचान अनोन मिथिला प्यारेजी के रूप में हुई है, जो मोटरसाइकिल से कब्रिस्तान पहुंचा था।

### स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के खाते से कंप्यूटर ऑपरेटर ने निकाले 21.59 करोड़

**अंदरूनी सांठगांठ का आरोप**

संभाजीनगर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एक कंप्यूटर ऑपरेटर ने सरकारी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के बैंक खाते से 21.59 करोड़ रुपये निकाल लिए। आरोपी ने 11 महीने में धीरे-धीरे करके खाते से रकम निकाली। मामले में पुलिस ने आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी फरार है। वहीं आरोपी ने पुलिस को एक पत्र भेजकर धन की हेराफेरी में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स समिति के वरिष्ठ अधिकारियों की मिलीभगत का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि सरकारी स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स कार्यालय में संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर हर्षकुमार क्षीरसागर पर आरोप है कि उसने स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के बैंक खाते से 11 महीने में 21.59 करोड़ रुपये निकाले। पुलिस ने बताया कि आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर ने बैंक में पंजीकृत स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स समिति के खाते का ई-मेल एड्रेस बदलवाया। उसने समिति के बैंक खाते को दूसरे ई-मेल एड्रेस से जोड़ दिया। इसके बाद आरोपी की ओर से दिए गए ई-मेल एड्रेस पर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स समिति के खाते का विवरण आने लगा। इसके बाद आरोपी ने स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के बैंक खाते से 21.59 करोड़ रुपये दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दिए और फिर पैसे निकाल लिए।

# हिमाचल में ढाई फीट बर्फ, 340 सड़कें बंद

## उत्तराखंड में एवलांच का अलर्ट; कश्मीर में फंसे पर्यटकों के लिए मस्जिद-घर खोले



श्रीनगर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार बर्फबारी हो रही है। हिमाचल में 340 सड़कों पर आवाजाही बंद हो गई है। छितकुल में ढाई फीट से भी ज्यादा बर्फ पड़ी है, जिससे कई टूरिस्ट फंस गए हैं। कश्मीर में बर्फबारी के चलते श्रीनगर-लेह रोड बंद है। कश्मीर यूनिवर्सिटी के एग्जाम रद्द किए गए हैं। करीब 1800 गाड़ियां फंसी हुई हैं। गांदरबल, सोनमर्ग, पहलगाम, गुंड, बारामूला समेत कई जगहों पर तापमान माइनस 10 से 22 डिग्री तक पहुंचा। यहां पर एक फीट तक बर्फबारी भी हुई, जिससे करीब 2 हजार पर्यटक अलग-अलग जगहों पर फंस गए। स्थानीय कश्मीरियों ने घर और मस्जिद के दरवाजे खोले। इन्हें रुकने की जगह दी, कंबल रजाई के साथ खाने-पीने का गर्म सामान भी दिया। उत्तराखंड के चमोली जिले में अगले 24 घंटों में 3 हजार मीटर से ज्यादा की ऊंचाई पर एवलांच (बर्फ ढहना) का ऑरेंज अलर्ट है। बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पांडुकेश्वर-बद्रीनाथ के बीच बर्फबारी के कारण बंद है।

### धामी ने की मेजर जनरल मनोज तिवारी से मुलाकात अग्निवीर भर्ती को लेकर दी बड़ी जानकारियां

देहरादून, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में मेजर जनरल मनोज तिवारी ने भेंट की। उन्होंने कहा कि अग्निवीर भर्ती में उत्तराखंड से 4500 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। 2000 रिक्त पदों पर भी जल्द भर्ती की जाएगी।

मेजर जनरल मनोज तिवारी ने कहा कि आने वाली भर्तियों में भी राज्य से अधिक से अधिक युवा प्रतिभाग कर सकें, इसके लिए राज्य और जनपद स्तरों पर कैंप लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड सैनिक बहुल प्रदेश है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में होने वाली भर्तियों में सेना को पूरा प्रशासनिक सहयोग दिया जाएगा। सेना द्वारा राज्य में जो कैंप लगाए जाएंगे, उसमें राज्य सरकार द्वारा हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

### 'केरल मिनी पाकिस्तान है' वाले बयान पर फंसे नीतेश राणे

मुंबई महाराष्ट्र के मत्स्य पालन मंत्री नितेश राणे एक बार फिर सुर्खियों में आ गए हैं। उन्होंने केरल की तुलना पाकिस्तान से की, जिससे सियासी बवाल मच गया। हालांकि, बढ़ते मामले को देखते हुए सोमवार को भाजपा नेता ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि केरल भारत का हिस्सा है। उन्होंने पाकिस्तान से केवल केरल में हो रहे घटनाक्रमों के संदर्भ में तुलना की थी।

मंत्री नितेश राणे ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा था कि वो मुस्लिमों की वजह से वयनाड से चुनाव जीत पाते हैं। उन्होंने कहा है कि केरल मिनी पाकिस्तान है, इसलिए राहुल और उनकी बहन प्रियंका जीतकर आते हैं, सांसद बनने के लिए ऐसे ही लोग उनको वोट देते हैं। राणे ने यह टिप्पणी पुणे में एक कार्यक्रम के दौरान रविवार को की थी। राणे ने मामले में सफाई देते हुए कहा कि हमारा देश एक हिंदू राष्ट्र बने, यही हमारी इच्छा है।

हिंदुओं को हर संभव तरीके से सुरक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, 'केरल भारत का हिस्सा है, लेकिन वहां हिंदू आबादी का घटना एक चिंता का विषय है।

# ठेकेदार आत्महत्या मामले की सीआईडी करेगी जांच, गृह मंत्री परमेश्वर ने किया एलान



बैंगलूर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक सरकार ने ठेकेदार आत्महत्या मामले को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंप दिया है। गृह मंत्री जी परमेश्वर ने सोमवार को इसका एलान किया। परमेश्वर ने संवाददाताओं से कहा, भाजपा ने इस मामले में ग्रामीण विकास व पंचायत राज मंत्री प्रियांक खड़गे के खिलाफ आरोप लगाए हैं। हमने मामला सीआईडी को सौंप दिया है। सिविल ठेकेदार सचिन पंचाल ने 26 दिसंबर को बीदर जिले में चलती ट्रेन के आगे लेटकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। अपने सुसाइड नोट में उन्होंने प्रियांक खड़गे के करीबी सहयोगी राजू कपनूर पर उन्हें यह कठोर कदम उठाने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया।

उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें कपनुर को एक करोड़ रुपये देने के लिए मौत की धमकियां मिल रही थीं, हालांकि कपनुर ने आरोपों को खारिज कर दिया। प्रियांक खड़गे ने भी कहा कि इस मामले में उनकी कोई भूमिका नहीं है क्योंकि सुसाइड नोट में उनका नाम नहीं है। उन्होंने सच सामने लाने के लिए मामले की जांच की भी मांग की है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

मंगलवार, 31 दिसंबर, 2024 3

सुविचार
उपलब्धि मिलते ही अंकहर होना तय है, श्रेष्ठ वही है जो अहंकार को अपने काबू में रखें.!

## मुख्यमंत्री ने माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष सत्य नडेला से मुलाकात की



मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी सीएस शांतिकुमारी और श्रीधर बाबू ने आज हैदराबाद में माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला से मुलाकात की।

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने आईटी और उद्योग मंत्री डी. श्रीधर बाबू, सिंचाई और नागरिक आपूर्ति मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी, मुख्य सचिव शांति कुमारी, विशेष मुख्य सचिव आईटी और उद्योग जयेश रंजन और मुख्यमंत्री के विशेष सचिव अजित रेड्डी के साथ हैदराबाद में माइक्रोसॉफ्ट कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष सत्य नडेला से मुलाकात की। माइक्रोसॉफ्ट हैदराबाद की सबसे पुरानी प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक है और पिछले कुछ वर्षों में इसकी संख्या 10,000 तक पहुंच गई है। इसने राज्य में 600 मेगावाट की डेटा सेंटर क्षमता में भी निवेश किया है। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शहर और राज्य में माइक्रोसॉफ्ट के कारोबार के नियमित निवेश और विकास के लिए नडेला को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और आईटी मंत्री ने एआई, जनरल एआई, क्लाउड सहित राज्य द्वारा ध्यान केंद्रित की जा रही विभिन्न प्रौद्योगिकी अनिवार्यताओं पर चर्चा की और मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट का समर्थन मांगा ताकि हैदराबाद को प्रौद्योगिकी क्षेत्र में दुनिया का अग्रणी शहर माना जा सके। मुख्यमंत्री ने राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अपनी योजनाओं के बारे में भी बताया, जिसमें क्षेत्रीय रिंग रोड, रेडियल रोड, फ्यूचर सिटी, नए विनिर्माण क्लस्टरों के विकास शामिल है, और कैसे सरकार यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी जैसे संस्थानों के माध्यम से उद्योग के लिए तैयार प्रतिभाओं का एक विशाल पूल बनाने का प्रस्ताव कर रही है। सत्य नडेला ने राज्य सरकार के सभी पहलों में उसके साथ भागीदारी करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट की प्रतिबद्धता दोहराई।

उन्होंने कौशल बढ़ाने और बुनियादी ढांचे को अगले स्तर तक सुधारने के मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण की सराहना की, और कहा कि केवल ये दोनों ही हैदराबाद को आर्थिक विकास के लिए दुनिया के शीर्ष 50 शहरों में स्थान दिला सकते हैं।

## 500 रुपये को लेकर हुए झगड़े में मजदूर की हत्या

हैदराबाद, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। राजेंद्रनगर में रविवार रात 500 रुपये को लेकर हुए विवाद में एक मजदूर की मौत हो गई। मृतक श्रीनिवास ठेकेदार साई के यहां मजदूरी करता था।

रिपोर्टों के अनुसार, श्रीनिवास द्वारा साई से 500 रुपए मांगे जाने पर दोनों के बीच बहस हो गई। उन्होंने एक दूसरे पर हमला किया, जिसके दौरान साई ने एक पत्थर उठाया और श्रीनिवास के सिर पर वार किया जिससे वह घायल हो गया। घायल को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। राजेंद्रनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## धमकाने की रणनीति काम नहीं करेगी : केटीआर

हैदराबाद, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के टी रामा राव ने कहा कि उन्हें फॉर्मूला-ई मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से सम्मन मिला है। उन्होंने मामले में एजेंसी की असामान्य आक्रामकता पर सवाल उठाया। उन्होंने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि अन्य मामलों के विपरीत, इस मामले में ईडी आक्रामक है। मैंने उच्च न्यायालय में एक रद्द करने की याचिका दायर की है और मुझे कानूनी प्रक्रिया पर भरोसा है। हम परिणाम के आधार पर आगे का निर्णय लेंगे।

फॉर्मूला-ई रेस मामले में अपने खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को खारिज करते हुए रामा राव ने उन्हें राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने



कहा कि कांग्रेस सरकार उन्हें निशाना बनाने के लिए एसीबी जैसी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, जबकि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के कोई ठोस सबूत पेश करने में विफल रही है। उन्होंने सवाल किया कि अगर फॉर्मूला-ई रेस आयोजकों ने वास्तव में अनुचित लाभ प्राप्त किया था, जैसा कि सरकार ने आरोप लगाया है, तो उनके खिलाफ कोई मामला क्यों नहीं दर्ज किया गया।

उन्होंने कहा कि मुझे या समझौते पर हस्ताक्षर करने वालों को अनुचित लाभ कहां से मिला? संदेह के आधार पर कोई मामला नहीं बनता - केवल सबूतों के आधार पर ही मुकदमा चलाया जा सकता है। पूर्व नगर प्रशासन मंत्री ने दोहराया कि वह मंत्री के तौर पर लिए गए हर फैसले पर कायम हैं, जो राज्य के हित में थे। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी भी प्रक्रियागत चूक के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, उन्होंने कहा कि वह कानूनी तौर पर किसी भी आरोप का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और सत्तारूढ़ पार्टी की धमकाने वाली रणनीति के आगे नहीं झुकेंगे।

## मुख्यमंत्री रेवंत ने तीन हजार अनुबंध आवासीय शिक्षकों की सेवा बढ़ाई

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार ने आदिवासी कल्याण विभाग के शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत 3,000 अनुबंध आवासीय शिक्षकों (सीआरटी) की सेवा का नवीनीकरण किया है। पिछले कुछ समय से नवीनीकरण से संबंधित फाइल लंबित होने के कारण, पंचायत राज, ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री सीतक्का ने विशेष पहल करते हुए सोमवार को विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी से उनके कक्ष में मुलाकात की और मामले को उनके संज्ञान में लाया। आदिवासी छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए, मुख्यमंत्री ने तुरंत सीआरटी नवीनीकरण फाइल पर हस्ताक्षर किए। मंत्री सीतक्का ने खुशी व्यक्त करते हुए आदिवासी कल्याण विभाग के शैक्षणिक संस्थानों में 3,000 अनुबंध आवासीय शिक्षकों की सेवा का नवीनीकरण करने के लिए रेवंत रेड्डी को धन्यवाद दिया।

## नए साल के जश्न के लिए बढ़ा दिया गया हैदराबाद मेट्रो का परिचालन



हैदराबाद, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। नए साल के जश्न को सुविधाजनक बनाने और यात्रियों के लिए सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए, हैदराबाद मेट्रो रेल नए साल की पूर्व संध्या, मंगलवार रात को विस्तारित समय तक संचालित होगी। एचएमआरएल के एमडी एनवीएस रेड्डी ने सोमवार को कहा कि आखिरी मेट्रो ट्रेन सभी टर्मिनल स्टेशनों से रात 12:30 बजे रवाना होगी और 1 जनवरी, 2025 को लगभग 1:15 बजे अपने संबंधित अंतिम बिंदु पर पहुंच जाएगी, जिससे यात्रियों को देर रात सुरक्षित और सुविधाजनक कनेक्टिविटी मिलेगी।

## नए साल के जश्न के मद्देनजर बंद रहेंगे फ्लाईओवर

हैदराबाद, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में नए साल के जश्न के मद्देनजर मंगलवार, 31 दिसंबर को रात 10 बजे से बुधवार, 1 जनवरी, 2025 को सुबह 2 बजे तक पीवीएनआर एक्सप्रेसवे को छोड़कर शहर के सभी फ्लाईओवर यातायात के लिए बंद रहेंगे।

आरजीआई एयरपोर्ट, शमशाबाद जाने वाले यात्रियों को वैध फ्लाइट टिकट दिखाने के बाद ही पीवीएनआर एक्सप्रेसवे पर जाने की अनुमति दी जाएगी। इसी तरह, हुसैन सागर के आसपास वाहनों पर कुछ यातायात प्रतिबंध लागू रहेंगे।

मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात को एनटीआर मार्ग,



पीवीएनआर मार्ग और अपर टैंक बंड पर वाहनों को जाने की अनुमति नहीं होगी।

**यातायात भीड़भाड़ वाले स्थान**

वी.वी. प्रतिमा (खैराताबाद) से खैराताबाद फ्लाईओवर होते हुए नेकलेस रोड और एन.टी.आर. मार्ग की ओर।

बीआरके भवन एनटीआर मार्ग की ओर - तेलुगु तल्ली जंक्शन - इकबाल मीनार, लकड़ी-का-पुल और अयोध्या जंक्शन।

अपर टैंक बांध की ओर लिबर्टी जंक्शन - इकबाल मीनार - रवींद्र भारती - खैराताबाद बाजार - नेकलेस रोटरी - खैराताबाद (बड़ा गणेश) - संसेशन थिएटर - राजदूत लेन।

सचिवालय से सटे मिंट कम्पाउंड लेन को बंद कर दिया जाएगा।

नल्लागुट्टा रेलवे ब्रिज - संजीवैया पार्क और पीवीएनआर मार्ग - रानीगंज - मिनिस्टर रोड - कावडीगुडा 'एक्स' रोड की ओर सेलिंग क्लब - लोअर टैंक बंड - कट्टामैसम्मा मंदिर - अशोक नगर - आरटीसी 'एक्स' रोड।

इस दौरान भारी वाहनों को शहर की सीमा में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

हैदराबाद पुलिस ने कहा कि ट्रैफिक पुलिस के जवान शराब पीकर गाड़ी चलाने और अन्य ट्रैफिक उल्लंघनों पर लगाम लगाने के लिए व्यापक जांच करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि उल्लंघन करने वालों पर मामला दर्ज किया जाएगा और उनसे सख्ती से निपटा जाएगा।

## पारदर्शिता और विश्वास बढ़ाएंगे बॉडी-वॉर्न कैमरे



हैदराबाद, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा के पुलिस आयुक्त जी सुधीर बाबू ने सोमवार को यातायात पुलिस अधिकारियों को 50 बॉडी वॉर्न कैमरे वितरित किए। ड्यूटी के दौरान अधिकारी कैमरे पहनेंगे और जनता के साथ उनकी बातचीत और घटनाओं को रिकॉर्ड करने में मदद करेंगे। इसका उद्देश्य पारदर्शिता और जवाबदेही बनाए रखना, अधिकारियों के आचरण में सुधार, जनता का विश्वास बढ़ाना और सटीक साक्ष्य संग्रह करना है। जी सुधीर बाबू ने कहा कि हमारा मानना है कि बॉडी वॉर्न कैमरों के आने से न केवल हमारे अधिकारियों की व्यावसायिकता बढ़ेगी, बल्कि हमारे विभाग के प्रति जनता का विश्वास भी बढ़ेगा।

## आसिफाबाद में बाघ की आवाजाही से दहशत

कुमराम भीम आसिफाबाद, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। पेंचिकलपेट मंडल के कोंडापल्ली गांव में सोमवार को एक सिंचाई टैंक के पास बाघ की गतिविधि से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। कपास की फसल की कटाई कर रहे कुछ स्थानीय किसानों ने तालाब के पास बाघ के पैरों के निशान देखे और गांव के निवासियों को इसकी सूचना दी। उन्होंने बताया कि उन्होंने मोबाइल फोन से बाघ के पैरों के निशान रिकॉर्ड किए और वन अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बाघ की हरकत के बाद अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई और कहा कि वे डर के साये में जी रहे हैं। वन अधिकारियों ने कहा कि वे बाघ की गतिविधियों पर नजर रख रहे हैं। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र का एक बाघ पेंचिकलपेट रेंज के जंगलों में अपने इलाके की तलाश में घूम रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे जंगली जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान पहुँचाने से रोकने के लिए बिजली से चलने वाली बाड़ न लगाएँ, क्योंकि इससे बाघों की जान को खतरा हो सकता है। उन्होंने ग्रामीणों से बाघ से अचानक टकराव से बचने को कहा। उन्होंने निवासियों से कहा कि वे जलाऊ लकड़ी, मवेशियों के चरने और अन्य जरूरतों के लिए जंगलों पर निर्भर न रहें। उन्होंने किसानों को सुबह 10 बजे के बाद खेतों में प्रवेश करने और सुबह 4 बजे से पहले खेतों को छोड़ने का सुझाव दिया। उन्होंने कपास उत्पादकों से अनुरोध किया कि वे समूहों में चलें और कपास की कटाई करते समय शोर मचाएं।

## दमरे महाप्रबंधक ने सुरक्षा समीक्षा बैठक की

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण मध्य रेलवे महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने सुरक्षा समीक्षा बैठक की। यह बैठक सोमवार को रेल निलयम, सिकंदराबाद में एससीआर क्षेत्राधिकार पर ट्रेनों की सुरक्षा और समय की पाबंदी पर आयोजित की गई।



बैठक में एससीआर के अतिरिक्त महाप्रबंधक नीरज अग्रवाल ने भी सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ भाग लिया। सभी छह डिवीजनों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए समीक्षा बैठक में शामिल हुए। महाप्रबंधक ने जोन में ट्रेन संचालन की सुरक्षा पर विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सुरक्षा संबंधी परिसंपत्तियों और स्टेशन परिसंपत्तियों आदि के कामकाज पर ध्यान केंद्रित करते हुए क्षेत्रीय निरीक्षण तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने यार्ड शंटिंग में पालन किए जाने वाले सुरक्षा निर्देशों पर भी चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक लोको पायलट/शंटर को ट्रेन संचालन में जाने से पहले ब्रेक पावर टेस्ट अवश्य करवाना चाहिए। महाप्रबंधक ने लोको पायलट, सहायक लोको पायलट जैसे कर्मचारियों और ट्रेन संचालन के कामकाज में शामिल कर्मचारियों की नियमित काउंसलिंग की सलाह दी।

अधिकारियों ने महाप्रबंधक को जोन में सुरक्षा संबंधी स्टॉक जैसे धुआं पता लगाने वाले उपकरण, अग्निशमन यंत्र आदि की उपलब्धता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को असामान्य जरूरतों को पूरा करने के लिए डिपो में पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश दिए। श्री अरुण कुमार जैन ने अधिकारियों को यार्ड और साइडिंग में ट्रेनों के संचालन को बेहतर बनाने के लिए लगातार निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि ट्रेनों की समयबद्धता प्रभावित न हो।

उन्होंने रेलवे बोर्ड की सुरक्षा दिशा-निर्देशों और सलाह के कार्यान्वयन पर भी चर्चा की और जोन में बोर्ड के निर्देशों का सख्ती से पालन करने पर जोर दिया।

## सीमित चार्जिंग स्टेशनों से जूझ रहे ई-वाहन मालिक

### बेहतर बुनियादी ढांचे की मांग



हैदराबाद, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार, जो अभी भी प्रारंभिक अवस्था में है, चुनौतियों का सामना कर रहा है जो मालिक की संतुष्टि और समग्र उपयोगकर्ता अनुभव को प्रभावित कर रहे हैं, विशेष रूप से चार्जिंग स्टेशनों की पहुंच। हैदराबाद शहर में ईवी चार्जिंग स्टेशनों की गैर-दृश्यता और पहुंच पर ईवी कार मालिक अपनी निराशा व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक सुरक्षित और कार्यात्मक चार्जिंग स्टेशन ढूंढना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है, भले ही अधिकांश चालक अपनी अंतर-शहर यात्रा को 50 किलोमीटर से कम तक सीमित रखते हैं। ईवी फोर व्हीलर के अधिकांश उपयोगकर्ता हमारे वर्तमान वाहन पारिस्थितिकी तंत्र में अंतर्निहित एक मजबूत और स्मार्ट ईवी चार्जिंग बुनियादी ढांचे के निर्माण की आवश्यकता व्यक्त करते हैं ताकि उन्हें उन्हें खोजने में समस्याओं का सामना न करना पड़े।

वर्तमान में, हैदराबाद में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर अपने शुरुआती चरण में है। अधिकांश चार्जिंग स्टेशन पारंपरिक ईंधन पंपों, मॉल पार्किंग, होटल परिसर या कॉर्पोरेट पार्कों के अंदर स्थित हैं। हैदराबाद में इलेक्ट्रिक कारों को चार्ज करने के लिए लगभग 190 ईवी चार्जिंग स्टेशन हैं। एक ईवी कार मालिक ने सुझाव दिया कि चार्जिंग स्टेशनों के विशाल नेटवर्क की तत्काल आवश्यकता है, ठीक उसी तरह जैसे ईंधन पंप अब हमारे सड़क नेटवर्क पर आम दृश्य बन गए हैं। वास्तव में, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों को नियमित पार्किंग स्थल की तुलना में अधिक आम और सुलभ होना चाहिए।

इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकर्ता सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों पर सेवा शुल्क के रूप में 12.06 रुपये प्रति किलोवाट घंटा का भुगतान करके अपने वाहनों को चार्ज कर सकते हैं, जो राज्य या केंद्रीय सब्सिडी के तहत स्थापित इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने के लिए अधिकतम सेवा लागत है। घर पर चार्ज करने वाले लोग घरेलू शुल्क का भुगतान कर रहे हैं, हालांकि कई ऐसे भी हैं जिन्होंने ईवी चार्ज करने के लिए अलग से मीटर लगाया है।

अनुमान है कि अगर दो पहिया वाहन को घर पर चार्ज किया जाए तो घरेलू बिल में 300 से 400 रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा। इसी तरह चार पहिया वाहन मालिक को वाहन चार्ज करने के लिए हर महीने 2,500 से 3,000 रुपये अतिरिक्त देने पड़ सकते हैं।

## फार्महाउस के पास तेंदुए ने कुत्ते को मार डाला



जगतियाल, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। मेटपल्ली मंडल के रंगरावपेट के बाहरी इलाके में एक फार्महाउस के पास एक तेंदुए ने एक कुत्ते को मार डाला। सोमवार की सुबह ग्रामीण रमेश को कुत्ते का शव मिला, जिसके बाद उसने वन अधिकारियों को इसकी सूचना दी। वन क्षेत्राधिकारी सैयद सत्तार ने मौके पर जाकर पग चिन्हों की जांच की तथा आसपास के गांवों के लोगों को सतर्क रहने तथा अकेले खेतों में न जाने की सलाह दी।

## टॉमकॉम ने विदेशों में चिकित्सा नौकरियों के लिए आयोजित किए साक्षात्कार

हैदराबाद, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। श्रम, रोजगार, प्रशिक्षण और कारखानों विभाग के तहत पंजीकृत भर्ती एजेंसी तेलंगाना ओवरसीज मैनपावर कंपनी लिमिटेड (टॉमकॉम) वर्ष 2025-26 के लिए यूके, यूएई और सऊदी अरब के लिए योग्य चिकित्सकों की भर्ती के लिए साक्षात्कार आयोजित कर रही है। यू.के. के डॉक्टरों के लिए पात्रता मानदंड में एमबीबीएस या समकक्ष चिकित्सा योग्यता, यू.के. में लाइसेंस के साथ पूर्ण जी.एम.सी. पंजीकरण शामिल है। सलाहकार की भूमिका के लिए प्रति वर्ष पारिश्रमिक 1.1 करोड़ रुपये से 1.5 करोड़ रुपये है और विशेषज्ञ डॉक्टर के लिए 1 करोड़ रुपये से 1.1 करोड़ रुपये है।

टॉमकॉम संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब में विशेषज्ञ और परामर्शदाता चिकित्सकों की भी भर्ती कर रहा है। विशेषज्ञों के लिए पात्रता मानदंड में प्रासंगिक विशेषता में एमबीबीएस, एमडी/एमएस/डीएनबी शामिल है, साथ ही विशेषज्ञता के बाद न्यूनतम 2 से 3 साल का नैदानिक अनुभव होना चाहिए। परामर्शदाता के लिए पात्रता एमबीबीएस/एमडी/एमएस/डीएनबी है, साथ ही विशेषज्ञता के बाद न्यूनतम 8 से 10 साल का नैदानिक अनुभव होना चाहिए। विशेषज्ञों के लिए मासिक पारिश्रमिक 5 से 11 लाख रुपये और परामर्शदाताओं के लिए 11 से 18 लाख रुपये है।

## प्रजावाणी शिकायतों का तुरंत जवाब दें और उनका तुरंत समाधान करें: अपर कलेक्टर

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मेडचल-मलकाजगिरी जिला अतिरिक्त कलेक्टर विजयेंद्र रेड्डी ने कहा कि जन समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आयोजित "प्रजावाणी" कार्यक्रम में संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल जवाब देना चाहिए और उनका तुरंत समाधान करना चाहिए। आज उन्होंने प्रभारी डीआरओ शंकर कुमार के साथ जिले के विभिन्न हिस्सों से शिकायतकर्ताओं की समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए। अतिरिक्त कलेक्टर विजयेंद्र रेड्डी ने बताया कि आज मेडचल मलकाजगिरी जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित "प्रजावाणी" कार्यक्रम में 123 शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने जिला केंद्र में संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके द्वारा प्राप्त आवेदनों की जांच करने और तत्काल कार्रवाई करने की सलाह दी। विजयेंद्र रेड्डी ने सुझाव दिया कि लोगों की शिकायतों पर की गई कार्रवाई को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे "प्रजावाणी" कार्यक्रम के तहत प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता दें तथा शिकायतों का त्वरित समाधान करें, तथा नियमित समीक्षा करें तथा आवेदनों को लंबित न रखते हुए समस्याओं का समाधान करें।

**PUBLIC NOTICE**

Public in general is hereby inform that my client Sri. Pankaj Sankhla, S/o. Roop Karan Sankhla, aged about 39 years, Occupation: Business, R/o: Plot No. 178, Samudra Residency ,Flat No. 101 & 102, Shahstripuram Mailardevpalli, K.V. Ranga Reddy, T.S. is hereby intending to purchase All that the plot bearing No. 218, in survey No. 160, 162, 163/1, 164 and 165/1, admeasuring 1000 square yards or 836 Square Meters, situated at Mailardevpally Village, Rajendernagar Municipality, Ranga Reddy District and bounded as follows: North: 30' wide Road, South: Plot No. 219, East: Plot No. 201, West: Plot No. 229. That any person/s having any objections or claiming their right in and over the above said Property may contact the above mentioned address within three days from the date of this Publication. Otherwise my client will proceed with the registration of the sale deed of the above said property as if there are no objections.

DINEH JAISWAL,
VIKAS RAJ JAISWAL, Advocates,
D.No. 14-8-21 to 23, Chudi Bazar, Begum Bazar, Hyderabad-500012.
Mobile: 9390999295, 93463 08568.



## संभल बवाल में खुलासा

# दाऊद गैंग और पाकिस्तान के लिए काम करता है शारिक

## > वाहन चोरी-नकली नोटों से भी जुड़ा गिरोह




संभल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। संभल की जामा मस्जिद सर्वे के दौरान 24 नवंबर को हुए बवाल की साजिश शारिक साटा ने रची थी और उसी गिरोह के सदस्यों ने बवाल में विदेशी कारतूस का इस्तेमाल किया। इस शक की बुनियाद पर एसआईटी छानबीन कर रही है। साटा गिरोह के सदस्यों की तलाश की जा रही है। एसपी का कहना है कि शारिक साटा पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और दाऊद इब्राहिम गैंग के लिए दुबई में रहकर काम करता है। इसके प्रमाण मिले हैं।

बवाल में शारिक साटा की साजिश और विदेशी कारतूस संभल पहुंचाने का माध्यम तलाश किया जा रहा है। इसके लिए उसकी गिरोह के सदस्यों की कुंडली खंगाली जा रही है। एसपी ने बताया कि शारिक साटा गिरोह वाहन चोरी और नकली नोटों का काम करता है। वर्ष 2021 में दिल्ली में इस गिरोह के दो सदस्य दिल्ली की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किए थे। उनके कब्जे से चार लाख रुपये बरामद किए गए थे। दोनों सदस्य संभल के थे और उन्होंने पूछताछ में कबूल किया था कि शारिक साटा आईएसआई के द्वारा दिए गए नकली नोट भारत भेजता है। उनकी खपत देश के अलग-अलग हिस्सों में करते हैं। इसी तरह संभल बवाल में भी शारिक साटा की साजिश और उसके द्वारा भेजे गए कारतूस के इस्तेमाल किए जाने का शक है। इसी आधार पर छानबीन की जा रही है। जो गिरोह के सदस्य हैं या सदस्य रह चुके हैं सभी की छानबीन की जा रही है।

**संभल में चोरी की लग्जरी कारों का कराया था रजिस्ट्रेशन**

वर्ष 2017 में संभल एआरटीओ का बड़ा कारनामा सामने आया था। चोरी की लग्जरी कारें रजिस्ट्रेशन की गई थीं। पुलिस ने 47 लग्जरी कारें तो बरामद कर ली थीं। अन्य की तलाश भी की गई थी लेकिन बाद में वह हाथ नहीं आ सकी थीं। उस समय इन सभी लग्जरी कारों को शारिक साटा गिरोह द्वारा ही रजिस्ट्रेशन कराया गया था। इस मामले में उन लोगों की भी गिरफ्तारी की गई थी जिन्होंने कम कीमत में इन कारों को खरीदा था। इस मामले में एआरटीओ कार्यालय की भी मिलीभगत सामने आई थी। मामला अभी तक विचाराधीन है।

**शारिक साटा गिरोह के ज्यादातर सदस्य संभल के निवासी**

वर्ष 2022 में नवादा थाना पुलिस ने शारिक साटा गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार किए थे। आरोपियों से पूछताछ में बताया गया कि उन्होंने एक वर्ष में 300 से ज्यादा साटा के नंबर बेचकर लाखों रुपये की कमाई की थी। आरोपियों ने यह भी बताया था कि वह फिक्स के अनुसार साटा गेम चलाते थे। फिक्सिंग से नंबर जीतने का लालच मिश्रा ने बुकी के गिरोह तक खात्मा किया। इसके बाद पुलिस ने खिलाफ सख्त कार्रवाई की।

## विवादों से घिरे एसओ हटाए गए

**किशोरी की आत्महत्या का है मामला**

अयोध्या, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी के अयोध्या में हैदरगंज थाना के प्रभारी रहे मोहम्मद अरशद को विवादों के बाद हटा दिया गया है। उनके स्थान पर दर्शन नगर चौकी इंचार्ज रहे विवेक राय को तैनाती दी गई है। इसके अलावा दो और उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में भी फेरबदल किया गया है।

हैदरगंज थाना क्षेत्र में किशोरी के आत्महत्या के बाद परिजनों ने शिक्षक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कराया है। मृतका के परिजनों ने थाना अध्यक्ष मोहम्मद अरशद के खिलाफ आरोपी की मदद करने का आरोप लगाते हुए धरना-प्रदर्शन किया था। इसमें जिले के ब्राह्मण संगठनों और भाजपा व सपा के नेता भी शामिल हुए थे।

# बीजेपी जिला उपाध्यक्ष की हत्या का मास्टरमाइंड गिरफ्तार, प्रेम प्रसंग से जुड़ा था मामला

वैशाली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। वैशाली में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजा कुमार सिंह की हत्या मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी रंजीत कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी महुआ थाना क्षेत्र के भदवास इलाके से हुई। हत्या का यह मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है, जो नौ मई को मृतक का क्षत-विक्षत शव हाजीपुर-बछवाड़ा रेलखंड पर मिलने के बाद उजागर हुआ था।

**प्रेम प्रसंग बना हत्या की वजह**

पुलिस के अनुसार, राजा कुमार सिंह का प्रेम प्रसंग मुख्य आरोपी रंजीत कुमार सिंह की बहन से चल रहा था। रंजीत को जब यह जानकारी मिली तो उसने राजा को पिकअप वैन खरीदने के बहाने बुलाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद सबूत मिटाने के इरादे से राजा के शव को रेलवे लाइन पर फेंक दिया।

**घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे**

जानकारी के मुताबिक, 23 वर्षीय राजा कुमार सिंह तीन बहनों में इकलौते भाई थे। वह आठ मई को शाम तीन बजे अपनी कार लेकर घर से निकले थे। देर रात तक वापस न लौटने पर उनकी मां सुनीता देवी ने सोनपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। अगले दिन उनका शव हाजीपुर-बछवाड़ा रेलखंड पर क्षत-विक्षत अवस्था में मिला।

**तकनीकी सबूतों से हत्या का खुलासा**

पुलिस ने मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) की मदद से मुख्य आरोपी तक पहुंच बनाई। गिरफ्तार रंजीत कुमार सिंह ने पूछताछ में अपना अपराध कबूल कर लिया। हालांकि हत्या के बाद गायब की गई राजा की कार अब तक बरामद नहीं हो सकी है।

**परिवार में शोक और आक्रोश**

राजा कुमार सिंह के पिता हरेंद्र कुमार सिंह समस्तीपुर जिले में होमगार्ड की ड्यूटी करते हैं। उनके बेटे की इस निर्मम हत्या से परिवार में गहरा शोक और आक्रोश है। राजा का परिवार न्याय की गुहार लगा रहा है। वहीं, भाजपा नेता की हत्या ने वैशाली जिले में राजनीतिक और सामाजिक हलचल बढ़ा दी है। मामले के बाद से क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस का कहना है कि वह हत्या में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द ही राजा की कार भी बरामद की जाएगी।

# संभल में कुएं की तलाश में 15 फीट से अधिक तक खोदाई

## चारों तरफ बने हैं दरवाजे, मलबा उठाने का काम भी जारी




संभल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। संभल के चंदौसी के लक्ष्मणगंज में सोमवार को भी बावड़ी को अस्तित्व में लाने के लिए खोदाई का कार्य जारी है। इसके साथ ही मलबा उठाने का काम भी जारी है। पालिक की टीमें शिफ्टों में काम कर रही हैं।

तीन टीम कार्य में लगी हैं। बावड़ी का दोनों ओर का सिरा और कुएं की तलाश में खोदाई की जा रही है। 15 फीट तक कुएं की तलाश में खोदाई की जा चुकी है। वहीं गलियारे में एक साइड का लिंटर टूटा निकला है। हालांकि गलियारों से मिट्टी निकालने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

**बावड़ी के प्रवेश द्वार की ओर खोदाई**

इससे पहले, रविवार की सुबह 10 बजे पालिका की टीम बावड़ी स्थल पर पहुंची थी। यहां मजदूरों की तीन टीमें बनाकर कार्य शुरू किया गया। एक टीम कुएं की तलाश में खोदाई में लग गई तो एक टीम गलियारों से मिट्टी निकालने और एक टीम बावड़ी के प्रवेश द्वार की ओर खोदाई में जुट गई। माना जा रहा है जहां कुआं है, वहां चारों ओर दरवाजे बने हैं। इसके बाद गलियारा और दीवार है। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि बावड़ी का भवन यहीं तक है।

**टूटा निकला लिंटर**

कुएं की तलाश में 15 फीट तक मिट्टी निकाल ली गई है। हालांकि बावड़ी का अस्तित्व सामने आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। वहीं सीढ़ियों से बावड़ी में उतरने के बाद दूसरी ओर के गलियारे से मिट्टी निकालने के दौरान लिंटर का बड़ा हिस्सा टूट कर नीचे आ गया है। लिंटर टूटा निकला है। उधर, बावड़ी के प्रवेश द्वार की ओर भी मिट्टी निकालने का कार्य किया गया। वहां मकान के नीचे डेढ़ फीट अंदर तक बावड़ी की दीवार नजर आ रही है।

**जामा मस्जिद के पास पुलिस चौकी का निर्माण तेज**

उधर, जामा मस्जिद के नजदीक बन रही पुलिस चौकी का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। अभी बाउंड्री का काम हो रहा है और इसे सत्यव्रत नाम दिया गया है। एएसपी श्रीशचंद्र ने बताया कि निर्माण जल्द पूरा कर पुलिस तैनात की जाएगी। 24 नवंबर के बवाल के बाद सुरक्षा बढ़ाने के लिए यह चौकी बनाई जा रही है। सोमवार को भी पुलिस चौकी की बाउंड्री बनाने का काम जारी है। इससे पहले रविवार को पिलर बनाने का काम कराया गया है। एएसपी श्रीशचंद्र ने बताया कि 24 नवंबर को हुए बवाल के बाद से पुलिस-प्रशासन सतर्क है। सुरक्षा के लिहाज से ही पुलिस चौकी का निर्माण किया जा रहा है। इससे पहले, रविवार को संभल के हयातनगर थाना इलाके के सरायतरीन अंतर्गत मुख्य बाजार घासमंडी में स्थित विवादित जमीन पर रविवार को हिंदू पक्ष के कुछ लोग खोदाई करने पहुंच गए। दावा किया कि जमीन के नीचे कुआं है। काफी समय पहले उसे पाट दिया गया। सूचना मिलने पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने चौकी पहुंचकर विरोध किया।

## दो साल के भतीजे की निर्मम हत्या, खून से सना बांका लेकर थाने पहुंचा आरोपी

लखीमपुर खीरी, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। लखीमपुर खीरी से सनसनीखेज वारदात सामने आई है। निघासन कस्बे के शिवपुरी मोहल्ला में युवक ने अपने दो साल के भतीजे की निर्मम हत्या कर दी। आरोपी ने बांके से मासूम पर ताबड़तोड़ प्रहार किए। वारदात को अंजाम देने के बाद हाथ में बांका लेकर आरोपी थाने पहुंचा। खून से सना बांका देख पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। पुलिस ने आरोपी को तुरंत हिरासत में ले लिया। उसकी निशानदेही पर बच्चे का शव गन्ने के खेत से बरामद किया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक अपने मासूम भतीजे को बिस्किट दिलाने के बहाने घर से ले गया। खेत में ले जाकर बांके (धारदार हथियार) से ताबड़तोड़ प्रहार कर उसे मार डाला। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक बच्चे की मां का आरोप है कि आरोपी उस पर संबंध बनाने का दबाव बना रहा था।

## पीसीएस अधिकारी ने पेश की मिसाल

# शादी में मिली दहेज की मोटी रकम लौटाई, लिया केवल शगुन का एक रुपया और नारियल



सहारनपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। सहारनपुर जनपद के शंभुगढ़ गांव निवासी एक पीसीएस अधिकारी ने बिना दहेज की शादी कर मिसाल पेश की है। उन्होंने शादी में लाखों रुपये व सामान को ठुकराकर शगुन के तौर पर मात्र एक रुपया और नारियल लिया। वहीं पीसीएस अधिकारी के इस कदम की हर तरफ सराहना हो रही है। जानकारी के अनुसार शंभूगढ गांव निवासी पीडब्ल्यूडी से सेवानिवृत्त कर्मचारी दलबीर सिंह ने बताया कि उनका बेटा भानू प्रताप सिंह वर्तमान में मुरादाबाद में एस जीएसटी अधिकारी है। 27 दिसंबर को भानू प्रताप सिंह की शादी उत्तराखंड के बहादराबाद निवासी पवन कुमार की पुत्री शिवांशी के साथ हुई है। दलबीर सिंह ने बताया कि वधू पक्ष की ओर से शादी की रस्म के दौरान उनको अच्छी रकम दी गई। लेकिन उनके अधिकारीर बेटे ने रकम को लेने से स्पष्ट इंकार कर दिया। इतना ही नहीं वधू पक्ष की तरफ से शादी में देने के लिए जो घरेलू सामान मंगवाया गया था। उसको भी भानू प्रताप सिंह ने लेने से स्पष्ट इनकार कर दिया। भानू प्रताप सिंह ने केवल शगुन का एक रुपया व नारियल लेकर शादी की रस्म को पूरा किया।

# 'वर्दी का रौब न दिखाएं, सालभर बाद बदल जाएगा निजाम' ; लाठीचार्ज पर भड़के प्रशांत किशोर




पटना, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। जनसुराज के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बिहार तेज तर्रार महिला आईपीएस अधिकारी व पटना सिटी की एसपी स्वीटी सहरावत को चेतावनी दे दी है। सिटी एसपी स्वीटी सहरावत ने नई-नई नौकरी शुरू की है।

मेरा उनको एक सुझाव है कि पुलिस का काम लोगों की सुरक्षा करना है। लोगों डराना पुलिस का काम नहीं है। यह जो पिछले दो बार से लाठचार्ज हो रहा है और नया हीरो बनने की जो आप कोशिश रही हैं। कहीं ऐसा न हो की आपको ही खामियाजा भुगतना पड़े। इतना भी वर्दी का रौब मत दिखाइए कि सबकुछ उल्टा पड़ जाए। उनके आदेश पर ही छात्रों पर लाठियां बरसाई गई। हमलोग पटना सिटी एसपी के खिलाफ मानवाधिकार आयोग जाएंगे। हमलोग इनपर प्राथमिकी दर्ज करवाएंगे। इनको कोर्ट में भी ले जाएंगे। एक-एक का हिसाब किया जा रहा है।

**साल भर बाद बिहार का निजाम बदलने वाला है**

प्रशांत किशोर ने स्पष्ट कहा कि मैं एसपी से डरने वाला नहीं हूं। क्या बच्चों को दौड़ा-दौड़ा कर मारना कानून का उल्लंघन नहीं है। प्रशांत किशोर ने कहा कि यह लाठीतंत्र नहीं है। जो अफसर हीरो बन रहे हैं, वह कान खोलकर सुन लें कि साल भर बाद बिहार का निजाम बदलने वाला है। कोई भी बनें लेकिन नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। इसलिए वर्दी का रौद मत दिखाइए। केवल चमकने के चक्कर में वर्दी का रौब दिखाकर बच्चों पर लाठियां बरसाई जा रही है। क्या आरके मिश्रा, आनंद मिश्रा और मैं अपराधी हूं जो बिहार पुलिस ने हमलोगों पर केस किया गया? आरके मिश्रा डीजी होम रह चुके हैं बिहार में। आनंद मिश्रा एसपी रह चुके हैं क्या यह लोग अपराधी हैं जो आप केस कर रहे हैं। हमारी अपील है कि पटना पुलिस इन बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करें। यह लोग पढ़ने आये हैं देश के भविष्य हैं। आप इन पर लाठी चलाकर अच्छा काम नहीं कर रहे हैं। इन्हें पढ़ने दीजिए।

**प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करना काफी गलत**

प्रशांत किशोर ने कहा कि बीपीएससी की परीक्षा रद्द कराने की मांग लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज करना काफी गलत है। पटना पुलिस ने छात्रों पर वाटर कैनन से बौछारें की गई। इसके बाद बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज किया गया। जिन लोगों ने छात्रों पर लाठी चलाई है। उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। छात्र कोई उपद्रव नहीं कर रहे थे। किसी सार्वजनिक संपत्ति को क्षति नहीं पहुंचा रहे थे। इसलिए पुलिस का लाठीचार्ज करना अन्याय है।

## संभल हिंसा के पीड़ित परिवारों को सपा ने दिए 5-5 लाख रुपये

संभल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के डेलीगेशन ने संभल हिंसा के पीड़ित परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये के चेक सौंप दिए हैं.

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद के नेतृत्व में सपा का एक डेलीगेशन संभल गया था, जिसने गेस्ट हाउस में संभल के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। सपा डेलीगेशन को लीड कर रहे विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने कहा कि हम पहले आना चाहते थे, लेकिन हमें आने नही दिया गया. उन्होंने आरोप लगाया कि इन पांच लोगों को पुलिस की गोली से मारा गया। इसके अलावा संभल हिंसा को लेकर पुलिस ने सपा सांसद जिया उर रहमान बर्क के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# पति हड़पने का आरोप : एक युवक पर दो महिलाओं का दावा

**परिवार परामर्श केंद्र में आया अनोखा केस**

आगरा, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के आगरा से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है. यहां दो महिलाओं ने एक युवक को अपना-अपना पति बताया है. महिलाओं ने पुलिस थाने में शिकायत कर एक-दूसरे पर पति को हड़पने का आरोप लगाया है. पुलिस ने शिकायत को परिवार परामर्श केंद्र में ट्रांसफर कर दिया है. गुरुवार को हुई काउंसलिंग के दौरान समझौता न होने पर उन्हें अगली तारीख पर बुलाया गया है। दरअसल, 26 दिसंबर के दिन परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग के दौरान एक अजीब केस आ गया. परमार्श केंद्र पहुंची दो महिलाओं ने एक युवक को अपना पति होने का दावा किया. दोनों महिलाएं एक-दूसरे पर पति को अपने जाल में फंसाने का आरोप लगाने लगीं.

एक महिला ने काउंसलर को बताया कि उसका विवाह साल 2020 में हुआ था. दूसरी महिला ने कहा कि उसकी शादी 2022 में हुई थी. बातचीत में युवक ने कहा कि साल 2020 में उसने प्रेम विवाह किया था. युवक अपनी पहली पत्नी को घर से अलग दूसरे स्थान पर रखता था. पहली शादी के बारे में युवक ने अपने घरवालों को भी नहीं बताया था. इसके बाद साल 2022 में परिजनों ने युवक की शादी किसी अन्य युवती से करा दी थी। काउंसलर डॉ. सतीश खिरवार ने दोनों महिलाओं को अगली तारीख पर शादी के साक्ष्यों को लाने को कहा है. काउंसलर ने तीनों से अपने-अपने परिजनों को भी साथ लाने की बात कही है. परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलर डॉ. सतीश खिरवार ने बताया कि बड़ा अजीब केस आया था. लड़की ने कहा कि मेरी शादी 2022 में हुई थी. मेरे अलावा, मेरे पति ने अनऑथराइज्ड दूसरी शादी कर रखी है. पति उस लड़की से बात भी करते हैं।

काउंसलिंग के दौरान लड़के ने बताया कि वह एक प्राइवेट नौकरी करता है. काम के सिलसिले को लेकर लड़कियों से बात करता है. पत्नी लड़कियों से बात करने के लिए मना करती है. जबकि नौकरी के चलते उसे सबसे बात करनी पड़ती है. काउंसलर ने कहा कि पति-पत्नी को समझाया गया है। अगली तारीख पर दोनों पति पत्नी के माता-पिता को भी बुलाया गया है।

# महाकुंभ 2025 : घाट के आसपास पैनी निगाह रखेंगे ड्रोन

## आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से बचेंगे फ्रॉड से




लखनऊ, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रयागराज महाकुंभ को साइबर अटैक और श्रद्धालुओं को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाने के लिए प्रदेश पुलिस ने पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। साइबर स्पेस पर केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की मदद से पैनी नजर रखी जा रही है तो जमीन की निगहबानी का काम ड्रोन के जरिए किया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं की सुरक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

बता दें कि महाकुंभ में साइबर सिक्योरिटी के लिए साइबर थाना बनाया गया है, जिसमें तकनीकी रूप से दक्ष लोगों को तैनात किया गया है। आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस, डार्क वेब और सोशल मीडिया का दुरुपयोग करने वालों पर इसके जरिए नजर रखी जाएगी। श्रद्धालुओं को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाने को चुनिंदा अफसरों की एक स्पेशल टीम बनाई गई है। साथ ही तमाम साइबर एक्सपर्ट्स भी साइबर सुरक्षा के लिए तैनात किए गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक डार्क वेब के जरिए महाकुंभ में खलल डालने का प्रयास करने वालों का सामना करने और उनकी साजिशों को नाकाम करने की तैयारी हो चुकी है। पूरे आयोजन के दौरान एआई, एक्स, फेसबुक और गूगल का दुरुपयोग करना आसान नहीं होगा।

ठगी के लिए साइबर अपराधियों द्वारा वायरल किए जाने वाले लिंक को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। साइबर एक्सपर्ट की टीम 40 से अधिक संदिग्ध वेबसाइट पर भी नजर बनाए हुए हैं। जो साइबर अपराधी एआई, फेसबुक, एक्स या इंस्टाग्राम के माध्यम से लोगों से पैसे मांगते हैं, उन पर भी साइबर एक्सपर्ट नजर रख रहे हैं। कोई भी शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने के साथ लोगों की रकम को भी वापस कराया जाएगा।

## पुजारी की संदिग्ध मौत से सनसनी

बेगूसराय, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। बेगूसराय जिले के सिमरिया गंगा घाट पर एक पुजारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में हड़कंप मच गया है। मृतक गोलू झा (पुत्र अनिल झा) जो गंगा घाट के निवासी थे, की मौत को लेकर उनके परिजनों ने शराब में जहरीला पदार्थ मिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस घटना ने बिहार की शराबबंदी कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों के अनुसार, बीती शाम पड़ोस में रहने वाले नेपाली नामक युवक ने गोलू झा को बुलाया था। नेपाली और अन्य ने मिलकर शराब पी, जिसके बाद गोलू झा की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने आशंका जताई है कि शराब में किसी जहरीले पदार्थ को मिलाकर जानबूझकर यह साजिश रची गई।

# अभिनव हत्याकांड : फोन बेचा-पार्टी की, फिर ट्यूबवैल पर कत्ल

## किशोर ने खुद बताया क्यों इतनी क्रूरता से मारा?




मेरठ, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले से दिल दहलाने वाला मामला सामने आया है। मेरठ के कंकरखेड़ा के रोहटा रोड स्थित वर्णिका स्टेट कॉलोनी के रहने वाले 16 वर्षीय किशोर ने अपने दोस्त अभिनव (17) की हथौड़े से पीट-पीटकर हत्या कर दी। किशोर ने दोस्त को मारने में बर्बरता की सभी हदें पार कर दीं। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर भी लाश का हाल देख हैरान रह गए। लोगों ने शव को देख को कलेजा कांप गया। किशोर ने हत्याकांड को ऐसे अंजाम दिया जैसे एक पेशेवर अपराधी अंजाम देता है। 16 साल की उम्र में आरोपी ने ऐसा कारनामा किया है जो पेशेवर अपराधी से भी ज्यादा क्रूर है। आरोपी ने दोस्त अभिनव के सिर पर हथौड़े से दम निकलने तक अनगिनत वार किए। चेहरे को बुरी तरह कूच दिया।

**आइए जानते हैं आरोपी किशोर ने इतनी क्रूरता से अभिनव को क्यों मारा?**

मेरठ के कंकरखेड़ा के रोहटा रोड स्थित वर्णिका स्टेट कॉलोनी निवासी 16 वर्षीय किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी निशानदेही पर ही छात्र अभिनव का शव गढ़ रोड पर एक ट्यूबवेल के पास से बरामद किया गया। हत्या के आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसका दोस्त प्रेमिका के न्यूड फोटो और वीडियो के आधार पर ब्लैकमेल कर रहा था। इसीलिए उसे मौत के घाट उतार दिया। किशोर और अभिनव के बीच तीन साल से दोस्ती थी। दोनों अलग-अलग स्कूलों में पढ़ते थे। आरोपी ने 12वीं और अभिनव ने 11 कक्षा में पंजीयन करा रखा था। दोनों आईआईटी की तैयारी कर रहे थे। दोनों एक साथ ही कोचिंग जाते थे। दोनों की अच्छी दोस्ती थी। आरोपी के मुताबिक, अभिनव ने उसके फोन से उसकी गर्लफ्रेंड के फोटो और वीडियो ले लिए थे।

**हथौड़े से अभिनव के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार**

उन्हीं के बल पर वह उसकी गर्लफ्रेंड को ब्लैकमेल करने लगा था। अभिनव को उसने कई बार समझाया, मगर वह नहीं माना। तब उसने हत्या की योजना बनाई। हथौड़ा उसने घर से ही बैग में रख लिया था। शनिवार को वह अपने दोस्त अभिनव के साथ उसकी स्कूटी से कोचिंग के लिए निकला। वह बहाने से उसे गढ़ रोड पर ले गया। वहां चकरोड से ट्यूबवेल के पास ले लिया। बातचीत के दौरान उसने थैले में पहले से रखे हथौड़े को निकालकर अभिनव के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार किए। उसकी मौत होने पर भी वह सिर पर हथौड़े मारता रहा। दोस्त की हत्या कर वह देर शाम को घर पहुंचा और रात को आराम से सो गया। उसे अपने किए पर कोई पछतावा नहीं था। उधर, एसएसपी डॉ विपिन ताडा का भी कहना है कि चेहरे पर काफी प्रहार किए गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी काफी चोटें आई हैं।

# अन्ना यूनिवर्सिटी मामले में एनसीडब्ल्यू की जांच शुरू

## > विरोध कर रहे सैकड़ों एआईएडीएमके सदस्य गिरफ्तार



चेन्नई, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। चेन्नई स्थित अन्ना विश्वविद्यालय कैंपस में एक छात्रा से कथित यौन उत्पीड़न का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। बढ़ते विरोध को देखते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने एक समिति गठित की है, जिसने सच सामने लाने के लिए सोमवार को अपनी जांच शुरू कर दी।

वहीं, इस मामले में सियासत भी तेज हो गई है। विपक्षी अन्नाद्रमुक ने सोमवार को आंदोलन करने का फैसला लिया, मगर पुलिस ने अनुमति नहीं दी। इसके चलते पार्टी के कई सदस्यों ने पूरे तमिलनाडु में विरोध प्रदर्शन करने का प्रयास किया। साथ ही दावा किया कि यौन उत्पीड़न मामले में एक अन्य व्यक्ति भी शामिल है। बता दें, पुलिस पहले ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चुकी है। विरोध करने पर अन्नाद्रमुक के सैकड़ों सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। हालांकि, इन्हें शाम तक रिहा किए जाने की संभावना है।

**सच सामने लाएगा महिला आयोग**

महिला आयोग ने अन्ना विश्वविद्यालय में हुई यौन उत्पीड़न की घटना का स्वतः संज्ञान लिया। उसने जांच के लिए 28 दिसंबर को दो सदस्यीय फैक्ट-फाइंडिंग समिति का गठन किया। समिति को इस मामले की जांच करने, घटना के पीछे के हालात का विश्लेषण करने और अधिकारियों द्वारा उठाए गए कदमों का मूल्यांकन करने का काम सौंपा गया है। इसके अलावा, यह समिति मामले से संबंधित अधिकारियों, पीड़िता, उसके परिवार, दोस्तों और विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के साथ भी बातचीत करेगी ताकि तथ्यों का पता लगाया जा सके और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के उपाय सुझाए जा सकें।

**कौन-कौन हैं समिति में?**

बता दें, दो सदस्यीय समिति में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी और महाराष्ट्र के पूर्व डीजीपी तथा एनएचआरसी के महाराष्ट्र और गोवा क्षेत्र के विशेष प्रतिवेदक आईपीएस (सेवानिवृत्त) प्रवीण दीक्षित शामिल हैं। टीम ने जांच के लिए विश्वविद्यालय का दौरा किया। तथ्यों का पता लगाने के लिए वे पीड़िता, उसके परिवार, दोस्तों और संबंधित अधिकारियों के अलावा गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों से मिलने वाले हैं। इस बीच, 'तमिलागा वेत्री कषगम' के अध्यक्ष और अभिनेता विजय ने जानना चाहा कि राज्य में महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराने के लिए किसके पास जाए और किससे सवाल पूछें।

### > क्या है मामला?

अन्ना विश्वविद्यालय में हुई घटना ने पूरे चेन्नई को हिलाकर रख दिया है। तमिलनाडु की राजनीति गरमाने लगी है। यहां एक 19 साल की छात्रा के साथ यौन उत्पीड़न किया गया। मामला तब सामने आया, जब छात्रा ने इसकी पुलिस से खुद शिकायत की थी। शुरू में पुलिस ने केस को हल्के में लिया और कोई कार्रवाई नहीं की। सोशल मीडिया पर केस उछला तब पुलिस हरकत में आई। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। 37 वर्षीय आरोपी यूनिवर्सिटी परिसर के पास में बिरयानी बेचता है। घटना 23 दिसंबर की है।

## केरल को 'मिनी पाकिस्तान' कहना गलत : माजिद मेमन

मुंबई, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। एनसीपी (शरद चंद गुट) के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद माजिद मेमन ने सोमवार को बातचीत के दौरान भाजपा नेता नितेश राणे द्वारा केरल को 'मिनी पाकिस्तान' बताए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री की जिम्मेदारी होती है कि वह संविधान का सम्मान करें। किसी भी विषय पर अपमानजनक टिप्पणी करने से बचें। वह अब तक कई बार विवादित बयान दे चुके हैं। उनके बयानों को किसी भी प्रकार से स्वीकार नहीं किया जा सकता।

वह अक्सर इस तरह के बयान देते रहते हैं, इसके बावजूद उन्हें कैबिनेट में शामिल कर लिया गया, यह देवेंद्र फडणवीस की मेहरबानी है।

उन्होंने कहा कि केरल भारत का सबसे शिक्षित राज्य है। ऐसी स्थिति में उस राज्य के बारे में इस तरह की टिप्पणी करना कि वह मिनी पाकिस्तान है, इसलिए गांधी परिवार वहां जीत का परचम लहराने में सफल हुआ।

# तीन करोड़ पंजाबियों को चैलेंज न करो

## पंधेर बोले-बहिबल कलां कांड से भी बड़ा कांड होगा, केंद्र के साथ मान



चंडीगढ़, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। किसानों के समर्थन में आज (सोमवार) पंजाब बंद किया गया है। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा ने मांगों के समर्थन में सोमवार सुबह 7 से शाम 4 बजे तक बंद का आह्वान किया है। पंजाब बंद के चलते किसान नेता सरवण सिंह पंधेर के कहा कि उन्हें सभी वर्गों का समर्थन प्राप्त है और पूरे पंजाब को आज बंद कर दिया गया है।

अमृतसर में किसानों के धरने को संबोधित करते हुए सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि हमारा आंदोलन केंद्र सरकार के खिलाफ है। क्योंकि केंद्र की भाजपा सरकार किसानों की मांगों को मानने और किसानों से बात करने के लिए तैयार नहीं है। पंधेर ने कहा कि शंभू व खनौरी बॉर्डर पर 13 फरवरी से किसानों का धरना चल रहा है। खनौरी में एंबुलेंस तैनात की गई है। सरकार की हर कोशिश का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए किसान तैयार हैं। पंधेर ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री 3 करोड़ पंजाबियों को चैलेंज कर रहे हैं। कहीं ऐसा न हो कि पंजाब में आम आदमी पार्टी कहीं नहीं रहेगी। बहिबल कलां कांड से बड़ा कांड भी हो सकता है। इसलिए केंद्र सरकार का साथ देना बंद कर दें।

**केंद्र का साथ देना बंद करें मान**

पंधेर ने कहा कि पंजाब के किसानों का यह आंदोलन न हरियाणा और न पंजाब सरकार के खिलाफ है, लेकिन पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार केंद्र की साथ दे रही है। इसलिए मुख्यमंत्री भगवंत मान को बताना चाहते हैं कि केंद्र का साथ देना बंद कर दें।

**डल्लेवाल को उठाने की कोशिश में सरकार**

पंधेर ने कहा कि भगवंत मान सरकार का दावा है कि सरकार किसानों के साथ खड़ी है और खड़े रहेगी, लेकिन अंदर खाते वह केंद्र का साथ दे रहे हैं। पंधेर ने पंजाब सीएम मान को चेतावनी दी है कि खनौरी बॉर्डर पर जो पुलिस फोर्स तैनात की है उसे हटा दें। बॉर्डर पर पटियाला रेंज की 5000 फोर्स तैनात है। खनौरी बॉर्डर पर अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को वहां से उठाने और उनका अनशन खत्म करने की साजिश हो रही है। इसलिए पंजाब में जितने भी धरने पर किसान बैठे हैं वह खनौरी बॉर्डर आने के लिए तैयार रहें।

## ऐसा कोई सगा नहीं, जिसको आम आदमी पार्टी ने ठगा नहीं : शहजाद पूनावाला

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोमवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि आप पार्टी ने कभी भी हिंदू देवी-देवताओं का सम्मान नहीं किया। भाजपा नेता ने यह भी कहा कि 'ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे आप पार्टी ने ठगा नहीं'।

शहजाद पूनावाला ने वीडियो बयान में कहा कि 'ऐसा कोई सगा नहीं, जिसको आम आदमी पार्टी ने ठगा नहीं'। उन्होंने आरोप लगाया कि आप पार्टी तुष्टीकरण की राजनीति में पूरी तरह से लीन हो चुकी है। उन्होंने कभी हिंदू देवी-देवताओं का सम्मान नहीं किया। वो ऐसे गठबंधन में हैं, जो सनातन का अपमान करता है।

## कैट ने सुनाया अहम फैसला

# डिस्टेंस एजुकेशन मोड से प्राप्त डिग्री नहीं होगी मान्य, शिक्षकों को मिली निराशा

जम्मू, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा उनके क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र से बाहर स्थापित ऑफ-कैंपस से दूरस्थ शिक्षा (डिस्टेंस एजुकेशन) मोड से प्राप्त डिग्री को मान्यता नहीं दी जाएगी। यह फैसला केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) की जम्मू खंडपीठ ने एक याचिका की सुनवाई के बाद सुनाया है। याचिका स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत 12 शिक्षकों और मास्टरों ने साल 2007 में जम्मू-कश्मीर हाई-कोर्ट में दायर की थी, जिसे 2020 में कैट को हस्तांतरित कर दिया गया था।

याचिकाकर्ताओं ने अदालत को बताया कि वे मध्य प्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय, भोपाल के अध्ययन केंद्रों से अलग-अलग विषयों में स्नातकोत्तर कर रहे हैं या कर चुके हैं। इन अध्ययन केंद्रों से प्राप्त पोस्ट ग्रेजुएट डिग्रियों के आधार पर वे हायर सेकेंडरी स्कूलों में लेक्चरर के पद पर पदोन्नति के लिए आवेदन करने के योग्य हैं। इसके बाद भी उन्हें जम्मू विश्वविद्यालय द्वारा जारी एक नोटिस के आधार पर पदोन्नति के योग्य नहीं माना जा रहा।

इस नोटिस में कहा गया है कि मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल में अध्ययन कर रहे छात्रों की डिग्रियों को उच्च शिक्षा और सार्वजनिक रोजगार के प्रयोजनों के लिए मान्यता नहीं दी जाएगी। स्कूल शिक्षा निदेशक ने भी जम्मू संभाग के सभी मुख्य शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया था कि दूरस्थ शिक्षा परिषद द्वारा अनुमोदित न किए गए अध्ययन केंद्रों द्वारा जारी डिग्री को मान्यता ना दी जाए।याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि जम्मू-कश्मीर में अध्ययन केंद्र चलाने वाले पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय से डिग्री प्राप्त शिक्षकों ने भी साल 2006 में ऐसी ही याचिका दायर की थी। जिस पर फैसला करते हुए हाईकोर्ट ने जम्मू विश्वविद्यालय द्वारा जारी किए गए नोटिस पर रोक लगा दी थी।

# तीन लड़कियों ने रची खुद के अपहरण की साजिश कमाना चाहती थीं पैसा, सच्चाई जानकर पुलिस भी हैरान

छत्रपति संभाजीनगर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की तीन नाबालिग लड़कियों ने अपने सपने को पूरा करने के लिए खुद के अपहरण की ही झूठी कहानी रच डाली। लड़कियों ने पुलिस को सूचना दी कि वे किडनैप हो गईं हैं।

अपहरण की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए लड़कियों को बरामद किया। जब पुलिस को लड़कियों की असलियत पता लगी तो वो भी हैरत में पड़ गई। पुलिस को लड़कियों ने बताया कि वे दक्षिण कोरिया जाकर अपने पसंदीदा बीटीएस बैंड के सदस्यों से मिलना चाहती हैं। इसके लिए वे पैसा जुटाना चाहती थीं। महाराष्ट्र की धाराशिव पुलिस के हेल्पलाइन नंबर पर 27 दिसंबर को फोन आया। कॉल करने वाले ने कहा कि ओमेरगा तालुका से तीन लड़कियों को जबरन एक स्कूल वैन में ले जाया गया है। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि जिस नंबर से फोन आया था वह एक महिला का है। लोकेशन के आधार पर पुलिस को पता लगा कि फोन ओमेगा से पुणे जाने वाली बस में हैं और बस सोलापुर जिले के मोहोल के पास पहुंच चुकी है। इस पर धाराशिव पुलिस ने ओमेरगा और मोहोल पुलिस से संपर्क किया। इसके साथ ही मोहोल बस स्टैंड पर चाय की दुकान चलाने वाली एक महिला से भी संपर्क किया। बस मोहोल पहुंची तो दुकान चलाने वाली महिला की मदद से तीनों नाबालिग लड़कियों को बस से उतारा गया। तीनों लड़कियों को मोहोल पुलिस स्टेशन लाया गया। इसके बाद ओमेरगा पुलिस नाबालिग लड़कियों के माता-पिता के साथ मोहोल पहुंची। यहां पुलिस ने लड़कियों से पूछताछ की। लड़कियों ने पूछताछ में बताया कि दक्षिण कोरिया जाकर अपने पसंदीदा बीटीएस बैंड के सदस्यों से मिलना चाहती थीं। इसलिए वे पुणे जाकर काम करके पैसे कमाना चाहती थीं। उनको पैसे की जरूरत थी इसलिए उन्होंने अपने अपहरण की कहानी रची। पुलिस ने लड़कियों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

## बीजेपी ने 11 पदाधिकारियों को किया निलंबित, पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप

अकोला, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के अकोला जिले में भाजपा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाते हुए 11 पदाधिकारियों को छह साल के लिए निलंबित कर दिया।

इन निलंबित पदाधिकारियों में एक जिला परिषद सदस्य भी शामिल है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक स्थानीय नेता ने बताया कि अकोला जिले में नवंबर के विधानसभा चुनाव के दौरान महायुति (भाजपा, शिवसेना और राकांपा का गठबंधन) में बगावत हुई थी, जिसके बाद पार्टी ने अब यह कार्रवाई की। पार्टी के जिला अध्यक्ष किशोर मांटे पाटिल ने सोमवार को 'पीटीआई' से बातचीत में कहा कि इस बारे में राज्य भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले को सूचित कर दिया गया है। राज्य में 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव हुए थे।

# बालासोर में धर्म परिवर्तन के आरोपों पर दो महिलाओं पर हमला, 3 गिरफ्तार

बालासोर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के बालासोर जिले के गोबरधनपुर गांव में जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो महिलाओं पर हमला करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि इस संबंध में रेमुना पुलिस स्टेशन में दो मामले दर्ज किए गए हैं. पुलिस ने यह कार्रवाई उस वीडियो के वायरल होने के बाद की है, जिसमें गुरुवार को गोबरधनपुर गांव में कुछ आदिवासी परिवारों का जबरन धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में दो महिलाओं को पेड़ से बांधकर सार्वजनिक रूप से पीटा जा रहा था.

रेमुना पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी सुभाष चंद्र मलिक ने बताया कि पुलिस ने समय पर पहुंचकर दोनों महिलाओं को बचा लिया है. बालासोर के एसपी राज प्रसाद ने कहा, मामले में अभी तक तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है. हम कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इलाके में कानून-व्यवस्था की स्थिति न बने. उन्होंने बताया कि रेमुना पुलिस स्टेशन में एक मामला और दूसरा जवाबी मामला दर्ज किया गया है. वहीं, महिलाओं को पेड़ से बांधने के मामले में आरोपियों पर एससी और एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है, जबकि दो महिलाओं के खिलाफ ओडिशा धर्म स्वतंत्रता अधिनियम, 1967 की धारा 4 और बीएनएस की धारा 299 (जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण तरीके से किसी धर्म का अपमान), 3(5) (संयुक्त आपराधिक दायित्व) और 351 (2) (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है. एसपी ने कहा कि पुलिस ने अलग-अलग मामलों में सात लोगों को नोटिस जारी किए हैं और एक वरिष्ठ अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं. वहीं, पूर्वी रेंज, बालासोर के डीआईजी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- 'दो महिलाओं के खिलाफ किए गए अत्याचार के संबंध में रेमुना पीएस केस नंबर 223/24 दर्ज किया गया है. तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत में भेज दिया गया है. आगे की जांच चल रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।'

## 'मेरे परिवार को बदनाम किया, मनोज तिवारी-अमित मालवीय पर करूंगा केस'

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा ने दिल्ली में पूर्वांचलियों के स्वाभिमान और सम्मान के खिलाफ युद्ध छेड़ा हुआ है, लेकिन आप भाजपा की साजिश को सफल नहीं होने देगी। मतदाता सूची विवाद पर संजय सिंह ने कहा, 'मुझे और मेरे परिवार को बदनाम किया गया। अमित मालीयव पर मानहानि का केस करूंगा। मनोज तिवारी पर भी केस करूंगा। संजय सिंह ने कहा, 'पीएम मोदी कहते हैं कि यह डिजिटल इंडिया है। मैं लोगों को बताना चाहता हूं कि चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाएं और मेरी पत्नी अनीता सिंह का नाम खोजें...भाजपा के लोगों को वेबसाइट पर जाना चाहिए और जांचें कि उन्होंने अपना वोट कहां डाला।

# मतदाता सूची से नाम कटवाने की लड़ाई संजय सिंह के घर पहुंची, भाजपा ने पेश किए सबूत




नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर उनकी पत्नी अनीता सिंह का नाम वोटर लिस्ट से कटवाने का आरोप लगाया है। अब संजय सिंह के आरोप पर भाजपा ने भी पलटवार किया है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने तो सोशल मीडिया पर एक हलफनामा पोस्ट कर दिया है, जिसके आधार पर दावा किया है कि अनीता सिंह दिल्ली नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की वोटर हैं।

**अमित मालवीय ने आप सांसद को घेरा**

अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर संजय सिंह और उनकी पत्नी अनीता सिंह की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि '2024 के लोकसभा चुनाव में राज्यसभा सांसद और आप नेता संजय सिंह और उनकी पत्नी अनीता सिंह ने दिल्ली में वोट किया था। अनीता सिंह यूपी के सुल्तानपुर की पंजीकृत मतदाता हैं। ऐसे में उनका दिल्ली में किया गया मतदान अवैध और गैरकानूनी है। चुनाव आयोग को इस मामले में कार्रवाई करनी चाहिए।'

अमित मालवीय यहीं नहीं रुके और एक अन्य पोस्ट में लिखा कि 'जो आदमी अपनी पत्नी को राजनीति के दलदल में घसीटने से भी न चूके, उससे अधिक गिरा हुआ इंसान और कौन हो सकता है? यह अनीता सिंह, संजय सिंह की धर्मपत्नी का एफिडेविट है, जिसमें वह कह रही हैं कि वह सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश की वोटर हैं। अब जो दिल्ली की वोटर ही नहीं हैं, उनका नाम भला दिल्ली की वोटर लिस्ट से कैसे कटवाया जा सकता है? और यदि उन्होंने एफिडेविट में स्वयं को सुल्तानपुर का वोटर बताया है, लेकिन दिल्ली में भी वोट करती हैं, तो यह कानूनन अपराध है। अब संजय सिंह को तय करना चाहिए कि अपनी पत्नी को और कितना अपमानित करवाना है।' इस पोस्ट के साथ भाजपा नेता ने अनीता सिंह के हलफनामे की प्रति भी सोशल मीडिया पर पोस्ट की।

# अन्ना विश्वविद्यालय दुष्कर्म मामले पर राजनीति तेज, राज्यपाल से मिले फिल्म अभिनेता विजय



चेन्नई, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के अन्ना विश्वविद्यालय में छात्रा से हुए दुष्कर्म के मामले में राजनीति तेज हो रही है। अब इस विवाद में फिल्म अभिनेता और तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) पार्टी के प्रमुख विजय दलपति की भी एंट्री हो गई है। विजय दलपति ने सोमवार को राज्यपाल आरएन रवि से मुलाकात की। अन्ना विश्वविद्यालय परिसर में 23 दिसंबर को एक छात्रा से दुष्कर्म की घटना घटी, जिसके बाद पूरे तमिलनाडु में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच के लिए पुलिस की चार विशेष टीमें बनाई गई हैं।

**विजय ने महिला सुरक्षा के लिए दिए कुछ सुझाव**

टीवीके प्रमुख दलपति विजय ने अन्ना विश्वविद्यालय की घटना को बेहद चौंकाने वाला और दर्दनाक बताया। विजय ने बीते बुधवार को घटना को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया था। विजय ने लिखा कि 'पुलिस ने बताया है कि दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा गया है। मैं तमिलनाडु सरकार से अपील करता हूं कि वे कानून के मुताबिक दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और न्याय सुनिश्चित करें। घटना में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।' विजय ने सुझाव दिया कि संवेदनशील इलाकों में निर्भय फंड के जरिए स्मार्ट पोल्स लगाए जाएं, जिनमें आपात बटन, सीसीटीवी कैमरे और टेलीफोन की सुविधा मिले।

## कोर्ट में पेशी से पहले आरोपी अस्पताल में भर्ती मनी लॉनड्रिंग केस में आरोप तय नहीं हुए

कोलाकाता, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में पीएमएलए कोर्ट के समक्ष आरोप तय करने की प्रक्रिया सोमवार को पूरी न हो सकी, क्योंकि एक आरोपी की तबियत बिगड़ गई और उसे अस्पताल ले जाया गया। धनशोधन मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कर रहा है।

आरोपी सुजॉय कृष्ण भद्र को जब पीएमएलए कोर्ट में पेश किया जा रहा था, तो उसे अचानक चक्कर आ गए और वह गिर पड़ा। इसके बाद उसे सरकारी एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। आरोपी के वकील ने कोर्ट को इसकी जानकारी दी। इसके बाद पीएमएलए कोर्ट ने मामले की सुनवाई दो जनवरी तक के लिए टाल दी।

# अंतरराष्ट्रीय यात्री डाटा : एयरलाइन संचालकों को सूचना कस्टम्स को देनी ही होगी, 1 अप्रैल से अनिवार्य होगी शर्त



नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। साल 2025 में अंतरराष्ट्रीय यात्री डाटा शेयर करने के मामले में बड़ा बदलाव होगा। अप्रैल, 2025 से एयरलाइन संचालकों को ये सूचनाएं कस्टम्स के साथ अनिवार्य रूप से साझा करनी होगी। अगले साल 1 अप्रैल से इस अनिवार्य शर्त का पालन न करने की सूरत में कंपनियों पर बड़ा जुर्माना लगाया जा सकता है। विमान कंपनियों को राष्ट्रीय सीमा शुल्क लक्ष्यीकरण केंद्र-यात्री (एनसीटीसी-पैक्स) के साथ अनिवार्य पंजीकरण भी कराना होगा।

**एयलाइंस संचालक सूचना देने से इनकार नहीं कर सकते**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के बयान के मुताबिक अगर भारत आने वाली या यहां से दूसरी जगहों पर जाने वाली फ्लाइट्स में यात्रा करने वाले यात्रियों से जुड़ी सूचना मांगी जाती है तो एयलाइंस संचालक सूचना साझा करने से इनकार नहीं कर सकते। शर्तों के अनुपालन के लिए सभी हवाई परिवहन सेवा प्रदाताओं को 10 जनवरी, 2025 तक राष्ट्रीय सीमा शुल्क लक्ष्यीकरण केंद्र-यात्री (एनसीटीसी-पैक्स) के साथ पंजीकरण करना होगा।

**उड़ान से 24 घंटे पहले देनी होगी जानकारी**

नए नियमों के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय उड़ान प्रस्थान से 24 घंटे पहले मोबाइल नंबर और पैसे भुगतान के तरीकों की जानकारी सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों के साथ साझा करनी होगी। इसके अलावा यात्रा कार्यक्रम का विवरण भी देना होगा। इसका मकसद अधिकारियों की प्रतिबंध लगाने की क्षमताओं के साथ-साथ यात्रियों से जुड़े जोखिम के विश्लेषण को बेहतर करना है।

अगर एयरलाइन डेटा साझा करने में विफल रहती है, तो सीमा शुल्क विभाग के नियमों के अनुसार एक गैर-अनुपालन के लिए 25,000-50,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। सीबीआईसी ने कहा है कि नए नियमों को एनसीटीसी-पैक्स की मदद से लागू किया जाना है। जनवरी, 2025 से इसे चरणबद्ध तरीके से रोलआउट किया जाएगा। कुछ एयरलाइन संचालकों ने इस पायलट प्रोजेक्ट को लागू करने के अभ्यास में भाग लेने पर सहमति व्यक्त की है। सीमा शुल्क विभाग ने कहा कि पीएनआरजीओवी प्रणाली से यात्रियों से जुड़ी जरूरी सूचनाएं जुटाई जाएंगी। 10 फरवरी, 2025 तक पायलट चरण लागू होने वाला है।

**कौन सी सूचनाएं मांग सकते हैं सीमा शुल्क विभाग के अधिकारी**

बता दें कि साल 2022 में सरकार ने 'यात्री नाम रिकॉर्ड सूचना विनियम' तैयाकर किया था। इसके मुताबिक एयरलाइनों को उड़ान के प्रस्थान से 24 घंटे पहले सभी अंतरराष्ट्रीय यात्रियों का डेटा सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ साझा करना होगा। जो जानकारी साझा करनी होगी उसमें यात्री का नाम, बिलिंग / भुगतान जानकारी (क्रेडिट कार्ड नंबर), टिकट जारी करने की तारीख, इच्छित यात्रा, पीएनआर में अन्य यात्रियों के नाम, पीएनआर के लिए यात्रा कार्यक्रम शामिल हैं।

## पब ने न्यू ईयर पार्टी के निमंत्रण के साथ भेजा आपत्तिजनक सामान

पुणे, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। पुणे में एक पब द्वारा न्यू ईयर पार्टी के लिए निमंत्रण के साथ कंडोम और ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन) भेजने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। इस घटना के बाद पुलिस ने निमंत्रण प्राप्त करने वालों के बयान दर्ज किए हैं। निमंत्रण के साथ कंडोम और ओआरएस की तस्वीरें व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। महाराष्ट्र प्रदेश युवा कांग्रेस ने पुणे के पुलिस आयुक्त के सामने एक शिकायत दर्ज कराई और पब प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। युवा कांग्रेस के सदस्य अक्षय जैन ने सोमवार कहा, 'हम पब और नाइटलाइफ के खिलाफ नहीं हैं। लेकिन युवाओं को आकर्षित करने के लिए इस तरह की विपणन (मार्केटिंग) की रणनीति पुणे शहर की परंपराओं के खिलाफ है।

स्वतंत्र वार्ता

**मंगलवार, 31 दिसंबर- 2024**

# अंपायर से हारा भारत

भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट से बडी उम्मीद थी लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा । भारतीय बैटिंग तो बैकफुट पर रही ही, रही-सही कसर पूरी कर दी खराब अंपायरिंग ने। भारतीय टीम को जीत के लिए 340 रनों का लक्ष्य मिला था। उसे शुरुआती झटके तो लगे, लेकिन ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल ने संघर्ष करते हुए मैच को अपने हाथ में ले लिया था। भारतीय टीम ड्रॉ की ओर बढ़ती दिख रही थी कि यशस्वी जायसवाल एक बाउंसर को छेड़ बैठे। इस पर मैदानी अंपायर ने कोई फैसला नहीं दिया तो ऑस्ट्रेलियाई टीम ने डीआरएस लिया। टीवी रिप्ले में दिख रहा था कि गेंद ने एंगल बदला है, लेकिन स्निकोमीटर पर कोई हरकत नहीं थी। इसके बावजूद अंपायर ने यशस्वी को आउट दे दिया। इस तरह से पैट कमिंस को वो विकेट मिल गया, जिसकी उन्हें तलाश थी। यशस्वी 208 गेंदों में 8 चौके के दम पर 84 रन की मैराथन पारी खेलकर आउट हुए। रोचक बात यह है कि इसी तरह के एक मामले में आकाश दीप के खिलाफ स्निकोमीटर पर भरोसा करते हुए आउट करार दिया। ये 2 बड़े फैसले भारत के खिलाफ गए नतीजतन, भारत दूसरी पारी में 155 रनों पर सिमट गया। इस तरह से ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न टेस्ट 184 रनों से जीत लिया। उसके पास बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 2-1 की बढ़त है और वह आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले के लिए क्वालीफाई करने के करीब पहुंच चुका है। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा की अति रक्षात्मक शैली और ऑफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर विराट कोहली की कमजोरी के चलते भारतीय टीम एक बार फिर बुरी तरह से फेल रही। रोहित ने 40 गेंद में 9 रन बनाए और टेस्ट मैचों में 11वीं बार ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस का शिकार हुए। वहीं कोहली (29 गेंद में पांच रन) एक बार फिर कवर ड्राइव खेलने की ललक पर काबू नहीं रख सके और मिचेल स्टार्क की गेंद पर पहली स्लिप में कैच दे बैठे। उसके बाद से भारतीय ऋषभ पंत और यशस्वी जायसवाल ने टीम इंडिया की गाड़ी धीरे-धीरे बढ़ाई और चायकाल तक कोई और झटका नहीं लगने दिया। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी की। इन दोनों की संघर्ष भरी पारी के आगे कंगारू टीम के कप्तान पैट कमिंस असहाय नजर आ रहे थे। मिचेल स्टार्क और स्कॉट बोलैंड के बाद खुद भी पैट कमिंस इतना थक गए कि उन्होंने पार्ट टाइमर गेंदबाजों का इस्तेमाल करने का फैसला किया। पंत की पारी 104 गेंदों में 2 चौके के दम पर 30 रनों के स्कोर पर खत्म हुई। इस तरह से अपनी बैटिंग से भारत की नाक में दम करने वाले ट्रेविस हेड ने गेंद से गहरा घाव दिया। इसके बाद पैट कमिंस ने बोलैंड और नाथन लायन को मोर्चे पर लगा दिया। रवींद्र जडेजा को बोलैंड ने 2 रन पर आउट किया तो लायन ने पहली पारी के शतकवीर नीतीश कुमार रेड्डी को एक रन पर पवेलियन भेजते हुए छठा झटका दे दिया। इसके बाद यशस्वी और आकाश दीप विवादित करीके से आउट हुए, जबकि बुमराह और सिराज को आउट करने में ऑस्ट्रेलिया को अधिक समय नहीं लगा।

# चुनावी लोकतंत्र और श्रीलाल शुक्ल का साहित्य

**डॉ. सीमा मिश्रा**

वह श्रेष्ठ रचनाकार के साथ ही एक संवेदनशील और विनम्र इंसान भी थे। श्रीलाल शुक्ल की रचनाओं का बड़ा हिस्सा गाँव के जीवन से सम्बन्ध रखता है। ग्रामीण जीवन के व्यापक अनुभव और निरंतर परिवर्तित होते परिदृश्य को उन्होंने बहुत गहराई से विश्लेषित किया है। यह भी कहा जा सकता है कि श्रीलाल शुक्ल किसी भी विषय के मूल तक जाकर व्यापक रूप से समाज की छानबीन कर उसकी नब्ज को पकड़ते थे। प्रख्यात उपन्यासकार श्रीलाल शुक्ल का उपन्यास 'राग दरबारी' स्वतंत्र भारत का एक ऐसा आईना है जिसमें मानवीय जीवन के चारित्रिक ह्रास और बहु विकृति व्यवस्था के कई मलिन तत्व प्रतिबिंबित होते हैं। 'राग दरबारी' वास्तव में एक ग्राम केंद्रित उपन्यास नहीं है, वरन् उसका कस्बाई वातावरण गाँव व नगर का अंतर मिटाते हुए उन कुप्रवृत्तियों को रेखांकित करता है, जो भारतीय जनतंत्र व विकास को खोखला बना रही है। इस संदर्भ में श्रीलाल शुक्ल का वक्तव्य दृष्टव्य है, *₹ राग दरबारी का संबंध एक बड़े नगर से कुछ दूर बसे हुए गाँव की जिंदगी से है, जो आज़ादी के बाद प्रगति और विकास के नारों के बावजूद निहित स्वार्थों और अनेक अवांछनीय तत्वों के आयातों के सामने घिसे रही है।यह उसी जिंदगी का दस्तावेज है। 1*'राग दरबारी' में यह राग उस लोकतंत्रीय दरबार का है, जिसमें भारत की आजादी के बाद लोग आहत, कुंठित, निराशा एवं अपंग की तरह डाल दिए गए हैं, उपन्यास में विद्यमान शिवपालगंज भारत के वर्तमान स्वरूप का विस्तृत चित्रण है। श्रीलाल शुक्ल ने अपने लेखन के माध्यम से वर्तमान युग की अत्यंत जटिल और क्रूर व्यवस्था, शोषण की नीति, सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियों का पर्दाफाश किया है। आज के आधुनिकीकरण में दिखावे की जिंदगी जीने पर मजबूर जनता और आजकल के ठग्गू नेता जो बोलते कुछ और करते कुछ हैं वैसे ही 'रागदरबारी' के वैद्यजी बहुमुखी और असाधारण शक्ति सम्पन्न व्यक्ति हैं, वे नित्य ग्राम सेवा, शिक्षा की उन्नति, आदर्श चरित्र और नैतिकता की बात करते हैं किंतु आचरण में इन सबसे विपरीत हैं। वैद्यजी मूलता; चिकित्सक हैं किंतु सम्पूर्ण रूप से राजनीति में डूबे हैं और चिकित्सा से कोसों दूर हैं। राजनीति करना भी एक कला है हर किसी के बस की बात नहीं होती। चुनाव अनैतिकता, धांधली और तिकड़म की त्रिवेणी पर अड़कर ही चुनाव लड़ा जा सकता है। सनीचर ग्रामवासियों से स्पष्ट कहता है कि *"देखो भइयों मैं भी किसी से कम तिकड़मी नहीं हूँ और भला आदमी समझकर मुझे वोट देने से कहीं इंकार न कर बैठना। देश सेवा की सबसे बड़ी योग्यता तिकड़मी होना है।"2 *गुंडागर्दी और पत्तेचाटी के बल पर जब अनपढ़, अज्ञानी, भ्रष्टाचारी के हाथ में सत्ता की कमान आ जाती है तब मूर्ख -बुद्धिमान पर, अविवेक- विवेक पर, अनादर्श का आदर्श पर और गधों का इंसान पर राज करना बनता है जो लोकतांत्रिक परंपरा का उपहास है। नेताओं के हाथ में जनता कठपुतली की तरह है जिस प्रकार मदारी डंडे के ज़ोर पर बंदर को नचाता है। बंदर मदारी की बात नहीं समझता उसका पूरा ध्यान डंडे पर होता है। इसी तरह भोली भाली जनता भी नेताओं के डमरू पर नाचने पर मजबूर है। नेता तो सभी एक जैसे हैं, बदलोगे तो भी ठगे जाओगे। नेता का काम है वोट माँगना और जीत जाने के बाद अगले चुनाव के लिए नए तिकड़म भिड़ाना। जो जितना बड़ा तिकड़मी वो सबसे बढ़िया राजनीतिज्ञ। किसी के हाथ में संविधान की पुस्तक तो किसी के हाथ में जातिवाद का पोस्टर। कोई बदहाल सड़कों का रोना रोता है।

# ब्रम्हपुत्र पर डैम: हथियार है या चीन की जरूरत ?




**सुनील कुमार महला**

हाल ही में चीन की जिनपिंग सरकार (कम्युनिस्ट सरकार) द्वारा अपनी सेना पीएलए के लिए 10 लाख कामकाजी ड्रोन के महाआर्डर देने के बाद से पूरी दुनिया में इसकी खूब चर्चा हो रही है। इसी बीच कुछ और खबरें भी चीन की तरफ से आ रहीं हैं। एक प्रमुख खबर हाल ही आई है कि चीन ने भारतीय सीमा के करीब तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर 137 अरब डॉलर(यानी कि एक ट्रिलियन युआन) की लागत से दुनिया के सबसे बड़े बांध के निर्माण को मंजूरी दे दी है। निश्चित ही इससे तटवर्ती देशों- भारत और बांग्लादेश में चिंताएं बढ़ेंगी। चिंताएं इसलिए क्यों कि चीन विश्व का एक ऐसा देश रहा है जो पड़ौसी देशों की जमीनों और वहां के संसाधनों को हड़पने व उन पर अवैध कब्जा जमाने को लेकर हमेशा विवादों में रहता आया है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि चीन की सरकार ने यह ऐलान किया है कि वह तिब्बत की सबसे लंबी नदी यारलुंग त्सांगपो (भारत का ब्रह्मपुत्र नद) पर महाशक्तिशाली बांध बनाने जा रही है। यह बांध (डैम) इतना विशालकाय है कि चीन की सरकार ने इसे 'ग्रह का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट' तक बताया है। दरअसल, चीन तिब्बत की सबसे लंबी नदी यारलुंग त्सांगपो नदी पर बांध बनाने जा रहा है। यह वही नदी है जिसे भारत में ब्रह्मपुत्र नद के नाम से जाना जाता है। यह भी उल्लेखनीय है कि यारलुंग सांगपो का स्थान दुनिया के सबसे अधिक जलविद्युत समृद्ध क्षेत्रों में से एक है। पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि यारलुंग सांपों नदी लगभग 50 किलोमीटर के एक हिस्से में लगभग दो हज़ार मीटर की ऊंचाई से गिरती है और इस ढलान की मदद से जलविद्युत उत्पादन में काफी मदद मिलती है। बताया जा रहा है कि ये बांध तिब्बत में ऐसी जगह बनाया जाएगा जहां से ब्रह्मपुत्र नद अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश के लिए यू-टर्न लेती है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस बांध के बनने का सबसे बड़ा फायदा चीन को होगा लेकिन भारत के लिए यह किसी खतरे से कम इसलिए नहीं है क्यों कि चीन इस बांध का पानी कभी भी भारत की ओर छोड़ सकता है और इस तरह से चीन भारत पर कभी भी ₹डैम बम₹ फोड़ सकता है। निश्चित ही चीन के लिए यह बांध हाइड्रोपावर का एक बड़ा प्रोजेक्ट होगा लेकिन भारत के लिए खतरा क्यों कि चीन कभी भी इस बांध का प्रयोग एक वैपन के रूप में कर सकता है, मसलन वह भारतीय सीमा में भरपूर पानी छोड़कर यहां बाढ़ के गंभीर हालात पैदा कर सकता है। चीन द्वारा कम पानी छोड़ने पर भी भारत को पानी की दिक्कत होगी। न केवल भारत को बल्कि इससे पड़ौसी बांग्लादेश में भी पानी का संकट पैदा हो सकता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि चीन के ये बांध बम(डैम बम) भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा व गंभीर खतरा है। गौरतलब है कि अभी दुनिया का सबसे बड़ा जलविद्युत पॉवर स्टेशन 'थ्री गॉर्जेस' डैम भी मध्य चीन के हुबेई प्रांत में यांग्ज़ी नदी पर बना हुआ है और इसकी क्षमता सालाना 88 बिलियन किलोवाट-घंटा है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि इस बांध में 40 अरब क्यूबिक मीटर पानी है और ये बांध धरती के घूमने की रफ्तार तक को प्रभावित कर रहा है तो हम यह अंदाजा सहज ही लगा सकते हैं कि ये कितना पावरफुल है। दुनिया भर के वैज्ञानिक चीन द्वारा पूर्व में बनाए जा चुके बांध पर भी गंभीर चिंताएं जताई चुके हैं लेकिन बावजूद इसके भी चीन धरती का सबसे बड़ा बांध बनाने का फैसला ले चुका है। चीन ने पहले ही 2015 में तिब्बत में सबसे बड़े 1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर के ज़म हाइड्रोपावर स्टेशन का संचालन शुरू कर दिया है। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने यह जानकारी दी है कि वर्तमान में जिस बांध के निर्माण को चीनी सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है उससे चीन के धरती की स्पीड को प्रभावित करने वाले श्री जॉर्ज बांध से भी 3 गुना ज्यादा बिजली पैदा होगी। सरकारी एजेंसी के अनुसार, चीन की सरकार इसे हिमालय के करीब एक विशाल घाटी में बनाने की योजना पर काम कर रही है। दूसरे शब्दों में कहें तो इसे तिब्बत पठार के पूर्वी छोर पर बनाया जाएगा। इसी लेख में ऊपर जानकारी दे चुका हूं कि इसी स्थान से ब्रह्मपुत्र नदी अरुणाचल प्रदेश और फिर बांग्लादेश की तरफ मुड़ जाती है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह बांध आने वाले समय में बीजिंग के लिए इंजीनियरिंग क्षेत्र में भी एक बड़ी चुनौती बनने जा रहा है क्योंकि यह कोई आसान काम नहीं है, धरती की पारिस्थितिकी और पर्यावरण निश्चित ही इससे प्रभावित होंगे। हालांकि,यह बात अलग है कि हाल फिलहाल, चीन ने इस बांध परियोजना के ज़रिए पर्यावरण को प्रभावित न होने की बात कही है लेकिन विभिन्न मानवाधिकार समूहों और जानकारों ने इस घटनाक्रम के दुष्परिणामों के बारे में गंभीर चिंताएं जताई है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि चीन की तरफ से यह कहा गया है कि यह परियोजना चीन के कार्बन पीकिंग, कार्बन न्यूट्रलिटी के विभिन्न लक्ष्यों को पूरा करने और वैश्विक जलवायु परिवर्तन से निपटने में प्रमुख भूमिका निभाएगी। चीन ने यह भी कहा है कि इससे जहां एक ओर चीनी इंजीनियरिंग उधोग प्रोत्साहित होंगे वहीं दूसरी ओर इससे चीन में रोजगारों का भी बड़ी संख्या में सृजन हो सकेगा हालांकि रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट नहीं किया गया है कि इस बांध का निर्माण कब से शुरू होगा और निर्माण की सटीक जगह कौनसी व कहां होगी ? यहां यह भी उल्लेखनीय है कि चीन की तरफ़ से यह भी साफ़ नहीं किया गया है कि इस परियोजना से चीन के कितने लोगों को विस्थापित होना पड़ेगा और इसका धरती के ईको-सिस्टम पर क्या प्रभाव पड़ेगा ?हालांकि,भारत भी अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र पर बांध बना रहा है लेकिन यह उतना बड़ा नहीं है जितना चीन का। वैसे भी भारत को अपनी साइड में बनाए जा रहे बांध में भी पानी को स्टोर करने के लिए चीन पर ही निर्भर रहना पड़ेगा क्योंकि ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत से ही निकलती है और इसके उद्गम स्थल पर पहला बांध चीन का ही है। हाल फिलहाल यह कहना ग़लत नहीं होगा कि चीन का बड़ा डैम बीजिंग को शत्रुता के समय सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में पानी छोड़ने में भी सक्षम बना सकता है। हालांकि यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत और चीन ने सीमा पार नदियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 2006 में विशेषज्ञ स्तरीय तंत्र (ईएलएम) की स्थापना की है जिसके तहत चीन बाढ़ के मौसम के दौरान भारत को ब्रह्मपुत्र नदी और सतलज नदी पर जल विज्ञान संबंधी जानकारी प्रदान करता है लेकिन चीन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि चीन द्वारा यह बांध मुख्य भूमि चीन के सबसे अधिक वर्षा वाले हिस्सों में से एक में बनाया जाएगा, जहां पानी का प्रचुर प्रवाह होगा। 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, हाइड्रोपावर स्टेशन से हर साल 300 बिलियन केडब्ल्यूएच से अधिक बिजली पैदा होने की उम्मीद है, जो 300 मिलियन से अधिक लोगों की वार्षिक जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। मतलब यह है कि यह बहुत ही विशालकाय बांध है। गौरतलब है कि यह बांध चीन की 14वीं पंचवर्षीय योजना का हिस्सा है जो कि वर्तमान में चीन की सबसे बड़ी ढांचागत परियोजना है।

अंत में, यही कहूंगा कि चीन भारतीय सीमा पर इतना बड़ा बांध बनाकर रणनीतिक रूप से काफी सक्षम हो जाएगा। यह भी कहना ग़लत नहीं होगा कि चीन ने इस बड़े प्रोजेक्ट के बारे में संपूर्ण विश्व को पारदर्शिता से जानकारी नहीं दी है,मसलन इससे कितने लोग विस्थापित होंगे, इसके धरती के पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र पर क्या प्रभाव होंगे वगैरह वगैरह, जिससे भारत समेत विश्व की चिंताएं बढ़ीं हैं। यह प्रोजेक्ट भारत में बाढ़ की समस्या, भारत में जल आपूर्ति की समस्या दोनों को ही जन्म दे सकता है, इसलिए भारत को चीन से विशेष सतर्कता बरतने और सावधान रहने की जरूरत है। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह परियोजना भारत और चीन के बीच तनाव बढ़ा सकती है और दोनों देशों के बीच जल युद्ध की संभावना को जन्म दे सकती है। चीन इस बांध से क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित कर सकता है। गौरतलब है कि चीन द्वारा इस विशालकाय बांध का निर्माण करने से ब्रह्मपुत्र नद के प्रभाव पर चीन की एक तरह से मोनोपोली हो जाएगी।

हाल फिलहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि यह बांध वाकई चीन की जरूरत है या वह इसे आने वाले समय में एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकता है।

# बांग्लादेश व पाकिस्तान की नजदीकी : हम तो डूबे सनम तुम्हे भी लेकर डूबेंगे



**अशोक भाटिया**

किंग्स कॉलेज लंदन में अंतरराष्ट्रीय मामलों के प्रोफेसर हर्ष पंत का कहना है कि बांग्लादेश की महंगाई को भारत ने ही थाम रखा है। भारत से जिस कीमत पर सामान बांग्लादेश में पहुंचता है, उस कीमत पर दुनिया का कोई भी देश उसे नहीं दे सकता है। चाहे चीन हो या पाकिस्तान, बांग्लादेश में सामान पहुंचाने के लिए बंगाल की खाड़ी के रास्ते आएंगे, जो काफी खर्चीला और जोखिम भरा है। बावजूद इसके बांग्लादेश ने हाल में करीब 25 हजार टन चीनी पाकिस्तान से मंगाई है। अब सवाल ये उठता है कि जो पाकिस्तान खुद बदहाल है, वह कम कीमत पर बांग्लादेश को कब तक और कितनी मदद पहुंचा सकता है।बांग्लादेश भारत से गेहूं, प्याज, लहसुन, कपास, अनाज, पेट्रोलियम, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्लास्टिक, स्टील आदि चीजें खरीदता है और काफी हद तक भारत पर ही निर्भर है। वहीं दूसरी ओर भारत एशिया में बांग्लादेश का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत और बांग्लादेश के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार 16 बिलियन डॉलर था। इसमें बांग्लादेश का निर्यात करीब 2 बिलियन डॉलर था। अगर बांग्लादेश भारत के साथ संबंध बिगाड़ कर उसे बहुत बड़ा व्यापारिक घाटा होगा। जैसी की कहावत है कि दूसरों का घर जलाकर हाथ सेंकना भी दुश्मनी का एक हुनर है और इसी कहावत को पाकिस्तान आजकल बांग्लादेश पर आजमा रहा है। चीन और पाक मिलकर बांग्लादेश को भारत के खिलाफ खड़ा करना चाहते हैं, ताकि वे हमें पूरब और पश्चिमी दोनों तरफ से घेर सकें। बांग्लादेश में तो यहां तक सुर उठने लगे हैं कि उसे पाकिस्तान से परमाणु तकनीक लेनी चाहिए। अगर बांग्लादेश को परमाणु तकनीक मिल भी जाती है तो भी उसे नुकसान ही होगा, क्योंकि ऐसा होने पर पश्चिमी देशों का भयंकर प्रतिबंध उसे झेलना पड़ सकता है। इतना ही नहीं ऊपर दिए आंकड़े भी साफ कहते हैं कि भारत से दुश्मनी करके बांग्लादेश का अस्तित्व बिना किसी हथियार के ही बिखर जाएगा, क्योंकि भुखमरी, बेरोजगारी और महंगाई किसी भी युद्ध से ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। भारत पर बांग्लादेश की निर्भरता का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि उसकी 94 फीसदी सीमा भारत से लगी हुई है। दोनों देशों की 4,367 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है, जो बांग्लादेश की कुल अंतरराष्ट्रीय सीमा का 94 फीसदी है। जाहिर है कि बिना भारत के सहयोग के उसका व्यापार चल नहीं पाएगा। पाकिस्तान के बहकावे में आकर उसने भारत का विरोध तो शुरू कर दिया है और चीन व पाकिस्तान उसे व्यापार करने का प्रलोभन भी दे रहे, लेकिन बांग्लादेश तक पहुंचने के एकमात्र रास्ते बंगाल की खाड़ी के जरिये वहां सामान भेजना मुश्किल तो होगा ही महंगा भी बहुत पड़ेगा। 94 फीसदी सीमा साझा कर बांग्लादेश सामरिक और सुरक्षा की दृष्टि से तो पूरी तरह भारत पर निर्भर है ही, इसके अलावा कपास, लहसुन, प्याज, गेहूं, चावल, चीनी, अनाज, पेट्रोल-डीजल, इलेक्ट्रिक उपकरण, प्लास्टिक और इस्पात के लिए भी उसका एकमात्र साथी भारत ही है। अगर भारत ने इन चीजों के निर्यात से मुंह मोड़ लिया तो उसकी बर्बादी तय है। रही बात भारत के लिए बाजार की तो उसकी भरपाई दूसरे रास्तों से हो जाएगी। दक्षिण एशिया में भारत और बांग्लादेश सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। 2022-23 में दोनों देशों का कुल व्यापार करीब 16 अरब डॉलर का था, जिसमें बांग्लादेश से निर्यात महज 2 अरब डॉलर और भारत से 14 अरब डॉलर था। जाहिर है कि भारत के सामानों पर बांग्लादेश की निर्भरता किस कदर है, यह बात किसी से छुपी नहीं है।बांग्लादेश ने अगस्त से अब तक कितना नुकसान उठाया इसकी बानगी आंकड़े खुद पेश करते हैं। शेख हसीना के कार्यकाल में साल 2009 से जुलाई 2024 तक बांग्लादेश की जीडीपी की विकास दर 6।3 फीसदी रही, जिसे अब मूडीज और एडीबी जैसी रेटिंग एजेंसियों ने 5 फीसदी से भी नीचे का अनुमान लगाया है। उसकी जीडीपी जहां 455 अरब डॉलर तक पहुंच गई थी और प्रति व्यक्ति आय 2,784 डॉलर तक, वहीं अगस्त से अब तक महज 4 महीने में ही बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था को करीब 2 लाख करोड़ रुपये की चपत चल चुकी है। देखा जाय तो पाकिस्तान के प्रति बांग्लादेश का ये प्रेम दरअसल शेख हसीना के विरोध में कुछ ज्यादा उमड़ रहा है। बांग्लादेश की सरकार इस वक्त शेख हसीना के विरोध में इस कदर बौखलायी हुई है कि उसको पाकिस्तान के दिए हुए घाव भी याद नहीं हैं। उसको भारत दिख रहा है। बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार भले ही 1971 के पाकिस्तानी अत्याचार को भूल गई हो, लेकिन मानव इतिहास उसको भूल नहीं पाएगा। बांग्लादेश को याद रखना चाहिए कि आज का बांग्लादेश 1971 की शुरुआत में पाकिस्तान का हिस्सा था और इसे पूर्वी पाकिस्तान के नाम से जाना जाता था। 1970 में पाकिस्तान में हुए चुनाव में पूर्वी पाकिस्तान के शेख मुजीबुर्रहमान की पार्टी ने जीत हासिल की, लेकिन पश्चिमी पाकिस्तान के नेता और फौजी अधिकारी पूर्वी पाकिस्तान के बांग्लाभाषी शेख मुजीब को सत्ता सौंपने को हरिगज तैयार नहीं थे। पश्चिमी पाकिस्तान के फौजियों ने पूर्वी पाकिस्तान की महिलाओं से बलात्कार किया। एक अनुमान के मुताबिक, पूर्वी पाकिस्तान में करीब चार लाख महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ था। पूर्वी पाकिस्तान के आम लोग बात बात पर ना सिर्फ मारे पीटे जाते थे, बल्कि उनकी सामूहिक हत्या तक हुई। तब बांग्लादेश से लाखों लोग भारत की तरफ भागने लगे, जिसके लिए पाकिस्तानी फौज ने हजारों लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। उस वक्त करीब दस लाख लोग भारत चले आए थे। लेकिन शेख मुजीबुर्रहमान पाकिस्तानी फौज के सामने झुके नहीं। उनके संघर्ष और उस संघर्ष को भारत से मिली मदद से पूर्वी पाकिस्तान को आजादी मिली। और 16 दिसंबर, 1971 को बांग्लादेश के रूप में दुनिया के नक्शे पर एक नए देश का उदय हुआ। लेकिन आज बांग्लादेश पर कट्टरपंथियों का दबाव और प्रभाव इतना बढ़ गया है कि उसने आम नागरिकों के दिलो दिमाग में जहर भरना शुरु कर दिया है। अब सवाल है कि पाकिस्तानी फौज की बांग्लादेश में एंट्री से बांग्लादेश के लिए कैसी मुसीबतें आ सकती हैं? इससे बांग्लादेश फिर से पूर्वी पाकिस्तान जैसी बदहाली वाली स्थिति की तरफ जा सकता है। बांग्लादेश के विकास पर पाकिस्तानी शह पर पलने वाले आतंकवादियों का कब्जा हो सकता है और बांग्लादेश में लोकतंत्र का चिराग बुझ सकता है।

# जनता के मनमोहन प्रेम में सत्ता से नाराज़गी भी शामिल है ?




**श्रवण गर्ग**

डॉ मनमोहन सिंह ने जीते-जी कभी सोचा भी नहीं होगा कि जब वे नहीं रहेंगे उनका अंतिम संस्कार इस तरह से होगा, इतने सम्मान से होगा या उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से लगाकर विदेशी शासनाध्यक्ष और राजनयिकों सहित वे तमाम लोग भी उपस्थित रहेंगे जो उन्हें एक रबर स्टैंप या 'एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर' करार देते हुए जीवन भर आलोचना करते रहे ! डॉ सिंह भाग्य के धनी थे। जन्म भी सही स्थान और सही समय पर हुआ होगा क्योंकि जिस भी क्षेत्र में प्रवेश किया नाम ही कमाया। उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई की और प्रतिष्ठित संस्थानों में पढ़ाया और सेवाएँ दीं। राजनीति में प्रवेश किया और मंत्री बने तो पद की गरिमा को बनाए रखा। सोनिया गांधी ने जब प्रधानमंत्री पद की पेशकश को ठुकरा कर उनका नाम प्रस्तावित किया तो उसे भी विनम्रता के साथ स्वीकार कर लिया। कभी कोई शिकायत नहीं की कि दिल्ली में सत्ता के दो केंद्र बन गए हैं। साल 2014 के चुनावों में जब झूठे आरोपों के चलते यूपीए हार गई और सत्ता छोड़नी पड़ी तब भी कोई कष्ट नहीं महसूस किया। फिर से एक सामान्य सांसद बन गए। गांधी परिवार को लेकर न कभी कोई किताब लिखी और न किसी संघ या संगत के समागम में हाज़िरी दर्ज कराई। देश की राजनीति से एक सज्जन आदमी हमेशा के लिए अनुपस्थित हो गया। डॉ मनमोहन सिंह को चाहने वाले अपने पूर्व प्रधानमंत्री को दुनिया भर से मिल रहे सम्मान से अभिभूत हैं। वे लोग जो हुकूमत में हैं संभवतः सकते में होंगे कि उनकी बड़ी-बड़ी एजेंसियाँ या निजी जासूस भी डॉ सिंह की जनता के बीच लोकप्रियता को लेकर किसी तरह का अनुमान नहीं लगा पाए ? सही पूछा जाए तो राहुल गांधी को भी दूर-दूर तक आभास नहीं रहा होगा कि उनकी ही पार्टी के जिस प्रधानमंत्री की कैबिनेट द्वारा पारित अध्यादेश को उन्होंने सार्वजनिक रूप से बकवास बताते हुए फाड़कर उसका अपमान किया था वह अंत में इतना चमत्कारी और सिद्ध पुरुष साबित होगा। डॉ सिंह की अंत्येष्टि के दौरान राहुल गांधी अगर आँखें पोंछते हुए नज़र आए हैं तो उसे उनका पश्चाताप भी माना जा सकता है। राजनीति, ग्लैमर, धर्म,आदि के इलाक़ों की वे तमाम हस्तियां जो अपनी लोकप्रियता को लेकर आत्ममुग्धता के दलदल में पाताल तक धंसी जा रही हैं उन्हें किन्हीं निष्पक्ष विदेशी एजेंसियों की मदद से पता करना चाहिए कि एक दिन जब वे नहीं रहेंगीं तब जनता उनके बारे में क्या बातें करेगी, किस तरह की श्रद्धांजलियाँ व्यक्त करेगी ! पुराने ज़माने के राजाओं की तरह वर्तमान की राजनीति के सिद्ध पुरुष वेश बदलकर जनता के बीच इसलिए नहीं जा सकते हैं कि उनके आसपास चौबीसों घंटे मंडराते रहने वाली चापलूसों की जमात किसी नई जनता को पेमेंट देकर 'पॉजिटिव' फीडबैक देने के लिए रातों-रात बस्तियों में तैनात कर देगी। डॉ सिंह के प्रति उमड़ रही श्रद्धा को अप्रत्यक्ष तरीक़ों से वर्तमान व्यवस्था के प्रति जनता की नाराज़गी का भी प्रकटीकरण इस लिहाज़ से माना जा सकता है कि यूपीए सरकार के दस सालों की उपलब्धियों की तुलना एनडीए हुकूमत के दो दशकों के कामकाज से की जा रही है और मोदी उसमें कमज़ोर दिखाई पड़ रहे हैं। डॉ मनमोहन सिंह को लेकर जो जनता इस समय वाहवाही कर रही है उसने उनके दूसरे कार्यकाल के दौरान बिलकुल नहीं की। वह उनकी सरकार के ख़िलाफ़ मोदी के नेतृत्व में लगाए गए फ़र्ज़ी आरोपों के बहकावों में आ गई।जनता ने अगर वाहवाही की होती तो वह 2014 में तीसरी बार भी डॉ सिंह को सत्ता सौंप देती। अटलजी के प्रति जो सम्मान उनके निधन के बाद व्यक्त हुआ वह जनता के बीच उनकी उदारवादी नेहरू छवि का परिणाम था। डॉ सिंह के पहले पाँच सालों के कामकाज की तुलना अटलजी के पाँच साल के कार्यकाल से कभी नहीं की गई। साथ ही यह भी कि 2004 के विपरीत चुनाव परिणामों ने अटल जी को निराशा में डाल दिया था जबकि 2014 की पराजय के बाद भी डॉ सिंह 92 साल की उम्र तक सक्रिय बने रहे। डॉ मनमोहन सिंह अपने निधन में भी देश की एक बड़ी सेवा यह कर गए कि हुकूमत में क़ाबिज़ लोगों को सफल होने का ताबीज़ बाँट गए। ताबीज़ यह कि वोटों के ज़रिये सिर्फ़ सत्ता को जीता जा सकता है, जनता को नहीं। जनता को जीतने के लिए बिना अहंकार प्रदर्शित किए,काम करके दिखाना होगा। देखना यह है कि सत्ता के वे प्रतिनिधि जो डॉ मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर के सामने सिर झुकाए खड़े फ़ोटुओं में नज़र आए हैं उस ताबीज़ का इस्तेमाल किस तरह से करने वाले हैं !

http://shravangarg1717.blogspot.com


# कानाफूसी की हलचल



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

कानाफूसी, यह शब्द सुनते ही हमारे मन में एक अजीब सी हलचल पैदा हो जाती है। जैसे ही कोई कान में कुछ फुसफुसाता है, हमें लगता है कि शायद कुछ बहुत ही महत्वपूर्ण बात बताई जा रही हो। कानाफूसी से जुड़ा एक और मजेदार पहलू यह है कि यह हमेशा किसी गुप्त या रोमांचक जानकारी से जुड़ी होती है। लोग इसे ऐसे पेश करते हैं, जैसे उन्होंने दुनिया का सबसे बड़ा राज उजागर कर दिया हो, लेकिन असल में वह सिर्फ और सिर्फ एक खाली बात होती है, जो किसी के लिए किसी काम की नहीं होती। कानाफूसी की शुरुआत अक्सर किसी ऐसे व्यक्ति से होती है, जो बिल्कुल साधारण दिखता है। वे किसी भी मौके का फायदा उठाकर किसी के जीवन की कहानी सुनाना शुरू कर देते हैं। सोचिए, एक दिन एक दुकान में दो आदमी खड़े हैं, एक आलू के भाव पूछ रहा है और दूसरा किसी की शादी के बारे में जानकारी दे रहा है। दूसरा आदमी पहले तो थोड़ी देर ध्यान से सुनता है, फिर कान में फुसफुसाता है, पता है न, उसके बेटे की सगाई हो गई है! पहला आदमी हैरान होकर जवाब देता है, क्या? सगाई? अब ये कैसे हुआ? और अब पूरी दुकान में सब लोग यही सुन रहे हैं कि दुकान में आलू के साथ-साथ खबरें भी बिकती हैं। ऐसा लगता है जैसे कानाफूसी का एक अलग ही बाजार हो, जहां हर कोई किसी न किसी को कुछ न कुछ बताने की कोशिश कर रहा होता है। ये बातचीत धीरे-धीरे बढ़ने लगती है, और फिर लगता है कि अब कानाफूसी की खबर पूरे मोहल्ले में फैलने वाली है। यह सुनकर ही मन में एक अजीब सी खुशी होती है। जैसे, वाह, अब मैं भी इस चर्चा का हिस्सा बन चुका हूं! अब तो बस इंतजार होता है कि कब यह खबर बाकी सभी को भी पहुंचे। कानाफूसी से जुड़ी एक और खास बात यह है कि यह हमेशा किसी के खिलाफ नहीं होती। कई बार कानाफूसी तो किसी की तारीफ में भी होती है। एक जगह दो लोग खड़े होते हैं, एक दूसरे से कहता है, क्या तुम जानते हो कि रमेश ने इस महीने कितने मील का पत्थर पार किया? दूसरा आदमी हैरान होकर पूछता है, कौन सा मील का पत्थर? और फिर शुरू हो जाता है वह सिलसिला, जिसमें रमेश के बारे में पूरी तारीफों की लड़ी लग जाती है। अब सोचिए, क्या यह कानाफूसी का एक रूप नहीं है? लोग हमेशा दूसरे की सफलता का खुलासा इस तरह से करते हैं कि जैसे वे खुद किसी महल में बैठकर यह सब देख रहे हों। लेकिन सच कहें तो कानाफूसी का सबसे बड़ा मजा तब आता है जब यह पूरी तरह से गलत हो। एक आदमी किसी को कान में फुसफुसाता है, यार, वह बहुत दुखी है क्योंकि उसकी नौकरी चली गई है। और फिर क्या? यह खबर पूरी कॉलोनी में फैल जाती है। लेकिन जब वह आदमी सामने आता है, तो वह कहता है, नहीं भाई, मुझे तो प्रमोशन मिला है! अब कानाफूसी करने वालों को समझ नहीं आता कि इस स्थिति का क्या करें। लोग अपना मुंह छुपाने के लिए इधर-उधर देखना शुरू कर देते हैं, और यहीं पर शुरू होती है कानाफूसी की असली चुनौती। मजे की बात यह है कि कानाफूसी के बीच में कभी-कभी कुछ ऐसी जानकारी भी निकल आती है, जिसे जानकर हम सब चौंक जाते हैं।

# नववर्ष के पहले ब्रह्म मुहूर्त में करें ये काम




ब्रह्म मुहूर्त का शाब्दिक अर्थ है परमात्मा का समय। धार्मिक मान्यता है कि ब्रह्म मुहूर्त में देवी-देवता धरती पर भ्रमण करते हैं। इसलिए इस समय को उनकी कृपा प्राप्ति के लिए उत्तम माना जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से इस समय में वातावरण में सबसे ज्यादा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है जो सेहत के लिए भी लाभकारी है।

धार्मिक दृष्टि से पवित्र माना गया है ब्रह्म मुहूर्त। ब्रह्म मुहूर्त में उठने के मिलते हैं कई लाभ। ईश्वर की कृपा प्राप्ति के लि उत्तम है यह समय। हिंदू धर्म में ब्रह्म मुहूर्त को एक शुभ समय माना जाता है। इस मुहूर्त में किए गए अच्छे कर्मों का शुभ परिणाम प्राप्त होता है। सेहत की दृष्टि से भी इस समय में उठना भी काफी लाभकारी माना जाता है। ऐसे में चलिए जानते हैं कि साल के पहले ब्रह्म मुहूर्त में आप कौन-से कार्य कर सकते हैं, जिससे आपको साल भर आपको लाभ मिल सकता है।

**साल के पहले ब्रह्म मुहूर्त का समय**

साल के पहले ब्रह्म मुहूर्त का समय कुछ इस प्रकार रहने वाला है, जिसमें कुछ मंत्रों के जप से आपको विशेष लाभ मिल सकता है।

**ब्रह्म मुहूर्त का समय - सुबह 05 बजकर 25 मिनट से 06 बजकर 19 मिनट तक**

**जरूर करें ये काम**

ऐसा माना जाता है कि व्यक्ति की हथेलियां में देवी-देवताओं का वास होता है, इसलिए सुबह अपनी हथेली को देखते हुए इस मंत्र का जप करना चाहिए। ऐसा करने से साधक पर देवी लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और धन की कमी का सामना नहीं करना पड़ता।

**कराग्रे वसते लक्ष्मी, करमध्ये सरस्वती, करमूले स्थितो ब्रह्मा प्रभाते करदर्शनम'**

**करें इस मंत्र का जप**

ब्रह्म मुहूर्त में जागकर स्नान आदि करें। इसके बाद सुखासन में बैठकर अपनी आंखों को बंद करें और इस मंत्र का जप करें। मंत्र जप पूरा होने के बाद हाथ में थोड़ा-सा जल लेकर अपनी मनोकामना कहें और जल छोड़ दें। ऐसा करने से देवी-देवता आपसे प्रसन्न होते हैं और आपकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

**ब्रह्मा मुरारी त्रिपुरांतकारी भानुः शशि भूमि सुतो बुधश्च।**
**गुरुश्च शुक्र शनि राहु केतव सर्वे ग्रहा शांति करा भवंतु॥**

इन मंत्रों का भी कर सकते हैं जप

**गायत्री मंत्र -**
**ॐ भूर्भुवः स्वः**
**तत्सवितुर्वरेण्यं**
**भर्गो देवस्य: धीमहि**
**धियो यो नः प्रचोदयात॥**

**महामृत्युंजय मंत्र -**
**ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम।**
**उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योर्मुक्षीय माऽमृतात।।**

# नए साल के पहले दिन तुलसी में बांधें ये चीजें

सनातन धर्म में तुलसी के पौधे की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। यह पौधा जगत के पालनहार भगवान विष्णु को बेहद प्रिय है और इसमें देवी मां लक्ष्मी का वास माना जाता है। ऐसी धार्मिक मान्यता है कि रोजाना इस पौधे की उपासना और जल देने से इंसान को धन की प्राप्ति होती है और देवी लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। अब कुछ ही दिनों में नए साल की शुरुआत होने जा रही है, तो ऐसे में नए साल के पहले दिन तुलसी से जुड़े कुछ उपाय कर सकते हैं। वास्तु शास्त्र के अनुसार, तुलसी में कुछ चीजों को बांधने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का आगमन होता है और आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि नए साल के दिन तुलसी में किन चीजों को बांधने से इंसान की किस्मत चमक सकती है।



**प्रसन्न होंगी मां लक्ष्मी**

अगर आप जीवन में आने वाले संकटों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो नए साल के पहले दिन तुलसी के पौधे की पूजा-अर्चना करें। साथ ही परिक्रमा करें। इसके बाद पौधे में कलावा बांध दें। इस दौरान देवी लक्ष्मी से सुख-समृद्धि में वृद्धि के लिए कामना करें। मान्यता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। साथ ही इंसान की सभी मुरादें पूरी होती हैं।

**धन की होगी प्राप्ति**

इसके अलावा तुलसी के पौधे में चांदी का सिक्का भी बांध सकते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस उपाय को करने से इंसान को धन की प्राप्ति होती है, क्योंकि चांदी को सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है।

**नकारात्मक ऊर्जा होगी खत्म**

देवी लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए तुलसी के पौधे में स्वास्तिक चिन्ह बांध दें। इस उपाय को करने से घर में हमेशा मां लक्ष्मी का वास होता है। घर में से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है।

**खुलेंगे सफलता के मार्ग**

तुलसी में जल के अलावा गन्ने का रस भी अर्पित किया जा सकता है। ऐसा माना जाता है कि इस उपाय को करने से घर और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है और सभी तरह के संकटों से छुटकारा मिलता है। साथ ही जीवन में सफलता के मार्ग खुलते हैं।

**वैवाहिक जीवन होगा खुशहाल**

इसके अलावा पूजा के दौरान मां तुलसी को सुहाग की सामग्री अर्पित करें। ऐसा करने से वैवाहिक जीवन खुशहाल रहता है और पति-पत्नी के रिश्ते मजबूत होते हैं।

# इस राशि के जातक धारण करें यह रत्न नए साल में जल्द ही बनेंगे धनवान

सनातन धर्म में रत्न शास्त्र का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि रत्न को विधिपूर्वक पहनने और उसके नियम का पालन करने से व्यक्ति को जीवन में कई तरह के लाभ देखने को मिलते हैं। रत्न का कनेक्शन ग्रह से होता है। वहीं शुक्र ग्रह का संबंध हीरा से होता है। हीरा के रत्न को पहनने से सुख-समृद्धि और धन में वृद्धि होती है।

ज्योतिष शास्त्र में व्यक्ति के जीवन से जुड़ी समस्याओं के उपाय के बारे में बताया गया है। ऐसा माना जाता है कि उपाय को सही तरीके से करने से व्यक्ति के सफलता के मार्ग खुलते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, राशि के अनुसार रत्न पहनना बेहद शुभ माना जाता है। कुंडली में ग्रहों के मजबूत होने पर व्यक्ति को जीवन में सभी तरह के सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही कारोबार में वृद्धि होती है। अगर आपको जीवन के सुखों की प्राप्ति नहीं हो रही है, तो ऐसे में ज्योतिष रत्न धारण करने की सलाह देते हैं। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शुक्र ग्रह का संबंध सुख, दांपत्य जीवन और धन से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में हीरा शुभ संकेत को प्राप्त करने के लिए बेहद उत्तम रत्न




माना जाता है। ऐसे में आइए इस आर्टिकल में जानते हैं कि किस राशि के जातकों को शुक्र ग्रह का रत्न पहनना चाहिए।

**किस राशि के जातक पहन सकते हैं शुक्र रत्न**

ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक, शुक्र ग्रह के हीरा रत्न को वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर और कुंभ राशि के जातक पहन सकते हैं।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, शुक्र रत्न पहनने से व्यक्ति को जीवन में सभी प्रकार के सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही वैवाहिक जीवन में खुशियों का आगमन होता है और पति-पत्नी के रिश्ते मजबूत होते हैं। लंबी आयु का वरदान प्राप्त होता है।

**किस दिन पहनना शुभ होता है शुक्र रत्न**

ऐसा माना जाता है कि शुक्र रत्न को पहनने के लिए शुक्रवार का दिन उत्तम होता है। इसके अलावा इसे पूर्णिमा तिथि पर भी धारण करना फलदायी साबित होता है।

**इस विधि से पहने शुक्र रत्न**

शुक्र रत्न पहनने से पहले इसे गंगाजल, जल और शहद समेत आदि चीजों से शुद्ध करें। इसके बाद सूर्य के उदय होने के बाद धारण करें। श्रद्धा अनुसार गरीब लोगों में अन्न, धन और वस्त्र का दान करें। माना जाता है कि इस विधि के द्वारा शुक्र रत्न पहनने से इंसान को जीवन में कई तरह के लाभ देखने को मिलते हैं और धन लाभ के योग बनते हैं। इसके अलावा शुक्र ग्रह की महादशा से छुटकारा मिलता है।

# कौन थीं युधिष्ठिर की पत्नी

## क्यों साथ नहीं गईं वनवास, कही गई रहस्यमयी

क्या आपको मालूम है कि पांडव भाइयों में प्रमुख युधिष्ठिर की पत्नी कौन थीं। पूरी महाभारत कथा में उनके बारे में बहुत कम मिलता है। हालांकि द्रौपदी को भी उनकी पत्नी कहा जाता है लेकिन वह तो सभी पांचों भाइयों की संयुक्त पत्नी थीं। युधिष्ठिर ने शादी की थी। उनकी द्रौपदी के अलावा एक ही पत्नी थीं। जिससे उन्हें एक बेटा भी था। हालांकि उन्हें महाभारत की सबसे रहस्यमय महिलाओं में माना जाता था।



धर्माचार्य युधिष्ठिर की पत्नी का नाम देविका था। वह एक क्षत्रिय राजकुमारी थी, जिसका विवाह पांडवों के सबसे बड़े भाई युधिष्ठिर से हुआ था। हालांकि महाभारत में उनकी भूमिका को लेकर काफी बहस की जाती है लेकिन सही बात यही है कि उनकी भूमिका इसमें स्पष्ट नहीं है। वह वनवास में युधिष्ठिर के साथ नहीं गईं थीं। वनवास से पूर्व ही उनका विवाह युधिष्ठिर के साथ हो चुका था। लेकिन उनका विवाह द्रौपदी के बाद हुआ था।

तब युधिष्ठिर ने कहा – वह अविवाहित हैं

जब अर्जुन स्वयंवर नीचे पानी में प्रतिबिंब देखकर ऊपर घूमती हुई मछली की आंख में निशाना लगाते हैं तो द्रौपदी उन्हें वर लेती हैं। तब जब राजा द्रुपद से युधिष्ठर का परिचय कराया जाता है तो वह यही कहते हैं कि वह अभी अविवाहित हैं।

युधिष्ठिर की पत्नी देविका

**कब हुआ युधिष्ठिर का विवाह**

देविका और युधिष्ठिर के बीच विवाह तो हुआ लेकिन ये कब हुआ, ये साफ नहीं है। कुछ स्रोतों का दावा है कि वह उनके युवराज के रूप में राज्याभिषेक के बाद उनकी पत्नी बनीं। जबकि कुछ सुझाव ये हैं कि उनका युधिष्ठिर से विवाह कुरुक्षेत्र युद्ध के बाद हुआ। महाकाव्य की प्रमुख घटनाओं में उनकी उपस्थिति का उल्लेख नहीं है।

**वनवास में क्यों नहीं गई साथ**

वैसे आमतौर पर कहा जाता है कि जब पांडवों को 14 साल का वनवास हुआ तो युधिष्ठिर का विवाह हो चुका था। देविका को युधिष्ठिर ने मां कुंती के पास ही छोड़ दिया था। वह वनवास के दौरान उनके साथ नहीं रहीं।

**क्या था दोनों के पुत्र का नाम**

देविका का युधिष्ठिर से यौधेय नाम का एक पुत्र था। जिसने महाभारत के युद्ध में हिस्सा लिया और मारा गया। क्योंकि महाभारत के युद्ध के बाद पांडवों के कोई पुत्र जीवित नहीं बचा था। बस उत्तरा के गर्भ में परीक्षित पल रहे थे। जिन्हें बाद में युधिष्ठिर ने 36 बरसों तक राजपाट करने के बाद शासन सौंप दिया था। फिर वह हिमालय की ओर अपने भाइयों और पत्नियों के साथ अंतिम यात्रा पर निकल गए थे। हालांकि विष्णु पुराण में युधिष्ठिर के पुत्र का नाम देवक और माता का नाम यौधेयी बताया गया है।

**धर्माराज युधिष्ठिर के साथ देविका**

किस वंश से ताल्लुक रखती थीं

देविका का उल्लेख महाभारत में मिलता है। वह महान राजा, गोवासेन, सिवी साम्राज्य के शासक की बेटी थी। युधिष्ठिर की पत्नी थी। देविका एक बहुत ही पवित्र महिला थीं। महाकाव्य महाभारत में महिलाओं के बीच उनका उल्लेख " रत्न " के रूप में किया गया। लेकिन चूंकि उनका बहुत उल्लेख महाभारत में नहीं हुआ लिहाजा उन्हें रहस्यमयी मान लिया गया। **(जारी)**

# नए साल में घर लाएं इन चीजों को तेजी से बढ़ने लगेगी कमाई

**दर्पण-** वास्तु में दर्पण को बहुत ही शुभ माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि दर्पण में दोगुना लाभ देने की क्षमता होती है। नए साल में अपने घर में एक सुंदर सा सजावटी दर्पण लेकर आएं और इसे घर की उत्तर दिशा में लगाएं। इसके साथ ही आप चाहें तो ऑफिस में भी अपने बैठने के स्थान पर दर्पण लगा सकते हैं। वहीं जो लोग बिजनस करते हैं वे अपने प्रतिष्ठान पर कैश काउंटर के ठीक सामने एक दर्पण लगा सकते हैं। ऐसा करने से निश्चित ही आपकी कमाई में वृद्धि होगी।

**विंड चाइंब-** वास्तु में विंड चाइंब की मधुर ध्वनि को बहुत ही शुभ माना गया है। मान्यता है कि घर, ऑफिस या फिर प्रतिष्ठान में वंडि चाइंब लगाने से हर प्रकार की नकारात्मक ऊर्जा दूर होकर वहां पर पॉजिटिव एनर्जी का फ्लो बढ़ता है। ऐसी मान्यता है कि जिस स्थान पर विंड चाइंब लगी होती है वहां की दरिद्रता दूर होती है और धन में वृद्धि होती है। इसलिए नए साल पर आप भी अपने घर में विंड चाइंब जरूर लाकर लगाएं।

**लाफिंग बुद्धा-** वास्तु में लाफिंग बुद्धा को खुशियों का खजाना माना जाता है। घर में लाफिंग बुद्धा को लाने से खुशियों में इजाफा होता है और परिवार के सभी सदस्यों के बीच में प्यार बना रहता है। अगर आप भी नए साल पर अपने घर में लाफिंग बुद्धा ला रहे हैं तो इन्हें ड्रॉइंग रूप में मुख्य द्वार की तरफ मुख करके रखना चाहिए। लाफिंग बुद्धा को घर में लाने से आपके घर में धन की कमी नहीं होती हैं और सुख समृद्धि भी बढ़ती है।

# इंद्र ने अंगराज से मांगा था दान, लेकिन साथ नहीं ले जा पाए स्वर्ग

महाभारत के पात्रों में कर्ण जैसा दानवीर कोई नहीं था। कर्ण सूर्य देव का पुत्र था, जिसे कुंती ने दुर्वासा ऋषि के दिए मंत्र से विवाह पूर्व प्राप्त किया था। कर्ण को सूर्य देव से दिव्य कवच और कुंडल प्राप्त था, जिसके रहते, उसका कोई भी बाल बांका नहीं कर सकता था। कर्ण जितना बड़ा पराक्रमी और धनुर्धर था, उससे बड़ा वह दानी व्यक्ति था। उसके बारे में कहा जाता है कि उसके दरवाजे से कोई भी खाली हाथ वापस नहीं जाता था, जिसने भी उससे कुछ मांगा, उसे वह मिला, चाहें परिस्थितियां कैसी भी क्यों न हों। महाभारत के युद्ध से पूर्व इंद्र देव को इस बात की चिंता थी कि कर्ण से उनके पुत्र अर्जुन का युद्ध हुआ तो कर्ण उस पर भारी पड़ सकता है।

# बीजापुर की गुफा में रखा है कर्ण का कवच-कुंडल !

**इंद्र देव ने किया कर्ण से छल**

एक दिन कर्ण स्नान करने के बाद सूर्य देव की पूजा कर रहा था, पूजा खत्म होते ही इंद्र देव ने ब्राह्मण रूप में आकर उससे कवच और कुंडल का दान मांग लिया। कर्ण ने बिना सोचे इंद्र देव को वह दिव्य कवच और कुंडल दान कर दिया। यदि इंद्र देव ने छल नहीं किया होता तो महाभारत के युद्ध में वह कवच और कुंडल कर्ण के पास होता तो उसे हरा पाना और भी कठिन होता।

**कहां रखा है कर्ण का कवच-कुंडल?**

लोक मान्यताओं के अनुसार, इंद्र देव जब कर्ण का कवच और कुंडल दान के रूप में पा गए तो उसे वे स्वर्ग लेकर नहीं गए। यदि वे कर्ण का कवच और कुंडल साथ लेकर नहीं गए तो वह कहां पर है? इसे बारे में कहा जाता है कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर गांव में एक गुफा है, जिसके अंदर और बाहर जाने का कोई रास्ता नहीं है। उस गुफा के अंदर से लगातार एक रोशनी निकलती रहती है।





अब उस गुफा के अंदर जब आने और जाने का रास्ता नहीं है तो सूरज की रोशनी भी उसके अंदर नहीं पहुंच पाती है। मगर उस खुफा के अंदर से रोशनी बाहर आती है। ऐसा माना जाता है कि इंद्र देव जब कर्ण का कवच और कुंडल लेकर जा रहे थे, तब सूर्य देव उनसे काफी नाराज हो गए और उनको श्राप दे दिया। श्राप के कारण इंद्र के रथ का पहिया इस जगह पर फंस गया था।


तब उस जगह पर ही एक गुफा तैयार की गई और वहीं पर कर्ण के कवचा और कुंडल को छिपा दिया गया था। वह कवच और कुंडली इतना शक्तिशाली था कि उसे इंद्र भी अपने साथ स्वर्ग नहीं ले जा पाए। ऐसा माना जाता है कि छत्तीसगढ़ के बीजापुर के इस गुफा में ही कर्ण का कवच और कुंडल आज भी रखा हुआ है। स्थानीय लोगों की मान्यता है कि उस गुफा के पास इंद्र के रथ के पहिए के निशान भी मौजूद हैं।

**कोणार्क में छिपा रखा है कवच-कुंडल**

एक अन्य मान्यता के अनुसार, पुरी के कोणार्क में कर्ण का कवच और कुंडल रखा गया है। कहा जाता है कि इंद्र देव ने इसे छल से हासिल किया था, इस वजह से उसे स्वर्ग नहीं ले जा सके। तब उन्होंने समुद्र तट पर इसे छिपा दिया। उनको ऐसा करते हुए चंद्र देव देख लिया था। चंद्र देव कर्ण के कवच और कुंडल को लेकर जाने लगे, तो समुद्र देव ने उनको रोक दिया। लोक मान्यताओं के अनुसार, तब से सूर्य देव और समुद्र देव कवच और कुंडल की रक्षा कर रहे हैं।

# ‘पुष्पा 2: द रूल’ में अल्लू अर्जुन संग 'पीलिंग्स' सॉन्ग करने में कंफर्टेबल नहीं थीं रश्मिका

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म ‘पुष्पा 2’ बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 11 सौ करोड़ से ज्यादा कमाई कर सभी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. वहीं वर्ल्डवाइड इस फिल्म ने 17सौ करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है और अब भी इस मूवी की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही है. फिल्म को मिल रही महा बंपर सक्सेस के बीच रश्मिका मंदाना ने खुलासा किया है कि वे ‘पुष्पा 2: द रूल’ के पीलिंग्स सॉन्ग की शूटिंग के दौरान 'अनकंफर्टेबल' थी.



**अल्लू संग पीलिंग्स की शूटिंग के दौरान रश्मिका नहीं थीं कंफर्टेबल**

बता दें कि ‘पुष्पा 2: द रूल’ के पीलिंग्स सॉन्ग में पुष्पा राज (अल्लू अर्जुन) और श्रीवल्ली (रश्मिका) की धमाकेदार रोमांटिक केमिस्ट्री दिखाई गई है. हालांकि गाने के रिलीज होने के बाद से इसकी कोरियोग्राफी की काफी आलोचना हुई है. हाल ही में रश्मिका ने एक इंटरव्यू में अपने इस गाने को लेकर बात की और कबूल किया कि वह गाने की शूटिंग के दौरान 'कंफर्टेबल' नहीं थीं, लेकिन अपने को-एक्टर अल्लू अर्जुन और निर्देशक सुकुमार पर भरोसा करते हुए उन्होंने इसे किया. दरअसल गालाता प्लस से बात करते हुए, रश्मिका ने कहा, ‘ज्यादातर समय, मुझे ऐसा लगता था जैसे मैं अल्लू अर्जुन सर पर डांस कर रही हूं. मुझे लिफ्टिंग का फोबिया है और मैं इसके साथ बहुत कंफर्टेबल नहीं थी. मैं ये सोचकर हैरान थी कि मैं यह कैसे करने जा रही हूं?'

**पीलिंग्स की कोरियग्राफी की ट्रोलिंग पर क्या बोलीं रश्मिका**

कोरियोग्राफी को फिल्मप्रेमियों और फैंस से आलोचना मिलने के बारे में बोलते हुए, रश्मिका ने कहा, अगर मैं अपनी भूमिकाओं के बारे में ज्यादा सोचना या अलग करना शुरू कर दूं, तो मैं खुद को टाइपकास्ट कर रही हूं. मैं यहां अपना काम करने के लिए हूं, और मैं अपने डायरेक्टर से 'एक्सीलेंट' शब्द सुनने के लिए काम करती हूं. यही मेरे लिए मायने रखता है.”

**पुष्पा 2 साल 2021 की पुष्पा की सीक्वल है**

बता दें कि ‘पुष्पा 2: द रूल’ साल 2021 में आई ‘पुष्पा द राइज’ की सीक्वल है. फिल्म में अल्लू अर्जुन फिर से पुष्पा राज और रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली के किरदार में छा गए हैं. वहीं फहद फासिल ने फिल्म में एक बार फिर आईपीएस भंवर सिंह शेखावत की भूमिका को दोहराया है. बता दें कि पुष्पा 2 के बाद अब पुष्पा 3: द रैम्पेज आएगी.

# केबीसी 16 में होगा नए साल का सुरीला जश्न अमिताभ बच्चन संग नजर आएंगे दो मशहूर सिंगर



‘केबीसी 16’ में नए साल का जश्न अमिताभ बच्चन बड़े ही खास अंदाज में मनाने वाले हैं। नए साल के जश्न से जुड़े एपिसोड में सदी के महानायक के साथ बॉलीवुड के दो नामी सिंगर भी नजर आएंगे। यह दोनों बॉलीवुड के सबसे बेहतरीन सिंगर्स में से एक हैं। जानिए, कौन बांधने वाला है, नए साल के जश्न का सुरीला समा, ‘केबीसी 16’ में अमिताभ बच्चन के साथ?

**दोनों सिंगर्स हैं अमिताभ बच्चन के फैन**

हाल ही में सोनीटीवीऑफिशियल इंस्टाग्राम अकांउट पर ‘केबीसी 16’ का प्रोमो पोस्ट किया गया है। जिसमें अमिताभ बच्चन नए साल के जश्न वाले एपिसोड में दो नामी बॉलीवुड सिंगर्स का स्वागत कर रहे हैं। दोनों ही सिंगर अमिताभ बच्चन के फैन है। इन दो सिंगर्स का नाम है, शंकर महादेवन और गुरुदास मान। दोनों ही अमिताभ बच्चन के इस रियालिटी शो पर आकर काफी खुश नजर आ रहे हैं।

**मशहूर गाने सुनने को मिलेंगे**

‘केबीसी 16’ में हॉट सीट पर बैठकर गेम खेलने के अलावा गुरुदास मान और शंकर महादेवन ने अपने मशहूर गाने भी गाएंगे। दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। उनके गाए गए कुछ गानों की झलक प्रोमो में भी नजर आईं। अमिताभ बच्चन दोनों सिंगर्स के गानों पर काफी एंज्वॉय करते हुए दिख रहे हैं।

**शो के अलावा फिल्मों में व्यस्त अमिताभ बच्चन**

अमिताभ बच्चन ‘केबीसी 16’ को होस्ट करने के अलावा कुछ अपकमिंग फिल्मों में भी व्यस्त हैं। अगले साल उनकी एक फिल्म ‘आंखें 2’ दर्शकों को देखने को मिल सकती है। इसके अलावा भी वह कुछ और फिल्मों में भी नजर आ सकते हैं।

साल 2024 में भी अमिताभ बच्चन ‘कल्कि 2898 एडी’ और ‘वैटेयान’ में नजर आए थे। दक्षिण भारतीय फिल्म ‘वैटेयान’ में अमिताभ बच्चन ने रजनीकांत के साथ अभिनय किया। वहीं ‘कल्कि 2898 एडी’ में वह एक्शन अंदाज में नजर आए। फिल्म में वह अश्वत्थामा के किरदार में नजर आए थे।

# क्या सुजॉय घोष की अगली फिल्म में काम करने जा रहे शाहिद?

सुजॉय घोष को लेकर बीते लंबे समय से खबरें थीं कि वो शाहरुख खान और उनकी बेटी सुहाना खान की आगामी फिल्म 'किंग' का निर्देशन करेंगे। हालांकि, बीते दिन जानकारी मिली कि फिल्म के निर्देशन की कमान सिद्धार्थ आनंद को सौंपी गई है। वहीं, 'किंग' से बाहर होने के बाद ही एक और खबर वायरल हुई थी कि सुजॉय ने अपने नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो वह एक थ्रिलर प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। साथ ही मुख्य भूमिका के लिए इस बॉलीवुड स्टार के साथ बातचीत भी चल रही है और इसमें शाहिद कपूर का नाम सामने आया था। हालांकि, यह खबर पूरी तरह से गलत है।

**शाहिद की टीम ने किया इनकार**

इस खबर को लेकर जब शाहिद की टीम से बात की तो उन्होंने इस खबर से पूरी तरह से इनकार कर दिया। टीम ने बताया कि अभिनेता ऐसी किसी भी फिल्म में काम नहीं कर रहे हैं। ऐसे में वायरल हो रहीं खबरें पूरी तरह से गलत हैं और बिना किसी आधार पर चर्चा में चल रही हैं।





**इस फिल्म को लेकर चर्चा में हैं शाहिद**

शाहिद इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'देवा' के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस फिल्म के साथ शाहिद एक बार स्क्रीन पर दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। इस फिल्म को रोशन एंड्रयूज ने निर्देशित किया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म में शाहिद एकदम अलग अवतार में नजर आएंगे। फैंस भी फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में शाहिद कपूर, पूजा हेगड़े और पावेल गुलाटी मुख्य भूमिका में हैं।

**इन सितारों से सजी है 'किंग'**


वहीं बात करें फिल्म किंग की तो इसमें शाहरुख खान मुख्य भूमिका में हैं और अभिनेता की बेटी सुहाना खान मुख्य किरदार निभा रही हैं और अभिषेक बच्चन खलनायक की भूमिका में हैं। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और मार्फ्लिक्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में एक बेहतरीन क्रिएटिव टीम है।

# अमिताभ के नाती की फिल्म का नहीं मैडॉक के पास कोई अपडेट, रिलीज पर मंडराया संकट

निर्माता रमेश तौरानी की फिल्म ‘मेरी क्रिसमस’ की रिलीज के बाद इसके निर्देशक श्रीराम राघवन अरसे से अपनी अगली फिल्म ‘इक्कीस’ को पूरा करने में लगे हुए हैं। इस फिल्म के हीरो पहले वरुण धवन थे, फिर उनकी छुट्टी करके श्रीराम ने इसमें अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता नंदा के बेटे अगस्त्य को लीड रोल में साइन किया और उनके साथ पैडिंग के लिए धर्मेंद्र जैसे पुराने दिग्गज और जयदीप अहलावत जैसे नए सितारे को भी लाए। फिल्म की रिलीज 10 जनवरी 2025 को घोषित की गई थी, लेकिन इस फिल्म को लेकर इसकी निर्माता कंपनी मैडॉक में फिलहाल कोई हलचल ही नहीं है।

अपनी पिछली फिल्म ‘स्त्री 2’ की जबर्दस्त कामयाबी के बाद से निर्माता दिनेश विजन लेफ्ट, राइट, सेंटर नई फिल्मों की योजनाएं बनाते जा रहे हैं। उनकी अगली फिल्म ‘थामा’ की बोहनी हो चुकी है। फिल्म की शूटिंग तो विधिवत शुरू नहीं हुई है लेकिन फिल्म जगत को उत्साहित करने के लिए फिल्म की थोड़ी बहुत शूटिंग हुई है जिसे अब फिल्म का परिचय देने वाला शूट बताया जा रहा है। लेकिन, इस सारी उथलपुथल के बीच जनवरी महीने की रिलीज स्लेट से एक फिल्म धीरे से गायब हो गई है। बताते हैं कि अभिनेता अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया भी इस फिल्म से डेब्यू कर रही हैं।

पहले वरुण धवन के साथ बनने के लिए प्रस्तावित ये फिल्म शुरू से संकट में रही है। अब नया संकट इसकी रिलीज डेट को लेकर है। नई फिल्मों की रिलीज डेट प्रकाशित करने वाली तमाम वेबसाइट्स से अगस्त्य नंदा की बड़े परदे पर रिलीज होने वाली पहली फिल्म ‘इक्कीस’ का नाम जनवरी मे रिलीज होने वाली फिल्मों की सूची से बीते दो दिन में धीरे से हटा लिया गया है।



भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए 21 वर्षीय लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की शहादत पर बन रही इस फिल्म में धर्मेंद्र उनके पिता के किरदार में हैं। अरुण खेत्रपाल से पहले ही चार पीढ़ियों भी फौज में काम करती आई हैं। अरुण के पिता एम एल खेत्रपाल उस समय फौज में लेफ्टिनेंट कर्नल थे, जब अरुण पाकिस्तान के टैंक नष्ट करते हुए शहीद हो गए

फिल्म ‘इक्कीस’ की शूटिंग फरवरी 2024 में ही शुरू हो गई थी, लेकिन श्रीराम राघवन का किसी फिल्म को शूट करने का अपना अलग स्टाइल रहा है और जब तक वह किसी सीन या कलाकार से पूरी तरह मुतमईन नहीं हो जाते हैं, वह आगे नहीं बढ़ते हैं। मैडॉक के सूत्रों की मानें तो फिल्म का काम ही अभी पूरी नहीं हुआ है, दूसरे इस फिल्म को लेकर ट्रेड में बहुत ज्यादा गर्मी नहीं है। फिल्म की सिनेमाघरों में रिलीज भी मुश्किल दिख रही है और कुछ दिनों में फैसला ये भी हो सकता है कि इसे सिनेमाघरों के लिए रोका जाए या सीधे ओटीटी को दे दिया जाए।

अगर फिल्म ‘इक्कीस’ सिनेमाघरों में नहीं पहुंच पाती है तो ये निर्देशक श्रीराम राघवन की ब्रांड इमेज पर बड़ा धब्बा तो होगा ही, अगस्त्य नंदा के लिए भी इसके बाद आगे की राह मुश्किल हो सकती है। अगस्त्य की बोहनी नेटफ्लिक्स की फिल्म ‘आर्चीज’ से कैमरे के सामने हो चुकी है, लेकिन बड़े परदे पर उनके तिलिस्म का इम्तिहान होना अभी बाकी है। इस बारे में मैडॉक फिल्म्स से जानकारी चाही गई तो प्रोडक्शन हाउस की प्रवक्ता ने कुछ भी जानकारी होने से इन्कार कर दिया।

# नए साल से पहले अशनूर कौर ने रेड थाई हाई स्लिट ड्रेस में दिखाई दिलकश अदाएं



20 साल की अशनूर कौर टीवी का पॉपुलर चेहरा हैं. एक्ट्रेस अक्सर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरों से फैंस को दीवाना बनाए रखती हैं. अब अशनूर ने अपनी काफी ग्लैमरस अवतार की फोटो शेयर की हैं. अशनूर कौर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. महज 20 साल की उम्र में वह काफी पॉपुलर नाम बन चुकी हैं. अशनूर ने टीवी पर कई सीरियल में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाया है. वहीं वे सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं और अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से इंटरनेट पर आग लगाती रहती हैं. अशूनल ने अब अपनी लेटेस्ट रेड वाइन लुक की तस्वीरों से इंटरनेट हिला डाला है.

नए साल से पहले अशनूर ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर कर फैंस के दिलों को धड़का दिया है. तस्वीरों में एक्ट्रेस रेड कलर की थाई हाई स्लिट ड्रेस में गजब ढाती नजर आ रही हैं.उनकी ये ड्रेस बैक साइड से काफी स्टालिश डिजाइन वाली है. अशनूल ने अपने हाथों में रेड कलर के नेट के गल्व्स भी पहने हुए हैं. और हाथों में व्हाइट फ्लावर्स लिए एक्ट्रेस काफी हसीन लग रही हैं. स्ट्रेप वाली ड्रेस में अशनूर ने ग्लॉसी मेकअप किया है और अपने बालों को कर्ल किया है. इस लुक में एक्ट्रेस कहर ढाती नजर आ रही हैं. इस तस्वीरों को शेयर करते हुए अशूनर ने कैप्शन में लिखा है सांता आप देर से आए हैं. यानी ये तस्वीरें एक्ट्रेस की क्रिसमस के मौके की हैं जिन्हें उन्होंने देर से पोस्ट किया है. अशनूर ने अपनी बॉसी वाइब्स वाली तस्वीरें भी शेयर की हैं. एक्ट्रेस ऑल ब्लैक लुक में कमाल लग रही है. अशनूर के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे फिलहाल सुमन इंदौरी सीरियल में नजर आ रही हैं.

# 'वो हर तीसरे लड़के को डेट करती है,' पलक तिवारी की डेटिंग लाइफ पर मां श्वेता ने दिया बेबाक जवाब

अफवाह है कि पलक तिवारी सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान को डेट कर रही हैं। उनके लगातार एक साथ दिखने से इन अफवाहों को हवा मिली। वहीं, बेटी की डेटिंग की रिपोर्ट्स पर अब खुद मां श्वेता तिवारी ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। साथ ही खुलासा किया कि इन सबका उन पर कैसा प्रभाव पड़ता है।

**बेटी की डेटिंग रिपोर्ट्स पर श्वेता की दो टूक**

जब श्वेता तिवारी से बेटी पलक तिवारी की डेटिंग अफवाहों पर उनके विचार पूछे गए, तो उन्होंने कहा, 'अफवाहें अब मुझे परेशान नहीं करतीं, पिछले कुछ वर्षों में मुझे एहसास हुआ है कि लोगों की याददाश्त केवल चार घंटे तक रहती है। उसके बाद वे समाचार भूल जाएंगे, तो चिंता क्यों करें? अफवाहों के मुताबिक, मेरी बेटी हर तीसरे लड़के को डेट कर रही है और मैं हर साल शादी कर रही हूं।'

**ट्रोल्स को दिया करारा जवाब**

श्वेता तिवारी ने अपनी बात में जोड़ा, 'इंटरनेट के अनुसार, मैं पहले ही तीन बार शादी कर चुकी हूं। ये चीजें अब मुझे प्रभावित नहीं करतीं, पहले करती थीं जब सोशल मीडिया नहीं था और कुछ पत्रकार फिल्मी हस्तियों के बारे में अच्छा लिखना बिल्कुल पसंद नहीं करते थे। मनोरंजन जगत की हस्तियों के बारे में नकारात्मकता बिकती है। उस युग से निपटने के बाद, इसका मुझ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।'

**बेटी की ट्रोलिंग से होता है दुख**

बेटी पलक की ट्रोलिंग पर अपना दुख जाहिर करते हुए श्वेता तिवारी ने कहा, 'यह मुझे कभी-कभी डराता है। पलक चाहे कैसी भी दिखती हो लेकिन वो बहुत मासूम है। वो लोगों को जवाब देना नहीं जानती है। ट्रोलिंग का ये युग काफी बदसूरत हो गया है।



लोगों ने उसे नीचे खींचने की कोशिश की है, लेकिन वह कमेंट्स नहीं पढ़ती है। हालांकि, जब वो ट्रोल होती है तो इसका मुझ पर असर पड़ता है।'

**श्वेता-पलक का वर्कफ्रंट**

श्वेता तिवारी को 'कसौटी जिंदगी की', 'परवरिश' और 'बेगुसराय' जैसे पॉपुलर टीवी शोज में उनकी भूमिका के लिए जाना जाता है। वहीं, पलक की बात करें तो उन्होंने सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया। फिल्म में शहनाज गिल, राघव जुयाल, पूजा हेगड़े और सिद्धार्थ निगम भी हैं। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने में असफल रही। वह अगली बार हॉरर-कॉमेडी 'द वर्जिन ट्री' में दिखाई देंगी। फिल्म में संजय दत्त, मौनी रॉय और सनी सिंह भी हैं और इसके 2025 में रिलीज होने की उम्मीद है।



# फेफड़ों के कैंसर का बढ़ता खतरा, बचाव के लिए अभी से शुरू कर दें ये उपाय

साल 2024 वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कई प्रकार की चुनौतियों से भरा रहा। पिछले तीन वर्षों की तुलना में इस साल कोरोनावायरस का प्रकोप भले ही कम रहा हो पर कई अन्य बीमारियों ने स्वास्थ्य क्षेत्र पर अतिरिक्त दबाव बढ़ाया। हृदय स्वास्थ्य से संबंधित चुनौतियों ने लोगों को खूब परेशान किया, इस साल के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि अकेले कोरोनरी आर्टरी डिजीज (सीएडी) के कारण एक करोड़ से अधिक लोगों की मौत हो गई। हृदय स्वास्थ्य समस्याओं के अलावा साल 2024 लंग्स कैंसर और इसके कारण होने वाली जटिलताओं के लिए भी याद किया जाता रहेगा।

रिपोर्ट के मुताबिक इस साल लंग्स कैंसर, टेकिया और ब्रोंकाइटिस के कारण 18 लाख से अधिक लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ गई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि फेफड़ों का कैंसर आने वाले वर्षों में भी स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कई प्रकार की चुनौतियां पैदा कर सकता है। भविष्य में इस कैंसर के कारण मौत के आंकड़ों के बढ़ने को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।



डॉक्टर्स कहते हैं, आहार और लाइफस्टाइल की कई गड़बड़ियों के कारण साल-दर-साल इस घातक कैंसर का खतरा बढ़ता जा रहा है। आने वाले वर्षों में इस गंभीर रोग का खतरा कम किया जा सके और स्वास्थ्य क्षेत्र पर लंग्स कैंसर के बढ़ते दबाव को कम किया जा सके इसके लिए सभी लोगों को अभी से प्रयास शुरू कर देना चाहिए। पर कैसे? आइए जानते हैं।

**फेफड़ों के कैंसर का बढ़ता खतरा**

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि फेफड़ों का कैंसर दुनियाभर में मौत के प्रमुख कारणों में से एक है। फेफड़ों की ये गंभीर बीमारी पुरुषों और महिलाओं दोनों में देखी जा रही है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ कम उम्र से ही सभी लोगों को बचाव के लिए प्रयास शुरू करने की सलाह देते हैं।

अध्ययनों से पता चलता है कि धूम्रपान करने वाले लोगों में फेफड़ों की गंभीर बीमारियों सहित कैंसर होने का खतरा अधिक देखा जाता है, ये लंग्स कैंसर के करीब 85 फीसदी मामलों के लिए जिम्मेदार है। तम्बाकू के धुएं में 7,000 से अधिक रसायन होते हैं, जिनमें कम से कम 70 ऐसे रसायन शामिल हैं जो कैंसर का कारण बनते हैं। हालांकि वैश्विक डेटा से पता चलता है कि धूम्रपान न करने वाले लोग भी इस कैंसर का शिकार हो रहे हैं।

**कैसे जानें आपको फेफड़े का कैंसर तो नहीं?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लंग्स कैंसर, फेफड़ों को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली समस्या है, हालांकि इसके लक्षण आमतौर पर शुरुआती दौर में बहुत स्पष्ट नहीं दिखते हैं। ज्यादातर लोगों में इसका पता ही तब चल पाता है जब ये बीमारी गंभीर हो जाती है और कैंसर काफी फैल चुका होता है।

हालांकि ज्यादातर विशेषज्ञों का कहना है कि यदि आपको लंबे समय तक खांसी की दिक्कत बनी रहती है, छाती में दर्द होता रहता है, खांसी के साथ खून आता है, सांस लेने में तकलीफ होती है या फिर घबराहट का अनुभव होता रहता है तो ये कैंसर का संकेत हो सकता है। जिन लोगों के परिवार में पहले भी किसी को ये कैंसर रहा हो उन्हें और अधिक सावधानी बरतते रहना और समय-समय पर श्वसन रोग विशेषज्ञों की सलाह लेते रहना चाहिए।

**क्या कहती हैं विशेषज्ञ?**

हम पहले सोचते थे कि सभी फेफड़ों के कैंसर एक जैसे होते हैं, लेकिन अब देखने को मिल रहा है वास्तव में इनमें बहुत अंतर हो सकता है। धूम्रपान निश्चित ही इस कैंसर का प्रमुख कारण है पर नॉन स्मोकर्स में भी कई कारणों से इसके मामले बढ़ रहे हैं। अच्छी खबर यह है कि धूम्रपान न करने वालों में लंग्स कैंसर के प्रकार उतने गंभीर नहीं होते हैं और इसके उपचार के लिए दवाएं उपलब्ध हैं। रसायनों या वायु प्रदूषण के संपर्क से बचाव करके आप इस खतरनाक कैंसर से बचा जा सकता है।

**बचाव के लिए करें ये पांच उपाय**

श्वसन रोग विशेषज्ञ कहते हैं, फेफड़ों के कैंसर से बचे रहने के लिए कुछ उपाय मददगार हो सकते हैं, जिसपर सभी लोगों को ध्यान देते रहने की जरूरत है।

अगर आप धूम्रपान करते हैं, तो इसे तुरंत छोड़ दें। धूम्रपान छोड़ने से भी इस कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है।

सेकेंडहैंड स्मोकिंग से भी बचें। अगर आप धूम्रपान करने वाले लोगों के साथ रहते हैं तो उन्हें धूम्रपान छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। सेकेंडहैंड स्मोकिंग यानी सिगरेट के धुएं के अक्सर संपर्क में रहने के कारण भी आपमें इस कैंसर का खतरा हो सकता है भले ही आप धूम्रपान न करते हों।

अपने घर में रेडॉन की जांच करें। रेडॉन सहित अन्य रसायनों के संपर्क में रहने से भी आप कैंसर का शिकार हो सकते हैं।

अगर आप ऐसी जगहों पर काम करते हैं जहां रसायनों का इस्तेमाल होता है तो मास्क और सुरक्षात्मक उपायों का गंभीरता से पालन करें।

व्यायाम करें और फलों और सब्जियों से भरपूर आहार लें। ये स्वस्थ आदतें कई तरह के कैंसर, साथ ही हृदय रोग और मधुमेह के जोखिम को कम करेंगी।

# आप भी तो नहीं हैं मोटिवेशनल रील्स और कंटेंट के शिकार?




सोशल मीडिया और रील्स की दुनिया आपको भी अपनी गिरफ्त में ले चुकी हो तो कोई बड़े ताज्जुब की बात नहीं है। गिरफ्त शब्द का इस्तेमाल इसलिए क्योंकि सोशल मीडिया के अत्यधिक इस्तेमाल को लेकर दुनियाभर के विशेषज्ञ लगातार चिंता जताते रहे हैं। चिंता इस बात की भी है कि इसपर सहजता से उपलब्ध कंटेंट को देखते रहना मानसिक स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक पाया गया है।

इसी संबंध में इसी संबंध में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने साल 2024 के लिए 'ब्रेन रोट' शब्द को 'वर्ड ऑफ द ईयर' घोषित किया। ब्रेन रोट शब्द सोशल मीडिया पर अत्यधिक मात्रा में मौजूद दोयम दर्जे वाले कंटेंट के कारण होने वाले मानसिक दुष्प्रभावों को लेकर चिंता को दर्शाता है।

सोशल मीडिया पर मोटिवेशनल रील्स और कंटेंट की भी भरमार है। कहीं ये रील्स आपको 'प्रेरणामद' तो नहीं बना रहे हैं? ब्रेन रोट की ही तरह 'प्रेरणामद' या मोटिवटॉक्सिकेशन (Motivetoxication) भी इस साल का सबसे चर्चित शब्द है जिसके सोशल मीडिया और इसके मानसिक स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभावों के व्यापक मायने हैं। क्या होता है मोटिवटॉक्सिकेशन और क्या है इसका मतलब, आइए विस्तार से समझते हैं।

**मोटिवटॉक्सिकेशन या प्रेरणामद**

'प्रेरणामद' या मोटिवटॉक्सिकेशन शब्द की खोज भोपाल में वरिष्ठ मनोचिकित्सक एवं मनोवैज्ञानिक विश्लेषक डॉ सत्यकांत त्रिवेदी ने की है। यह दो शब्दों प्रेरणा और मद (नशा) से बना है। इसका अर्थ है– मोटिवेशनल रील्स और कंटेंट का ऐसा नशा, जो आपको प्रेरणा का झूठा अहसास देता है, लेकिन असल जिंदगी में कोई बदलाव नहीं लाता। युवा आबादी इसकी सबसे ज्यादा चपेट में है।

सोशल मीडिया पर मोटिवेशनल रील्स की बाढ़ सी है। सुबह उठते ही लोग रील्स देखने लगते हैं और सोने से पहले भी वही करते हैं। खुद को प्रेरित करने के चक्कर में वे अनजाने में प्रेरणामद का शिकार हो जाते हैं।

**मोटिवेशनल रील्स और कंटेंट का नशा**

डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी कहते हैं, प्रेरणामद होना मोटिवेशनल रील्स और कंटेंट का नशा है। मोटिवेशनल रील्स देखकर आपको कुछ पलों के लिए ऐसा लगता है जैसे जीवन में प्रेरणा जग गई हो, खुशियां आ गई हों लेकिन असल जिंदगी में ये कोई बदलाव नहीं लाता।

क्या आपने कभी महसूस किया है कि आप दिन के 2-3 घंटे सिर्फ रील्स देखने में बर्बाद कर देते हैं? आप सोचते हैं, बस थोड़ी देर और... और फिर देखते ही देखते 1-2 घंटे गुजर जाते हैं। इस आदत का असर आपकी कार्य क्षमता, मानसिक शांति और फैसले लेने की क्षमता पर पड़ता है। जो समय आपको काम करने में लगाना चाहिए था, वह सिर्फ रील्स देखने में चला जाता है। आपको लगता है कि आपने बहुत कुछ सीख लिया है, जबकि असल में कुछ भी नहीं बदला।

**ब्रेन रोट और मोटिवटॉक्सिकेशन कितना अलग है?**

डॉक्टर सत्यकांत बताते हैं, मोटिवेशनल रील्स या वीडियो देखने से कुछ पलों के लिए मस्तिष्क में कैमिकल मैसेंजर डोपामाइन रिलीज होता है, जो आपको खुशी और ताजगी का अहसास कराता है। हालांकि इसके परिणाम दीर्घकालिक नहीं होते हैं। यही है प्रेरणामद का चक्र, जिसमें लाखों लोग फंसे हुए हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ब्रेन रोट और मोटिवटॉक्सिकेशन दोनों ही शब्दों को मायने व्यापक हैं, जिसपर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। विशेषज्ञों ने ब्रेन रोट शब्द को किसी व्यक्ति की मानसिक या बौद्धिक स्थिति में गिरावट के रूप में परिभाषित किया है, विशेष रूप से लो लेवल के ऑनलाइन कंटेंट के अत्यधिक उपभोग के कारण होने वाली गिरावट। वहीं मोटिवटॉक्सिकेशन, रील्स और वीडियो के माध्यम से खुद को काल्पनिक रूप से प्रेरित महसूस करना है।


**कहीं आप भी तो नहीं हो गए हैं मोटिवटॉक्सिकेशन का शिकार?**

अगर आपको भी प्रेरित होने, खुशी पाने के लिए बार-बार रील्स या फिर मोटिवेशनल स्पीकर्स का सहारा लेना पड़ रहा है तो ये संकेत हो सकता है कि आप भी मोटिवटॉक्सिकेशन का शिकार हो गए हैं। हर बार काम करने से पहले थोड़ी प्रेरणा लेने के लिए रील्स देखने लगते हैं, बार-बार मोटिवेशन के बावजूद, जब परिणाम नहीं मिलता, तो आप खुद को दोषी मानने लगते हैं। ये प्रेरणामद का संकेत है।

# सर्दी में हेयर ड्रायर से सुखाते हैं बाल तो संभल जाइए, इसके हैं बड़े नुकसान

सर्दी के मौसम में सबसे ज्यादा परेशानी आती है गीले बालों को सुखाने में। इस मौसम में बाल सुखाने के लिए महिलाओं से लेकर पुरुष तक हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते हैं। ये गीले बालों को जल्द से जल्द सुखा देता है। ऐसे में आज के समय हर किसी की अलमारी में हेयर ड्रायर अवश्य होता है। ये भले ही कितना उपयोगी हो, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके अत्यधिक या अनुचित उपयोग से बालों को नुकसान हो सकता है।

बहुत से लोग इसके इस्तेमाल के नुकसान नहीं जानते, इसीलिए हम आपको इसके बारे में बताने जा रहे हैं। यहां हेयर ड्रायर के उपयोग से होने वाले कुछ संभावित नुकसान भी बताए गए हैं, और इसके इस्तेमाल के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई है।



**बालों का रूखापन होगा दूर**

यदि आपके बाल काफी रूखे हो रहे हैं तो हेयर ड्रायर इस्तेमाल करने से थोड़ा बचें। बार-बार गर्म हवा का संपर्क बालों में मौजूद प्राकृतिक नमी को खत्म कर देता है, जिससे बाल सूखे और रूखे हो सकते हैं।

**होगा हेयर फॉल**

हेयर ड्रायर से बालों को डायरेक्ट गर्म हवा मिलती है। ऐसे में अक्सर ऐसा देखने को मिलता है कि अधिक गर्मी से बाल कमजोर हो जाते हैं और आसानी से टूटने लगते हैं। इसके साथ-साथ बालों की संरचना कमजोर हो सकती है, जिससे वे जल्दी डैमेज हो जाते हैं।

**दोमुंहे होंगे बाल**

हेयर ड्रायर के नियमित उपयोग से बालों के सिरे कमजोर होकर दोमुंहे हो सकते हैं। यह बालों की लंबाई और स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। ऐसे में यदि आपके बाल लगातार दोमुंहे हो रहे हैं तो हेयर ड्रायर के इस्तेमाल से बचें।

**स्कैल्प में होगी जलन**

अत्यधिक गर्मी से सिर की त्वचा (स्कैल्प) में जलन या खुजली हो सकती है। इसकी वजह से आपका स्कैल्प ड्राई हो सकता है, जिससे डैंड्रफ की समस्या हो सकती है।

**कम उम्र में बाल होंगे सफेद**

लगातार गर्मी से बालों की प्राकृतिक रंगत पर असर पड़ सकता है, जिससे बाल जल्दी सफेद हो सकते हैं। इसलिए हेयर ड्रायर का इस्तेमाल हमेशा सोच समझ के करें।

**इस्तेमाल के समय बरतें सावधानी**

यदि आप हेयर ड्रायर के बिना बाल नहीं सुखा पाते हैं तो हेयर ड्रायर को हमेशा लो या मीडियम हीट सेटिंग पर रखें। हेयर ड्रायर का उपयोग करने से पहले हीट प्रोटेक्टेंट स्प्रे लगाएं। ध्यान रखें कि हेयर ड्रायर का इस्तेमाल करते समय ये बालों से थोड़ा दूर हो रहे। रोजाना इसके उपयोग से बचें और केवल आवश्यक होने पर ही इसका उपयोग करें।

# सर्दियों में क्यों बढ़ने लगता है वजन इसे कंट्रोल रखने के लिए क्या करें?

वजन बढ़ने को सेहत के लिए बहुत नुकसानदायक माना जाता है, ये कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों को बढ़ाने वाला हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों का वजन अधिक होता है उनमें कम या सामान्य वजन वालों की तुलना में हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, टाइप-2 डायबिटीज सहित कैंसर जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारियों का खतरा भी अधिक हो सकता है। यही कारण है कि विशेषज्ञ सभी लोगों को अपने वजन को कंट्रोल रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह देते हैं। कहीं आप भी तो अधिक वजन या मोटापे का शिकार नहीं हैं?



आहार और पोषण विशेषज्ञ कहते हैं, सर्दियों में सभी लोगों को अपने वजन को कंट्रोल रखने के लिए और अधिक ध्यान देते रहना चाहिए। इस मौसम में खान-पान के कई स्वादिष्ट विकल्प उपलब्ध होते हैं। मीठे और हाई कैलोरी वाले खाद्य पदार्थ तो वजन बढ़ाते ही हैं साथ ही सर्दियों में आमतौर पर शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती हैं, इसके कारण भी आपका वजन तेजी से बढ़ने लगता है।

**सर्दियों में क्यों बढ़ने लगता है वजन?**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, खान-पान के अलावा कई और भी स्थितियां हैं जो आपके वजन को बढ़ा सकती हैं। ठंड के मौसम में शरीर को गर्म रखने के लिए आपको अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। इस दौरान हमारा मेटाबॉलिज्म बढ़ता है, जिससे भूख भी बढ़ने लगती है। चूंकि सर्दियों में वसायुक्त, मीठी और हाई कैलोरी वाली चीजें अधिक खाई जाती हैं जो आपके वेट को बढ़ाने लगती हैं।

इसके अलावा ठंड के कारण लोग बाहर निकलने और व्यायाम करने से भी कतराते हैं। शारीरिक गतिविध कम होने के कारण ठीक तरीके से कैलोरी बर्न नहीं हो पाती है जिसके कारण भी आप इस मौसम में वेट गेन करने लगते हैं।

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?**

मोटापा और इससे जुड़ी बीमारियां मौजूदा समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक हैं। जैसे-जैसे आपका वजन बढ़ता जाता है आपमें हृदय रोग, डायबिटीज, और उच्च रक्तचाप जैसी क्रोनिक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। अधिक वजन के कारण शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होने लगती है, मांसपेशियों और जोड़ों पर दबाव बढ़ जाता है जिससे गठिया और हड्डियों से संबंधित दिक्कतें शुरू हो जाती हैं।

**इन पांच बातों का रखें ध्यान**

डॉ कहते हैं, सर्दियों में वजन बढ़ने से रोकने के लिए सभी लोगों को कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए ये जरूरी है।

स्वस्थ और पौष्टिक भोजन का ही करें सेवन। फलों-सब्जियों, लीन मीट, नट्स और सीड्स जैसे खाद्य पदार्थों के साथ संतुलित आहार लें।

प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों, ज्यादा चीनी वाली, तली-भुनी और नमक वाली चीजों का सेवन कम करें।

सर्दियों में भी खूब पानी पीते रहना जरूरी है। दिन में कम से कम 3-4 लीटर पानी जरूर पीने का लक्ष्य रखें।

नियमित व्यायाम जरूर करें। सर्दियों में व्यायाम की कमी के कारण वेट गेन होने का खतरा अधिक देखा जाता रहा है।

पर्याप्त नींद लेना भी जरूरी है। अगर आपकी नींद पूरी नहीं होती है तो इसके कारण भी वजन बढ़ने का खतरा हो सकता है।

**थोड़ी सी सावधानी दूर करेगी बड़ी टेंशन**

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सर्दियों में वजन बढ़ना एक सामान्य समस्या है, लेकिन थोड़ी सावधानी और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर इसे नियंत्रित किया जा सकता है। अध्ययन बताते हैं कि सर्दियों में संतुलित आहार और नियमित व्यायाम से न केवल वजन को नियंत्रित किया जा सकता है, बल्कि स्वास्थ्य में भी सुधार किया जा सकता है। अपनी आदतों में छोटे-छोटे बदलाव करके आप स्वस्थ और ऊर्जावान रह सकते हैं।

# छींके आना, नाक बहना व बार-बार सर्दी होना

**प्रश्न : मेरी उम्र 35 वर्ष है मुझे बार-बार सर्दी होती है, छींके आती है और नाक बहने लगता है। डॉक्टर इसे एलर्जिक राइनाइटिस कहते हैं। सिट्रेजिन और एंटी कोल्ड गोलियां खाकर थक चुका हूं। आयुर्वेदिक उपचार बताएं।**

**- शिव शंकर वर्मा,सिकंदराबाद**

उत्तर : आपको अनूर्जता हो गई है। हमारे जीवन शैली में बदलाव, स्वस्थ वृत्त के विपरीत रहन-सहन, धूम्रपान करने और अक्सर जीवाणुओं के संक्रमण से ग्रसित होने या होते रहने से रोग प्रतिरोधक शक्ति प्रभावित होती है। जैसे ही इम्यूनिटी कमजोर पड़ती है बार-बार जुकाम, छींके आना, नाक बहना, कंठ में सूजन आना, फेफड़ों में सूजन आना आदि से शरीर में अनूर्जता के लक्षण उत्पन्न होते हैं।

ऐसे लक्षणों को बड़ी आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है। एलेक्झी सिरप या टैबलेट जिसमें नीम, खादिर ,उशीर, विडंग, हरिद्रा, सप्तपर्ण ,शिरीष ,पिप्पली जैसी अमूल्य जड़ी बूटियां मिलती हैं, एलर्जीक स्थितियों में बेहतरीन काम करती है।

बृहद हरिद्राखंड भी परम उपयोगी है। जुकाम की स्थिति में ऊंझा लक्ष्मी विलास रस, कफ केतु रस या चंद्रामृत वटी इसके संग ली जा सकती है।

जिन कारणों से आपको एलर्जी हो रही है उन कारकों से दूर रहने पर और समय पर चिकित्सा करने पर आप पूरी तरह से ठीक हो सकते हैं।

**प्रश्न : मेरा वजन 125 किलो है। मैं अपने मोटापे से परेशान हूं। मोटापे के कारण कौन-कौन से रोग हो सकते हैं? कृपया बताएं! इस स्थूलता को दूर करने के उपाय भी बताएं।**

**- ए अनुराग गुप्ता, खम्मम**

उत्तर : आपने अपनी उम्र नहीं बताई । यह तो तय है कि आपका वजन 125 किलो कोई सामान्य वजन तो नहीं है। मोटापा कई रोगों की जननी है। आयुर्वेद में वर्णित अष्टनिन्दित पुरुषों में मोटा व्यक्ति अति निन्दितों में अग्रगण्य है। मोटापे के कारण उच्च रक्तचाप, हृदय के रोग, रक्त संचरण के रोग, पक्षाघात, हृदय शूल, संधिवात, यूरिक एसिड बढ़ने से गठिया, पित्ताश्मरी आदि होने की संभावना रहती है। रजोनिवृत्ति के बाद मोटी स्त्रियों में स्तनार्बुद, अंडार्बुद, गर्भाशय का कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। मोटे लोग अक्सर मानसिक दबाव के शिकार हो जाते हैं। चलने- फिरने , उठने-बैठने में दिक्कत होने से रोगी चलना कम कर देता है और शारीरिक श्रम के नहीं होने के कारण भी मोटापा बढ़ने लगता है। स्थूलता का शिकार व्यक्ति अपने भूख प्यास के नियंत्रण में अक्षम हो जाता है ।और ज्यादा खाने से अधिक मोटा होने लगता है।

आयुर्वेद में इसका उपचार है। भोजन पर नियंत्रण आवश्यक है। गरिष्ठ भोजन, मिठाइयां, तैल -घी के बने पदार्थ , तले पदार्थ, दूध, मक्खन, पनीर आदि का प्रयोग और आरामपसंद जीवनशैली मोटापा बढ़ाते हैं। जंक फूड, फास्ट फूड से बचें। व्यायाम जरूरी है । रोज सुबह टहलें। मॉर्निंग वाक कैलोरीज खर्च करवाता है । अतः इसे नित्य करें। सुबह उठते ही गुनगुना पानी पिएं। भोजन के पहले ऊंझा मेदोहर गुग्गुलु और मेदोहर विडंगादि लौह टिकिया गुनगुने पानी से लें। भोजन के बाद आरोग्यवर्धिनी वटी व चंद्रप्रभा वटी लेवें। शुद्ध गूगल, नवक गुग्गुलु, वृक्षाम्ला घन,ताप्यादि लौह नंबर 1 का प्रयोग भी गुणकारी है। औषधि सेवन योग्य वैद्य के संरक्षण में ही करें।



**प्रश्न : मेरी उम्र 55 वर्ष है। पिछले 2 साल से घुटनों के दर्द से परेशान हूं। इसके कारण उठने, बैठने में व चलने में तकलीफ होती है। कृपा कर इस रोग की कारगर दवा बताएं।**

**- पी मधुकर रेड्डी, जनगांव**

उत्तर : आपके लक्षणों से लगता है कि आपको संधिवात हो गया है। इसे ही ऑस्टियोआर्थराइटिस कहते हैं। श्लेषक कफ आपके संधियों में कम होने से घर्षण होने लगता है और परिणाम स्वरूप जोड़ों में दर्द बढ़ जाता है। दर्द के चलते उठना - बैठना, चलना - फिरना, सभी प्रभावित होते हैं। आयुर्वेद में इसका उपचार है। आप ऊंझा रुमाटाइड टिकिया, ऊंझा बृहद योगराज गुग्गुलु व महायोगराज गुग्गुलु व ऊंझा वातगजांकुश रस टिकिया को सोंठयुक्त गुनगुने गाय के दूध के साथ सुबह-शाम लेना प्रारंभ करें। दर्द पर तुरंत राहत के लिए रुमाटाइज आइल लगाएं। रात सोने से पहले ऊंझा प्रसारिणी तैल को मामूली गर्म कर घुटने की हल्की मालिश किया करें। भोजन करने के बाद ऊंझा महारास्नादि काढ़ा 15 मिलीलीटर को आधे कप गुनगुने पानी में मिलाकर पिया करें । देरी से हजम होने वाला भोजन, व कफवर्धक, वातवर्धक भोजन से बचें। ऐसा नियमित करते रहने से आप पहले की तरह चलने फिरने लगेंगे।

**डॉ.च.पुरुषोत्तम बिदादा**
email : purushottambidada@gmail.com

**आप अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का यदि आयुर्वेदिक इलाज चाहते हैं तो अपनी समस्या संक्षेप में हमें लिखकर भेजें। अपने पत्र पर नीचे दिया गया कूपन अवश्य कतपकाएं।**

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी
**स्वतंत्र वार्ता**
396, लोअर टैंक बंड, हैदराबाद-80



# गौतम अडानी नहीं बेचेंगे तेल, आटा, दाल और चावल, कर दिया बड़ा ऐलान

नई दिल्ली,30 दिसंबर (एजेंसियां)। काफी दिनों से कयास लगाए जा रहे थे कि गौतम अडानी जल्द ही एफएमसीजी कंपनी अडानी विल्मर से बाहर हो सकते हैं। जिसे सोमवार को हरी झंडी मिल गई। अब गौतम अडानी तेल, आटा, दाल और चावल जैसे किराना सामान नहीं बेचेंगे। अडानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड ने सोमवार को अडानी विल्मर लिमिटेड में अपनी 44 फीसदी हिस्सेदारी से पूरी तरह बाहर निकलने का ऐलान कर दिया। अडानी कारोबार से दो फेज में बाहर होंगे। अडानी पहले अडानी विल्मर से अपनी हिस्सेदारी को विल्मर इंटरनेशनल की सहायक कंपनी लांस पीटीई लिमिटेड को बचेंगे। वहीं दूसरे फेज के तहत अडानी की फ्लैगशिप कंपनी अडानी इंटरप्राइजेज शेयर




होल्डिंग पैटर्न के नियमों को पूरा करने के लिए अपनी हिस्सेदारी को बेचेगी। 30 दिसंबर, 2024 को डील के अनुसार कंपनी ने एक्सचेंजों को बताया कि लेंस पीटीई लिमिटेड अडानी इंटरप्राइजेज की सहायक कंपनी अडानी कमोडिटीज एलएलपी (एसीएल) द्वारा रखे गए अडानी विल्मर के 31.06 फीसदी शेयरों को खरीदेगी। ये ट्रांसफर कॉल या पुट ऑप्शन सिस्टम से किया जाएगा। इसके अलावा मिनिमम शेयरहोल्डिंग नॉर्म्स को पूरा करने के लिए अडानी इंटरप्राइजेज अडानी विल्मर में अपने लगभग 13 प्रतिशत शेयर बेचेगी। अनुमान है कि ये पूरी डील 2 अरब डॉलर यानी 17 हजार करोड़ रुपए में पूरा होने का ऐलान है। 27 दिसंबर, 2024 तक, अदानी विल्मर का मार्केट कैप 42,785 करोड़ रुपए था।

**कंपनी के शेयरों में उछाल**

इस फैसले के बाद सोमवार को अडानी इंटरप्राइजेज का शेयर 7.65 फीसदी की तेजी के साथ 2,593.45 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुआ। कारोबारी सत्र के दौरान कंपनी का शेयर 2,609.85 रुपए के साथ दिन के हाई पर पहुंच गया। वहीं दूसरी ओर अडानी विल्मर के शेयर में गिरावट देखने को मिली। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार अडानी विल्मर का शेयर 0.17 फीसदी की गिरावट के साथ 329.50 रुपए पर बंद हुआ। जबकि कारोबारी सत्र के दौरान कंपनी का शेयर 321.65 रुपए के साथ दिन के लोअर लेवल पर पहुंच गया। वैसे कंपनी का मार्केट कैप मौजूदा समय में 42,824.41 करोड़ रुपए है।

# सोना 140 रुपए कम होकर 76296 रुपए पर आया, चांदी 87430 रुपए किलो बिक रही



नई दिल्ली,30 दिसंबर (एजेंसियां)। सोने-चांदी के दाम में आज यानी 30 दिसंबर को मामूली गिरावट है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 140 रुपए घटकर 76,296 रुपए पर आ गया है। इससे पहले सोने की कीमत 76,436 रुपए प्रति दस ग्राम थी। चांदी का भाव भी आज 401 रुपए कम होकर 87,430 रुपए पर आ गया है।

इससे पहले चांदी 87,831 रुपए प्रति किलोग्राम थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

**महानगरों सोने की कीमत**

**दिल्ली :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,150 रुपए है।

**मुंबई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,000 रुपए है।

**कोलकाता :** 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 71,500 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 78,000 रुपए है।

**चेन्नई :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,500 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,000 रुपए है।

**भोपाल :** 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 71,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,050 रुपए है।

**हैदराबाद :** सोने की दर 24 कैरट के लिए रुपए 78000 / 10 ग्राम और 22 कैरट के लिए रुपए 71500/10 ग्राम।

# शेयर बाजार में 38% डूबी रतन टाटा की फेवरेट कंपनी, 5 महीने में हर घंटे गंवाए 46 करोड़

नई दिल्ली,30 दिसंबर (एजेंसियां)। जिस कंपनी को रतन टाटा ने अपने बच्चे की तरह पाला और उस काबिल बनाया कि आज वो सिर्फ देश ही नहीं बल्कि दुनिया की नामी कंपनियों में से एक है। आज वो ही कंपनी लगातार बड़ा नुकसान झेल रही है। देश की ऑटो कंपनियों में शुमार टाटा मोटर्स के शेयर्स बीते 5 महीने में 38 फीसदी तक डूब चुके हैं। सोमवार को भी टाटा मोटर्स के शेयरों में 2.50 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल चुकी है।बीते 5 महीनों में कंपनी का मार्केट कैप 1.65 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा गिर चुका है। एक समय पर वैल्यूएशन के मामले में कंपनी देश की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी बन गई थी। लेकिन अब 5 महीनों से कंपनी को वैल्यूएशन में हर घंटे 46 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। आइए देखते हैं कि आखिर शेयर बाजार में टाटा मोटर्स के आंकड़े किस तरह के देखने को मिल रहे हैं?सोमवार को टाटा मोटर्स के शेयरों में बड़ी गिरावट देखने को मिली। बीएसई के आंकड़ों के अनुसार टाटा मोटर्स का शेयर करीब 2 फीसदी की गिरावट के साथ 736 रुपए पर बंद हुआ। वैसे कंपनी का शेयर 730.80 रुपए के साथ दिन के लोअर लेवल पर भी पहुंच गया। वैसे कंपनी का शेयर 753.50 रुपए के साथ मामूली इजाफे के साथ ओपन हुआ था। जल्द ही 754.05 रुपए के साथ दिन के हाई पर पहुंच गया। एक दिन पहले कंपनी का शेयर 750.55 रुपए पर देखने को मिला थे।

**5 महीने में 38 फीसदी की गिरावट**

अगर बीते 5 महीने की बात करें तो टाटा मोटर्स के शेयरों में 38 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है। 30 जुलाई को कंपनी का शेयर 1,179.05 रुपए के साथ 52 हफ्तों के हाई पर पहुंच गया था। जिसके बाद से कंपनी के शेयर में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं सोमवार को कंपनी का शेयर 730.80 रुपए के साथ दिन के लोअर लेवल पर पहुंच गया। वैसे कंपनी का शेयर तब से अब तक 448.25 रुपपए की गिरावट देखने को मिल चुकी है। टाटा मोटर्स के शेयर में बीते 5 महीने में 38 फीसदी गिर चुका है। जिसकी वजह से कंपनी के मार्केट कैप में बड़ी गिरावट देखने को मिल चुकी है। जबकि 30 जुलाई को कंपनी का शेयर 52 हफ्तों के हाई पर था तब कंपनी का मार्केट कैप 4,33,815.60 करोड़ रुपए पर था। सोमवार को जब कंपनी का मार्केट कैप दिन के लोअर लेवल पर पहुंचा तो कंपनी का मार्केट कैप 2,68,888.03 करोड़ रुपए पर आ गया। इसका मतलब है कि तब से अब तक कंपनी के मार्केट कैप में 1,64,927.57 करोड़ रुपए की गिरावट देखने को मिल चुकी है। इसका मतलब है कि इस दौरान कंपनी के मार्केट कैप को हर घंटे 46 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

# इंडिगो अपने पैसेंजर्स के साथ बुरा व्यवहार करती है

## आखिर पद्मश्री मोहनदास पई को यह क्यों कहना पड़ा?




बेंगलुरु,30 दिसंबर (एजेंसियां)। बजट एयरलाइन इंडिगो एक बार फिर से विवादों में है। इस बार भी कंपनी सेवा में कटौती की वजह से ही विवाद में घिरी है। दरअसल, इस बार इंडिगो की आलोचना का झंडा उठाया है इंफोसिस के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी पद्मश्री मोहनदास पई ने। उन्होंने कंपनी की तीखी आलोचना करते हुए इंडिगो एयरलाइंस पर यात्रियों के साथ कथित तौर पर खराब व्यवहार करने का आरोप लगाया है। पई ने फ्लाइट 6इ 7407 में अपने अनुभव का ब्यौरा दिया, जहां यात्रियों को कथित तौर पर बेंगलुरु में टरमैक पर इंतजार करते समय बिना एयर कंडीशनिंग के छोड़ दिया गया था। पई ने ट्वीट करते हुए कहा इंडिगो अपने यात्रियों के साथ बुरा व्यवहार करती है। बेंगलुरु में गर्म टरमैक पर बिना एसी के 6इ 7407 फ्लाइट में बैठे हैं। यात्रियों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जा रहा है। विरोध के बाद ही, कर्मचारी एसी के लिए टरमैक जनरेटर का उपयोग कर रहे हैं। कृपया अपना प्रोटोकॉल बदलें। उन्होंने एयरलाइन से अपने प्रोटोकॉल का पुनर्मूल्यांकन करने का भी आग्रह किया है।

**क्या है टरमैक**

हवाई अड्डे पर टरमैक का मतलब हार्ड सरफेस एरिया से है। हवाई जहाज जब पार्किंग बे में खड़ा हो एप्रन पर हो या टैक्सीवे पर हो या रनवे पर हो। सबकुछ टरमैक ही कहलाता है। गर्मी के दिनों में टरमैक पर तापमान सामान्य से ज्यादा होता है क्योंकि वहां फर्श पूरी तरह से सीमेंट का बना होता है।

**यात्रियों की असुविधा ने आलोचना की**

पई के ट्वीट ने इस इंडस्ट्री के प्रोफेशनल्स का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें एक वरिष्ठ मानव संसाधन कार्यकारी डी प्रशांत नायर भी शामिल थे, जिन्होंने लागत-बचत उपायों के कारण सहायक विद्युत इकाई को सक्रिय करने में इंडिगो की अनिच्छा की आलोचना की। नायर ने इस तरह की प्रथाओं के कारण होने वाले संभावित स्वास्थ्य जोखिमों पर प्रकाश डालते हुए टिप्पणी की बुजुर्ग और बच्चे गंभीर रूप से प्रभावित हो सकते हैं।

**दुनिया के सबसे खराब एयरलाइन में इंडिगो भी**

यह घटना इंडिगो की ग्राहक सेवा की बढ़ती स्क्रूटिनी के बीच हुई है। यूरोपीय क्लेम-प्रोसेसिंग एजेंसी एयरहेल्प के एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, इंडिगो ने वैश्विक स्तर पर 109 एयरलाइनों में से 103वां स्थान प्राप्त किया। सर्वेक्षण में एयरलाइनों का समय की पाबंदी, सेवा की गुणवत्ता और दावों के निपटान के आधार पर मूल्यांकन किया गया। इंडिगो का 4.80 का स्कोर मिला था जो कि भारतीय विमानन कंपनियों में सबसे कम था। इसी सूची में एयर इंडिया का 61वां स्थान और एयर एशिया 94वें स्थान पर था। हालांकि, इंडिगो ने सर्वेक्षण के निष्कर्षों का जोरदार खंडन किया था।

# चीन को छोड़ भारत के पीछे पड़ीं दुनियाभर की ऑयल कंपनियां, आखिर ऐसा क्या हो गया?

नई दिल्ली,30 दिसंबर (एजेंसियां)। दुनियाभर की कई ऑयल कंपनियों की नजर इस समय भारत पर है। कारण है भारत में बढ़ती ऑयल की मांग। इस मामले में साल 2024 में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। यही नहीं, अगले साल 2025 में भी चीन तेल की मांग के मामले में भारत के आसपास भी नहीं रहेगा। यह बात एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स ने कही है। एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स के अनुसार ईंधन खपत मामले में भारत दुनिया में तेजी से बढ़ रहा है। यही कारण भारत में रिफाइनरी में विस्तार हो रहा है। साथ ही क्रूड ऑयल की सोर्सिंग को भी बढ़ा रही है। भारत चूंकि तेल खपत में चीन को पीछे छोड़ चुका है। इसके चलते दुनिया की कई कंपनियां भारत में अपनी संभावनाएं तलाश रही हैं।

**भारत होगा दुनिया में आगे**

एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स में मैक्रो और ऑयल डिमांड रिसर्च के ग्लोबल हेड कांग वू ने कहा कि भारत में आगे वाले समय में ऑयल की मांग तेजी से बढ़ेगी। ऑयल मांग के मामले में भारत दक्षिण पूर्व एशिया और दक्षिण एशिया के कई देशों को पीछे छोड़ सकता है।इकॉनमिक टाइम्स के अनुसार वू ने कहा कि साल 2025 में भारत में तेल की मांग में 3.2 फीसदी की तेजी




रहने का अनुमान है। वहीं चीन में यह तेजी 1.7 फीसदी रह सकती है। एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट्स के आंकड़ों से पता चलता है कि वर्ष 2024 के पहले 10 महीनों में चीन की तेल मांग में 1,48,000 बैरल प्रतिदिन या 0.9 फीसदी की तेजी आई है। वहीं भारत में यह मांग 1,80,000 बैरल प्रतिदिन रही। ऐसे में भारत में ऑयल की मांग में 3.2 फीसदी की तेजी आई तो चीन के मुकाबले काफी ज्यादा है। इस वजह से माना जा रहा है कि भारत में साल 2025 में रिफाइनिंग क्षमता में काफी वृद्धि होगी।भारत मिडिल ईस्ट, अफ्रीका, यूरोप, नॉर्थ अमेरिका, साउथ अमेरिका और साउथ-ईस्ट एशिया के देशों सहित कई देशों से तेल और गैस आयात करता है। भारत अपनी कच्चे तेल की 80 फीसदी से अधिक जरूरत के लिए आयात पर निर्भर करता है। घरेलू कच्चे तेल का प्रोडक्शन बढ़ाने और आयात में कमी लाने के लिए सरकार की ओर से कई कदम उठाए गए हैं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में लचीलापन और स्थिरता, आरबीआई का वित्तीय स्थितरता से जुड़ी रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली,30 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय अर्थव्यवस्था लचीलापन और स्थिरता प्रदर्शित कर रही है। 2024-25 में जीडीपी 6.6 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। आरबीआई की वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट के अनुसार सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति अनुपात कई वर्षों के निम्नतम स्तर पर पहुंच गया है। आरबीआई रिपोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार, एनबीएफसी पर्याप्त पूंजी बफर, मजबूत ब्याज मार्जिन और आय तथा बेहतर परिसंपत्ति गुणवत्ता के साथ स्वस्थ बनी हुई हैं। आरबीआई रिपोर्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि खरीफ की बम्पर फसल और रबी फसल की संभावनाओं के अवस्फीतिकारी प्रभाव से खाद्यान्न की कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है। भारतीय अर्थव्यवस्था लचीलापन और स्थिरता प्रदर्शित कर रही है और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2024-25 में 6.6 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। इसे ग्रामीण उपभोग में सुधार, सरकारी उपभोग और निवेश में तेजी सेवा क्षेत्र के मजबूत निर्यात से मदद मिलेगी। यह बात सोमवार को आरबीआई की एक रिपोर्ट में कही गई।

**रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) का दिसंबर 2024 अंक किया जारी**

रिजर्व बैंक ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट का दिसंबर 2024 अंक जारी किया है। यह रिपोर्ट भारतीय वित्तीय प्रणाली के लचीलेपन और वित्तीय स्थिरता के जोखिमों पर वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप-समिति के सामूहिक मूल्यांकन को दर्शाता है। रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत लाभप्रदता, घटती गैर-निष्पादित आस्तियों और पर्याप्त पूंजी और तरलता बफर्स से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) की मजबूती को बल मिला है। आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए) और इक्विटी पर प्रतिफल




(आरओई) दशक के उच्चतम स्तर पर है, जबकि सकल गैर-निष्पादित आस्तियों (जीएनपीए) का अनुपात कई वर्षों के निम्नतम स्तर पर आ गया है।

**अधिकांश अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी बफर**

आरबीआई के अनुसार मैक्रो स्ट्रेस टेस्ट से पता चलता है कि अधिकांश एससीबी के पास पर्याप्त पूंजी बफर है। स्ट्रेस टेस्ट म्यूचुअल फंड और क्लियरिंग कॉरपोरेशन के लचीलेपन के भी संकेत देते हैं। अर्थव्यवस्था के बारे में एफएसआर ने कहा कि 2024-25 की पहली छमाही के दौरान वास्तविक जीडीपी वृद्धि (वर्ष दर वर्ष) घटकर 6 प्रतिशत रह जाएगी, जो 2023-24 की पहली छमाही और दूसरी छमाही में क्रमशः 8.2 प्रतिशत और 8.1 प्रतिशत दर्ज की गई थी। आरबीआई ने कहा, घरेलू कारकों, मुख्य रूप से सार्वजनिक खपत और निवेश, मजबूत सेवा निर्यात और आसान वित्तीय स्थितियों में तेजी से समर्थन मिलने से 2024-25 की तीसरी और चौथी तिमाही में विकास दर में सुधार होने की उम्मीद है। महंगाई पर रिपोर्ट में कहा गया है कि आगे चलकर, खरीफ की बम्पर फसल के अवस्फीतिकारी प्रभाव तथा रबी फसल की संभावनाओं के कारण खाद्यान्नों की कीमतों में नरमी आने की उम्मीद है। दूसरी ओर, चरम मौसम की घटनाओं की बढ़ती आवृत्ति खाद्य मुद्रास्फीति की गतिशीलता के लिए जोखिम पैदा करती रहती है।

# एक दिन की राहत के बाद फिर टूटा शेयर बाजार ; सेंसेक्स 450 अंक गिरा, निफ्टी 24650 के नीचे

नई दिल्ली,30 दिसंबर (एजेंसियां)। विदेशी पूंजी निकासी, वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और प्रमुख शेयरों में बिकवाली के बीच सोमवार को सेंसेक्स में करीब 451 अंक की गिरावट आई। हफ्ते के पहले कारोबारी दिन उतार-चढ़ाव भरे सत्र के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 450.94 अंक या 0.57 प्रतिशत गिरकर 78,248.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 621.94 अंक या 0.79 प्रतिशत गिरकर 78,077.13 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी सोमवार को 168.50 अंक या 0.71 प्रतिशत गिरकर 23,644.90 पर पहुंच गया

**टाटा मोटर्स और टाइटन के शेयरों दिखी बिकवाली**

30 प्रमुख ब्लू-चिप कंपनियों में से टाटा मोटर्स, टाइटन, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, मारुति, एचडीएफसी बैंक और इंफोसिस सबसे ज्यादा पिछड़ने वाले शेयरों में शामिल रहे। लाभ हासिल करने वाले शेयरों में जोमैटो, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक और इंडसइंड बैंक शामिल रहे। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,323.29 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और हांगकांग में गिरावट रही, जबकि शंघाई में तेजी रही।

यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार नकारात्मक दायरे में बंद हुए। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.05 प्रतिशत गिरकर 74.13 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शुक्रवार को बीएसई का सेंसेक्स 226.59 अंक या 0.29 प्रतिशत बढ़कर 78,699.07 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 63.20 अंक या 0.27 प्रतिशत बढ़कर 23,813.40 अंक पर बंद हुआ था।

**रुपया डॉलर के मुकाबले चार पैसे गिरकर 85.52 पर पहुंचा**

आयातकों के बीच डॉलर की मांग, विदेशी फंड निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से सोमवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे गिरकर 85.52 (अनंतिम) पर आ गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि दिसंबर मुद्रा वायदा की समाप्ति और बकाया वायदा में परिपक्व स्थिति से जुड़ी महत्वपूर्ण डॉलर मांग के बीच शुक्रवार और सोमवार को रुपये में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ खुला और अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले दिन के दौरान 85.59 के निचले स्तर और 85.43 के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। स्थानीय मुद्रा कारोबार के अंत में 85.52 (अनंतिम) पर बंद हुई, यह पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 4 पैसे कमजोर हुई। इससे पहले, शुक्रवार को रुपया लगभग दो वर्षों में सबसे बड़ी गिरावट दर्ज करते हुए 85.80 के अपने सर्वकालिक निम्नतम स्तर पर पहुंच गया था। इसके बाद केंद्रीय बैंक के संभावित हस्तक्षेप से कुछ नुकसान की भरपाई हुई और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 21 पैसे गिरकर 85.48 के रिकॉर्ड निम्नतम स्तर पर बंद हुआ था।

# नाम बदलकर अडानी करेंगे एशिया के सबसे बड़े स्लम का मेकओवर

नई दिल्ली,30 दिसंबर (एजेंसियां)। एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी धारावी का मेकओवर गौतम अडानी नाम बदलकर करने वाले हैं। उन्हें इस प्रोजेक्ट की दशा और दिशा बदलने की जिम्मेदारी मिली है। धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर एक और बड़ा बदलाव किया गया है। धारावी पुनर्विकास परियोजना का काम अब अडानी समूह नए नाम के साथ करेगी। अडानी समर्थित कंपनी धारावी पुनर्विकास परियोजना प्राइवेट लिमिटेड (डीआरपीपीएल) ने कहा है कि वह अपने आधुनिक, समावेशी और जीवंत समुदाय के निर्माण के वादे के अनुसार अपना नाम बदल रही है। कंपनी धारावी की बस्तियों के पुनरुद्धार की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है। कंपनी ने बयान में कहा कि डीआरपीपीएल को अब नवभारत मेगा डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड (एनएमडीपीएल) के नाम से जाना जाएगा। बयान के मुताबिक, नवभारत मेगा डेवलपर्स नाम कंपनी की वृद्धि, बदलाव और उम्मीद के लिए प्रतिबद्धता और ब्रांडिंग कवायद पर आधारित है।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | धनु | मे |
| चंद्र- | धनु | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | कुंभ | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| धनु---- | 05-41 | बजे |
| मकर... | 07-47 | बजे |
| कुंभ - | 09-38 | बजे |
| मीन- | 11-16 | बजे |
| मेष--- | 12-52 | बजे |
| वृष--- | 14-37 | बजे |
| मिथुन | 16-38 | बजे |
| कर्क... | 18-50 | बजे |
| सिंह--- | 21-02 | बजे |
| कन्या--- | 23-09 | बजे |
| तुला---- | 01-14 | बजे |
| वृश्चिक.. | 03-24 | बजे |

श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य - उत्तरायणे - ऋतु - शिशिर
महावीर निर्वाण संवत -2051,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
सूर्योदय - 06-49
सूर्यास्त. - 17-48
भोग्य कलि वर्ष-426875
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125
दिशाशूल -- उत्तर - गुड खाकर घर से निकले
तिथि- प्रतिपदा . 03-21 तक उपरान्त द्वितीया
मास - पौष शुक्ल , मंगलवार 31 December
नक्षत्र - पूर्वाषाढा 00-02 तक उपरान्त उत्तराषाढ़ा
योग - धुव्र 18-58 तक उप व्याघात
करण- किस्तुघ्न 15-41 तक उप बव
विशेष:-
व्रत -त्योहार - मित्र योग

विशेष:- राशिफल गृहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 15:05 से 16:28 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग. | 06:49 - 08:10 | अशुभ | काल | 17:49 - 19:28 | अशुभ |
| उत्पात | 08:10 - 09:33 | अशुभ | लाभ | 19:28 - 21:05 | शुभ |
| चंचल | 09:33 - 10:56 | शुभ | उत्पात | 21:05 - 22:43 | अशुभ |
| लाभ | 10:56 - 12:19 | शुभ | शुभ | 22:43 - 00:20 | शुभ |
| अमृत | 12:19 - 13:42 | शुभ | अमृत | 00:20 - 01:57 | शुभ |
| काल | 13:42 - 15:05 | अशुभ | चंचल. | 01:57 - 03:34 | शुभ |
| शुभ | 15:05 - 16:28 | शुभ | रोग | 03:34 - 05:11 | अशुभ |
| रोग | 16:28 - 17:48 | अशुभ | काल. | 05:11 - 06:48 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आज आप जो भी कार्य करेंगे , सफलता आपके कदम चूमेगी । अगर आप एक प्रतियोगी परीक्षा में बैठे थे तो आज आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा। आज का दिन पदोन्नति या अधिक जिम्मेदारी लेने के बारे में अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार विमर्श आरंभ करने के लिए उपयुक्त है। आपको इस बहुत ही अनुकूल दिन का लाभ लेने के लिए अपने सभी प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

**वृष** ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आज के दिन विधार्थियो , युवा बेरोजगारो और स्वनियोजित व्यवसायियों के लिए काफी करियर अवसर आयेंगे । आप एक ऐसी परियोजना के भागीदार बन सकते है जिससे आपके करियर की दिशा परिवर्तित हो सकती है और काफी समय से आपको इसकी तलाश भी थी । आपको इस अवसर का उपयोग काफी समझ के साथ करना है क्यों की ये अवसर जीवनभर में यदा कदा ही मिलता है।

**मिथुन** का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आपका व्यवहार आज याद रखने योग्य होगा । अपने लाभ के लिए इसका प्रयोग करें । लोगों से मिले एवं उनसे सकरात्मक बातचीत करे। । एक सकारात्मक शरीर की भाषा बनाए रखें। यहाँ से एक नया अवसर अंकुरित हो सकता है । यह एक नई परियोजना शुरू करने के लिए एक अच्छा सप्ताह है । अपने संगठन कौशल को याद रखे और अपने आप को व्यवस्थित रखे ।

**कर्क** ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
अवलोकन और विश्लेषण की आपकी शक्ति आज अपने चरम पर होगी अतः अगर आप किसी भी नौकरी में हैं और अगर इन कौशल की आवश्यकता है , तो आज सफलता आपके कदम चूमेगी । वैज्ञानिकों , जांचकर्ताओं और शोधकर्ताओं के लिए आज एक उपयोगी दिन होगा । आज आप रचनात्मक और निष्कपट तरीके से अपने कार्यस्थल पर समस्याओं का हल खोजेंगे जो की आपके कार्यालय में सराहा जायेगा ।

**सिंह** मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आज आपको एक सुपर हीरो की तरह शक्तिया मिल सकती है । आपके लंबित कार्य और परियोजनाओं के पूरा होने के संकेत दिखाई देंगे। आप अपने करीबी लोगों के साथ आज मिल सकते है। अपनी टीम को प्रेरित और प्रोत्साहित करे । आपका सहयोगी अपनी जिम्मेदारियों से दूर भाग सकता है इसलिए चालाकी से काम ले । आप अपने पुराने निवेश पर ब्याज मिलने से हैरान हो सकते है जिसे आपने लगभग भुला ही दिया था ।

**कन्या** टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आपकी भलाई इसी मैं है की , यदि आवश्यक हो तो आप सतर्क या यहां तक कि विद्रोही हो जाये । जो लोग अपने आपको ज्यादा जानकर या जानकारियों से पूर्ण मानते है वे आज के दिन ऐसी गलतिया कर सकते है , जिससे पार पाना मुश्किल साबित हो सकता है । उनके आदेश का पालन करना आपको मुसीबत में ला सकता है ।

**तुला** रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
एक छोटा लेकिन बेहद आकर्षक अवसर आज आप के लिए खुलने की संभावना है। निर्माण या अचल संपत्ति के कारोबार में निवेश आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है । हालांकि, अगर आप समय पर निर्णायक कार्रवाई करते है तभी आपको लाभ मिलेगा । अगर आप समय बर्बाद करेंगे तो अवसर आपके हाथ से निकल जाएंगे । संपत्ति से संबंधित ऋण भी आज मंजूर होने की संभावना है।

**वृश्चिक** तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज आप एक दार्शनिक मुद्रा में रहेंगे और गहरी सोच वाली ऐसी किसी भी नौकरी में आज आप सफलता को छुएंगे । शिक्षकों, वकीलों, दार्शनिकों, प्रचारकों और राजनेताओ के लिए आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा । लेकिन आपको सांसारिक एवं जीवन के गहरे सवालों के बीच ध्यान देने की जरूरत है।व्यावहारिक स्थिति से अपना मुख मोड़ना आज आपकी सबसे बड़ी समस्या है।

**धनु** ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
आप अपने कार्य क्षेत्र में काफी मुखर और प्रेरक रहेंगे । आपको ऐसे कार्य क्षेत्र में कार्य करने के अवसर मिलेंगे जहा साझेदारी से कारोबार होता हो और एक दूसरे की सहायता करना प्रमुखता हो । आप प्रमुख परियोजना को पूरा करने के लिए दुसरो को संगठित करने के लिए प्रेरित करते है , जिससे की आपकी भूमिका के लिए प्रशंसा और सम्मान आपको मिलने की संभावना है।

**मकर** भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज आपको अपनी आय और व्यय का संतुलन करना मुश्किल होगा । आज अपनी आय की वृद्धि के लिए एक दूसरी नौकरी की तलाश शुरू करने के लिए भी ये सबसे अच्छा दिन है। आपको अपनी पसंद के हिसाब से कुछ कार्य मिल सकता है और यह अगले कुछ वर्षों में आपके प्राथमिक कार्य बनने की क्षमता रखता है । इस बीच आपको अपनी जीवन शैली को बनाए रखने के क्रम में कुछ खर्चो के साथ संतुलित रहना होगा ।

**कुंभ** गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आप अपने रास्ते में एक महान अवसर की बाट देख रहे थे और इस तरह के अवसर के लिए ये सबसे अच्छा समय है। अगर आपने साक्षात्कार दिया है, तो उस मोर्चे पर आज अच्छी खबर मिल सकती है । अप्रत्याशित जगहों से नौकरी के अवसर आपको मिल सकते है या कुछ पुराने संपर्कों से भी आप आगे की और बढ़ सकते है । आपने कठिन समय के दौरान उत्कृष्ट भावना का परिचय दिया है और अब उसका अंत नजर आ रहा है ।

**मीन** दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
घर्षण एवं विचारो की असमानता आप और आपके साथी के बीच विकसित होने की संभावना है, लेकिन आपको अपने विचारो से नहीं हटना है और उसी के साथ रहना है , लेकिन आप चिंता न करे क्यों कि ये स्थिति एक स्थायी मनमुटाव को जन्म नहीं देगी । हालाँकि आपके साथी के साथ आपका थोड़ा मनमुटाव हो सकता है।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# सरेंडर करने पर नक्सलियों को प्लॉट-मकान, 10 हजार मिलेंगे

## गृहमंत्री विजय शर्मा बोले- नक्सली पर जितना इनाम घोषित, वो भी उनका

रायपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ सरकार नई एंटी नक्सल नीति के तहत सरेंडर करने वाले नक्सलियों की सुविधाओं को बढ़ाने जा रही है। गृह मंत्री और डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया कि नक्सलियों को सरेंडर करने पर प्रति माह 10 हजार मिलेंगे। सरेंडर करने वाले इनामी नक्सलियों पर जो इनाम की राशि होती है, वह भी नक्सलियों को ही दी जाएगी। अब तक यह राशि इनामी नक्सलियों को पकड़ने वाली फोर्स की टीम में बांट दी जाती थी।

आगे की जिंदगी जीने के लिए तमाम सुविधाएं दी जाएगी। फिर चाहे वह रहने के लिए जमीन-मकान हो या फिर रोजगार से जुड़े संसाधन। अलग खास भवनों में रखकर नक्सलियों को ट्रेंड किया जाएगा। उन्हें काम सिखाया जाएगा ताकि वह आगामी जीवन में रोजगार हासिल कर सकें। नई नीतियों को बेहतर बताते हुए विजय शर्मा रविवार को सुविधाएं गिनाते हुए बोले- ये फायदे सुनने के बाद मुझसे एक सीनियर





पत्रकार ने कहा था कि ऐसे में तो नक्सली बनना ही अच्छा है। यह कहकर गृहमंत्री मुस्कुराए।

गृहमंत्री ने बताया कि, पंचायती राज के माध्यम से बस्तर के विकास का काम हम करने जा रहे हैं। गांवों के मांझियों (बस्तर के अंदरूनी इलाकों के जनप्रतिनिधि) की भागीदारी सुनिश्चित की जाने की मांग उठी थी, तो अब बस्तर के जिला पंचायत के सभागृह में मांझियों की बैठक होगी। जिलेवार ये बैठकें होंगी और मांझी बताएंगे कि उनको क्या-क्या निर्माण कार्य करवाने हैं। इन सभी आयामों को मिलाकर नया सॉल्यूशन समाज को देने की कोशिश है।

**नक्सल नीति से जुड़ी गृहमंत्री की कुछ बड़ी बातें-**

हम अनेक आयामों में काम हो रहे हैं। हम ये भी कर रहे हैं कि सरेंडर बढ़े, लोग नक्सलवाद में न जाए।

अब बस्तर के पांच जिलों में ऐसे भवन तैयार हैं, जहां पर सरेंडर करने वाले नक्सलियों को रखा जाएगा।

इन भवनों में उनका स्किल डेवलपमेंट किया जाएगा। वहां उनके रहने खाने के लिए 3 साल की व्यवस्था होगी।

जो हथियार वह लेकर के आएंगे उस हथियार से जुड़ी जो राशि घोषित है वह भी उनको दी जाएगी।

उनको प्लॉट दिया जाएगा, उनको प्रधानमंत्री आवास दिया जाएगा।

ये पॉलिसी इस उद्देश्य के साथ तैयार हुई है कि लोग मुख्यधारा में आएं। सरकार एक भी गोली नहीं चलाना चाहती।

आईईडी ब्लास्ट कर और बंदूक के दम पर गांव की उन्नति को रोक देना कब तक सहा जाएगा।

नक्सल घटनाओं से पीड़ित और प्रभावितों के लिए अलग योजना बनी है, केंद्र से भी और राज्य की भी।

बस्तर के युवाओं को लगातार रायपुर लाया जाएगा, उनके एजुकेशन और स्पोर्ट्स को लेकर कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

**मार्च 2026 तक खत्म करना है नक्सलवाद**

हाल ही में छत्तीसगढ़ दौरे पर आए केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म हो जाएगा। इसके बाद से ही प्रदेश में एनकाउंटर और नक्सलियों के खिलाफ दूसरे तरीकों की कार्रवाई बढ़ी है। प्रदेश सरकार का दावा है कि एक साल में 212 से अधिक नक्सली एनकाउंटर में मारे गए हैं। इतने एनकाउंटर पिछली सरकारों के 5-5 साल के कार्यकाल में भी नहीं हुए थे।

# बोरवेल से पानी की जगह निकल रही आग

## किसान ने खेत में कराया बोर, रातभर निकलती रही लपटें, देखने जुट रही भीड़

सूरजपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में एक बोरवेल से पानी की जगह लगातार आग निकल रही है। बताया जा रहा है कि रविवार को ही बोर का काम पूरा हुआ। 24 घंटे से अधिक समय से बोरवेल से आग की लपटें निकल रही हैं। मामला भैयाथान ब्लॉक के धरमपुर गांव का है। किसान रघुनाथ यादव ने सिंचाई के लिए खेत में 150 फीट की खुदाई कराकर बोर कराया। पर्याप्त मात्रा में पानी निकलने के कारण बोर का काम बंद कर दिया गया। रविवार को बोरवेल में केसिंग लगाने के बाद बोरवेल मशीन वापस चली गई। रविवार को बोरवेल से काम पूरा होने के कुछ देर बाद ही आग की लपटें निकलने लगीं। इससे ग्रामीण डर गए। आग की लपटों पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों ने बोरवेल के पाइप पर एक गीला बोरा भी डाला, लेकिन आग की लपटों ने बोरे को भी जला दिया।

24 घंटे से अधिक समय बाद भी लगातार आग जल रही है।



लगातार आग के कारण केसिंग पाइप भी गर्म होकर जलने लगी है। बोरवेल से पानी भी खुद बाहर आ रहा है। बोरे को डालकर आग बुझाया गई तो कुछ समय बाद फिर से आगे की लपटें निकलने लगीं।

सूरजपुर के साथ बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर क्षेत्र तक कोयले का अकूत भंडार है। बलरामपुर के वाड्रफनगर इलाके में नेचुरल गैस की भी खोज हो चुकी है। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि आग नेचुरल गैस के कारण बोरवेल से निकल रही है। संभवतः बोर नेचुरल गैस के पैच तक पहुंच गई है। मामले की सूचना प्रशासनिक अमले को भी दी गई है। देर शाम तक मौके पर बड़ी संख्या में लोग कौतूहलवश पहुंचे थे। आग को लेकर प्रशासन की टीम जानकारी जुटा रही है। अभी किस वजह से आग निकल रही है पता नहीं चल सका है।

# बॉयफ्रेंड ने गर्लफ्रेंड के दूसरे प्रेमी को मार डाला

## आधीरात दोस्तों के साथ लाठी-डंडों से पीटा पुलिस विभाग में है लड़की-लड़के की मां

दुर्ग, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में लव ट्राएंगल के चलते एक युवक का मर्डर हो गया है। लड़की के प्रेमी ने अपने दोस्तों के साथ देर रात पहले प्रेमी को लाठी डंडों से पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस लड़की सहित 5 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मामला पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र का है। मृतक का नाम चेतन साहू है। चेतन साहू और लड़की का पहले से अफेयर था। दोनों की मां पुलिस विभाग में हैं। इसी बीच लड़की की मां का ट्रांसफर सरगुजा हो गया। वो उसके साथ वहां रहने चली गई, लेकिन दूर होने के बाद भी चेतन साहू का प्यार कम नहीं हुआ।

दुर्ग एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि सरगुजा जाने के बाद लड़की को दुर्ग के ही लुकेश साहू से प्यार हो गया, लेकिन चेतन उसे लगातार फोन करता रहा। 24 दिसंबर को लड़की अपनी मां के साथ दुर्ग आई। चेतन साहू को इस बात की जानकारी हुई।

चेतन साहू लड़की को मिलने के लिए परेशान करने लगा। इसके बाद लड़की ने यह बात अपने नए प्रेमी लुकेश साहू को बताई। लुकेश के कहने पर लड़की ने चेतन को सिविल लाइन स्थित अपने घर के पास मिलने के लिए बुलाया।

रविवार देर रात 11-12 बजे के करीब जब चेतन लड़की से मिलने पहुंचा। वहां लुकेश अपने दोस्तों के साथ पहुंचा हुआ था। उसने चेतन को घेर लिया। दोनों में झगड़ा हो गया। झगड़ा इतना बढ़ गया कि लुकेश ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसे लाठी डंडों से जमकर पीटा।

वारदात के बाद सूचना मिलते ही पद्मनाभपुर और पुलिस के अधिकारी रात में मौके पर पहुंचे। लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने रात में ही 5 संदेहियों को हिरासत में लिया। मुख्य आरोपी लुकेश साहू वारदात के बाद से फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। दुर्ग एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि वारदात के बाद पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस ने मुख्य आरोपी की तो पहचान कर ली है, लेकिन उसके साथ वारदात में और कौन लोग शामिल थे, उनकी भी पहचान करने में जुटी है। लड़की को भी थाने बुलाया गया है।

# रांची के पंडरा में 13 लाख की लूट

## आटा कंपनी के कैशियर से लूटे पैसे, अपराधियों ने बचाव में आए युवक को मारी गोली

रांची, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। राजधानी रांची के पंडरा इलाके में दिन-दहाड़े अपराधियों ने 13 लाख रुपए लूट लिए। आशीर्वाद आटा कंपनी के कैशियर सुमित कुमार गुप्ता से अपराधियों ने पैसे लूटे हैं। वहीं लूटपाट के दौरान अपराधियों से भिड़े दूसरे युवक को अपराधियों ने गोली मार दी। इसके बाद अपराधी रफुचक्कर हो गए। वहीं घायल युवक को आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया है।

जानकारी के मुताबिक युवक खतरे से बाहर है। पुलिस तहकीकात करने में जुटी हुई है। घटना के बारे स्थानीय लोगों ने बताया कि पंडरा ओपी इलाके के आइसीआइसीआइ बैंक के समीप तीन की संख्या में आए अज्ञात अपराधियों ने आशीर्वाद आटा के कैशियर सुमित कुमार गुप्ता 13 लाख रुपए छिन कर भाग गए।

# भाभी की बहन को किडनैप करने का प्रयास, गिरफ्तार

कोडरमा, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। कोडरमा में 29 दिसंबर को लड़की के अपहरण के प्रयास मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लड़की के बड़ी बहन का देवर है। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक तरफा प्यार में कट्टे के बल पर लड़की को किडनैप करने का प्रयास किया था। आरोपी लड़की से शादी करना चाहता था। पुलिस ने इस मामले में मुख्य आरोपी समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपियों में गिरिडीह के देवरी निवासी मनोज कुमार सिन्हा(40), गांवा निवासी अभय कुमार (18), नालंदा निवासी चंदन कुमार (30), नालंदा निवासी दीपू कुमार (28), नालंदा निवासी अमित राज (19) और नालंदा का ही रहने वाला रितिक कुमार (18) शामिल है। मनोज कुमार सिन्हा मुख्य आरोपी है।

कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने सोमवार को बताया कि घटना मरकच्चो थाना क्षेत्र के गगरेसिंगा में हुई थी।

सूचना के बाद मरकच्चो थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो से भाग रहे 6 अपराधियों को पकड़ा गया। पकड़े गए अपराधियों से पूछताछ पर मामला एक तरफा प्रेम का पाया गया।

मनोज हथियार के बल पर लड़की का अपहरण कर शादी करना चाह रहा था। जबकि वो शादीशुदा है। उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई है। पकड़े गए अपराधकर्मी दीपू कुमार सिन्हा के पास से एक जिंदा गोली, मनोज कुमार सिन्हा के पास से दो रेड चिली पाउडर स्प्रे एवं पकड़े गए अपराध कर्मियों के निशानदेही पर एक देसी कट्टा और एक जिंदा गोली बरामद किया गया।

# सदर एसडीओ की पत्नी की मौत की जांच हुई तेज

## हजारीबाग एसडीओ के सरकारी आवास पहुंची पुलिस, मायके पक्ष ने लगाया है हत्या का आरोप

हजारीबाग, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी की जलने से हुई मौत मामले में पुलिस की जांच तेज हो गई है। सदर एसडीओ अशोक कुमार के सरकारी आवास पर हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह, सीसीआर डीएसपी मनोज कुमार समेत कई थाना के प्रभारी सोमवार को जांच करने के लिए पहुंचे। इस दौरान आवास के अंदर दो लोगों से पूछताछ की गई है।

वहीं जिस जगह घटना घटी है उस जगह जांच की गई। लगभग एक घंटे से अधिक समय तक वरीय पुलिस पदाधिकारी ने झील परिसर स्थित सरकारी आवास पर जांच किया। इस प्रकरण में अब तक कई लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। हजारीबाग पुलिस सीसीटीवी कैमरे की भी जांच कर



रही है। हालांकि सीसीटीवी कैमरे आसपास लगाए गए हैं, वह खराब बताए गए हैं। हजारीबाग सदर एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनिता कुमारी ने शुक्रवार देर रात रांची के एक निजी अस्पताल में दम तोड़ दिया था। गुरुवार सुबह 7 बजे वे 65% से ज्यादा जल गई थीं। परिजनों ने एसडीओ, उनके पिता, छोटे भाई और भाई की पत्नी पर हत्या की नीयत से तारपीन का तेल डालकर जलाने का आरोप लगाया था।

# नववर्ष पर मां छिन्नमस्तिका मंदिर में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

## छह हजार वर्ष पुराना है यह मंदिर नौका विहार का भी आनंद लेते हैं लोग




रामगढ़, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड में रामगढ़ से लगभाग 28 किमी दूर स्थित है रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर। यहां नए साल पर हाल साल श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ती है। इस बार भी संभावना जताई जा रही है कि मां के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार लग सकती है। इसके लिए मंदिर न्यास समिति और प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है।

यह मंदिर छह हजार वर्ष से अधिक पुराना माना जाता है और आज भी रोज हजारों श्रद्धालु यहां पूजा करने पहुंचते हैं। रजरप्पा के भैरवी-भेड़ा और दामोदर नदी के संगम पर स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर में सालों भर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है, लेकिन शारदीय नवरात्र और चैत्र नवरात्र के समय यहां भक्तों की संख्या दोगुनी हो जाती है।

वहीं, भैरवी दामोदर के संगम के साथ-साथ लोग नौका विहार का भी लुफ्त उठाते हैं। नव वर्ष पर यहां देश के कोने-कोने से श्रद्धालु पहुंचते हैं। यहां मां भगवती की पूजा कर आशीर्वाद और अपने परिवार की सुख शांति की कामना के साथ लोग नए साल की शुरुआत करते हैं।

# 80 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

## भेजा गया जेल, कुछ दिन पहले आरोपी के भाई को भी किया था अरेस्ट

गुमला, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। गुमला में पुलिस ने 80 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने यह एक्शन शांति नगर कब्रिस्तान के पीछे मैदान में की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शांति नगर निवासी अजय कुमार साहू (22) के रूप में की गई। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि मिली गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। पुलिस को सूचना मिली थी कि शांति नगर स्थित मैदान में कुछ युवकों द्वारा बैठकर नशापन किया जा रहा है। इसकी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम का गठन करते हुए शांति नगर कब्रिस्तान के पीछे स्थित मैदान में पहुंची। यहां पुलिस गाड़ी को आता देख, वहां बैठे लोग भागने लगे।

पुलिस ने खदेड़ कर एक युवक को पकड़ा। उसकी तलाशी लेने पर उसके पॉकेट में एक ब्राउन शुगर बरामद हुआ।

# नए साल के जश्न में नकली शराब खपाने की तैयारी

## नकली व्हिस्की के साथ एक गिरफ्तार, बिहार के क्षेत्रों में बेचने की थी योजना

पलामू, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। नव वर्ष के मौके पर शहर से लेकर गांव तक शराब की डिमांड बढ़ जाती है। इसे देखते हुए नकली शराब खपाने की तैयारी की जा रही है। उत्पाद विभाग ने रविवार की रात मनातू थाना क्षेत्र में छापेमारी कर नकली शराब बनाकर बेचने वाले एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। वहीं, दो अपराधी भाग निकले।



मौके से उत्पाद विभाग ने 45.510 लीटर नकली शराब और शराब पैक करने के लिए पांच सौ खाली बोतल बरामद किया है। अपराधी इंपीरियल महंगे ब्रांड के नकली विदेशी शराब तैयार करते थे। उत्पाद अधीक्षक को जानकारी मिली थी कि मनातू में नकली शराब का कारोबार किया जा रहा है। इस पर छापेमारी टीम मनातू पहुंची। मनातू बाजार के इलाके में रहने वाले मनीष कुमार और पवन कुमार गुप्ता के घर में छापेमारी की। रात में अचानक पुलिस के पहुंचने से वहां हड़कंप मच गया। मौके से नकली शराब और पैकिंग के लिए बोतल मिला।

स्व. महेंद्र प्रसाद के पुत्र पवन कुमार गुप्ता (28) को घर से ही उत्पाद विभाग की टीम ने गिरफ्त में ले लिया। जबकि नकली शराब के अवैध धंधे में शामिल मनातू के ही रहने वाले योगेंद्र प्रसाद का पुत्र प्रिंस कुमार (25) और उमेश प्रसाद का बेटा मनीष कुमार (25) भाग निकला। नकली शराब को मनातू और इससे सटे बिहार के इलाके में बेचा जाता था।

# इनामी नक्सली की हत्या में शामिल माओवादी गिरफ्तार

## दो एके-47 राइफल और 93 गोली बरामद, 6 आपराधिक मामले हैं दर्ज

लातेहार, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। लातेहार पुलिस को बड़ी उपलब्धि मिली है। भाकपा माओवादी के रीजनल कमेटी सदस्य 18 लाख के ईनामी नक्सली छोटू खरवार की हत्या में शामिल एक माओवादी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार माओवादी चंद्रदेव सिंह मनिका (लातेहार) का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से दो एक-47 राइफल, चार मैगजीन, 91 गोली, राइफल सफाई करने वाला तेल, तीन डायरी, एक काला रंग का पाउच, प्लास्टिक व गमछा बरामद किया है।

पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी मनिका थाना क्षेत्र के चौकिया के पास सुकरी नदी से की है। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी के सक्रिय माओवादी अपना पहचान छिपाकर मनिका थाना के दुंदु चौकिया गांव के आस पास क्षेत्र का रेकी कर रहा है। वो किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना का सत्यापन के बाद बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। गठित टीम जैसे ही दुंदु चौकिया के पास घेराबंदी कर छापेमारी की, चंद्रदेव सिंह भागने लगा।

पुलिस ने घेराबंदी कर चौकिया के सुकरी नदी के पास से उसकी गिरफ्तारी की गई। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार माओवादी के खिलाफ कुल 6 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसमें 17 सीएलए व आर्म्स एक्ट शामिल है। भाकपा माओवादी संगठन में लगभग 10 सदस्य ही बचे हैं।

# 2 जनवरी तक बिरसा जू की एंट्री फीस 70रुपये

## सफेद बाघ, सफेद तेंदुआ, सफेद मोर, सफेद हिरण है खास, टिकट के लिए पांच काउंटर

रांची, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। देश के सबसे सुंदर जू में से एक रांची का बिरसा जू नए साल के लिए पूरी तरह तैयार है। सैलानियों के लिए यहां विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं दो जनवरी तक के लिए सिस्टम में कई बदलाव भी किए गए हैं। आम दिनों में सोमवार को बंद रहने वाला यह जू छह जनवरी तक खुला रहेगा। जू आज भी खुला है। छह जनवरी को सोमवार है, उस दिन भी जू खुला रहेगा। 2 जनवरी 2025 तक प्रति वयस्क टिकट दर 70 रुपए रखा गया है। जबकि 3 साल से 12 साल के बच्चों के लिए 30 रुपए का टिकट लगेगा। इन तीन दिनों तक ग्रुप टिकट की व्यवस्था नहीं रहेगी। इस साल यहां सैलानियों को कई नए जानवरों के दीदार का भी मौका मिल रहा है। जू



ने इस साल कई नए वन्यजीवों का स्वागत किया है, जिससे दर्शकों के लिए जैव विविधता का अनुभव और भी रोमांचक होगा। भुवनेश्वर के नंदन-कानन जैविक उद्यान से सफेद बाघ, सफेद तेंदुआ, सफेद मोर, सफेद हिरण और गंध मृग जैसे दुर्लभ वन्यजीवों के बच्चों को लाया गया है। यह नए वर्ष में उद्यान का सबसे बड़ा आकर्षण बनने वाला है। इसके अतिरिक्त यहां 91 प्रजातियां हैं, जिनमें 41 स्तनधारी, 31 सरीसृप और 19 पक्षी हैं। सूर्य घड़ी और घंटी घर जैसे नए आकर्षण भी जोड़े गए हैं। जू प्रशासन की ओर से संभावित भीड़ को देखते हुए 31 दिसंबर से लेकर दो जनवरी तक सैलानियों की सुविधा के लिए बदलाव किए गए हैं। सैलानियों को टिकट लेने में परेशानी न हो इसे लेकर पांच अतिरिक्त टिकट काउंटर बनाए गए हैं।

# जुनेजा बोले- कुकरेजा पैसे के दम पर चाहते हैं कांग्रेस वापसी

## पूर्व विधायक बोले- अजीत-आनंद टिकट भी खरीद लेंगे, इनकी घर वापसी का किया विरोध

रायपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। रायपुर उत्तर के पूर्व कांग्रेस विधायक कुलदीप जुनेजा ने अजीत और आनंद कुकरेजा की कांग्रेस में वापसी का विरोध किया है। जूनेजा ने दोनों नेताओं के खिलाफ एक शिकायती चिट्ठी भी पार्टी अध्यक्ष के साथ ही हाईकमान को भेजी है। कुलदीप जुनेजा ने दोनों पर कांग्रेस को हराने आरोप लगाया है। इस दौरान जुनेजा ने कहा कि, अजीत और आनंद कुकरेजा हमेशा टिकट खरीदने की बात कहते हैं। अब पैसों के दम पर कांग्रेस में वापसी कर रहे हैं। इस मामले को लेकर उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और दीपक बैज से जांच की मांग की है।

# बीएड अभ्यर्थियों का जल सत्याग्रह

## अटल की तस्वीर लेकर तालाब में खडे होकर किया प्रदर्शन बोले- जब समायोजन होगा, तब निकाय चुनाव होगा

रायपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर बीएड अभ्यर्थी सहायक शिक्षक अपनी नौकरी बचाने के लिए पिछले 12 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। इस बीच अभ्यर्थियों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर लेकर जल सत्याग्रह किया।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि, वे अपनी मांगों को लेकर अटल हैं। सरकार तक ये संदेश देना चाहते हैं कि सुशासन में हमारी नौकरी भी बचा ली जाए और समायोजन किया जाए। इससे पहले अभ्यर्थी सामूहिक मुंडन के अलावा हवन, इच्छा-मृत्यु की मांग, तेलीबांधा तालाब की सफाई कर ये प्रदर्शनकारी अपना विरोध जता चुके हैं। इसके अलावा वित्त मंत्री ओपी चौधरी के बंगले जाकर उनसे मिलने की भी कोशिश की लेकिन



मुलाकात नहीं हो पाई। ऐसे में सोमवार को सांकेतिक जल समाधि लेकर प्रदर्शन किया गया।

बीएड सहायक शिक्षकों ने 14 दिसंबर को अंबिकापुर से रायपुर तक पैदल अनुनय यात्रा शुरू की गई थी। रायपुर पहुंचने के बाद 19 दिसंबर से यात्रा धरने में बदल गई। इस दौरान शिक्षकों ने सरकार और जनप्रतिनिधियों को अपनी पीड़ा सुनाने के लिए पत्र भी भेजे।

धरना प्रदर्शन शुरू होने के बाद, शिक्षकों ने 22 दिसंबर को धरना स्थल में ही ब्लड डोनेशन कैंप लगाया। इस शिविर में शिक्षकों ने रक्तदान कर सरकार तक यह संदेश पहुंचाया कि वे समाज और देश की भलाई के लिए समर्पित हैं और शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 26 दिसंबर- आंदोलन में बैठे सहायक शिक्षकों ने अपनी मांगों की तरफ सरकार का ध्यान खींचने के लिए सामूहिक मुंडन कराया। पुरुषों के साथ महिला टीचर्स ने भी अपने बाल कटवाए। कहा, ये केवल बालों का त्याग नहीं बल्कि उनके भविष्य की पीड़ा और न्याय की आवाज है। 28 दिसंबर- आंदोलन पर बैठे शिक्षकों ने मुंडन के बाद यज्ञ और हवन करके प्रदर्शन किया। कहा कि,यदि हमारी मांगे नहीं मानी गईं, तो आगे सांकेतिक सामूहिक जल समाधि लेने को मजबूर होंगे।

# मस्क बोले-एच1बी वीजा प्रोग्राम खत्म जैसा, इसमें सुधार की जरूरत

## हर साल करीब 45 हजार भारतीय इस वीजा पर अमेरिका जाते हैं

वॉशिंगटन, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। टेस्ला के मालिक और ट्रम्प प्रशासन में उनके सहयोगी इलॉन मस्क ने विदेशी कामगारों को मिलने वाले एच1बी वीजा पर एक बार फिर बयान दिया है। मस्क ने इस प्रोग्राम को खत्म जैसा बताते हुए, इसमें बड़े पैमाने पर सुधार करने की बात कही है। मस्क ने एक पोस्ट के जवाब में कहा कि इस प्रोग्राम में न्यूनतम सैलरी और मेंटेनेंस को बढ़ाकर इसमें सुधार किया जाना चाहिए। इससे पहले मस्क ने पिछले हफ्ते शुक्रवार को इस वीजा के समर्थन में पोस्ट किया था। इस पोस्ट में मस्क ने एच1बी वीजा के लिए युद्ध करने तक की कसम खाई थी। मस्क के अलावा ट्रम्प प्रशासन में शामिल हो रहे भारतवंशी विवेक रामास्वामी भी एच1बी वीजा प्रोग्राम के समर्थन में हैं। इस वीजा पर हर साल करीब 45 हजार भारतीय अमेरिका जाते हैं। इलॉन मस्क भी एच1बी वीजा पर साउथ अफ्रीका से अमेरिका पहुंचे थे।

**एच-1बी वीजा पर पलटे ट्रम्प**

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ने एच-1बी वीजा पर अपने रूख में बदलाव किया है। मस्क की पोस्ट के बाद ट्रम्प भी इस वीजा के समर्थन में आ गए हैं। इसे पहले तक डोनाल्ड ट्रम्प इस प्रोग्राम का विरोध करते रहे हैं। ट्रम्प ने शनिवार, 28 दिसंबर को न्यूयॉर्क टाइम्स से बात करते हुए बताया कि वो हमेशा से इस वीजा के समर्थन में रहे हैं।



एच1बी नॉन-इमीग्रेंट वीजा होता हैं, जिसके तहत अमेरिकी कंपनियों को विशेष तकनीकी दक्षता वाले पदों पर विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने की अनुमति होती है। इस वीजा के जरिए टेक्नोलॉजी सेक्टर की कंपनियां हर साल भारत और चीन जैसे देशों से हजारों वर्कर्स की नियुक्ति करती है। एच-1बी वीजा आमतौर पर उन लोगों के लिए जारी किया जाता है,जो किसी खास पेशे (जैसे-आईटी प्रोफेशनल, आर्किट्रेक्टचर, हेल्थ प्रोफेशनल आदि) से जुड़े होते हैं। ऐसे प्रोफेशनल्स जिन्हें जॉब ऑफर होता है उन्हें ही ये वीजा मिल सकता है। यह पूरी तरह से एम्प्लॉयर पर डिपेंड करता है। यानी अगर एम्प्लॉयर नौकरी से निकाल दे और दूसरा एम्प्लॉयर ऑफर न करे तो वीजा खत्म हो जाएगा। एच-1बी वीजा को लेकर ट्रम्प समर्थकों की राय भी आपस में बंटी हुई है। लॉरा लूमर, मैट गेट्ज और एन कूल्टर जैसे ट्रम्प समर्थक खुलकर इस वीजा का विरोध कर रहे हैं। इन लोगों का कहना है कि एच-1बी वीजा से विदेशी लोगों को अमेरिका में नौकरी मिलने मिलेगी और अमेरिकी लोगों की नौकरियां छिन जाएगी। दूसरी तरफ जल्द ही ट्रम्प सरकार में डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी (डीओजीई) संभालने वाले इलॉन मस्क और विवेक रामास्वामी ने एच-1बी वीजा का समर्थन किया है। इनका कहना है कि अमेरिका को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए दुनिया के टॉप लोगों को नौकरियों पर रखनी चाहिए।

**10 में से 7 एच-1बी वीजा भारतीयों को ही मिलता है**

बता दें कि अमेरिका हर साल 65,000 लोगों को एच-1बी वीजा देता है। इसकी समयसीमा 3 साल के लिए होती है। जरूरत पड़ने पर इसे 3 साल के लिए और बढ़ाया जा सकता है। अमेरिका में 10 में से 7 एच-1बी वीजा भारतीय लोगों को मिलती है।

इसके बाद चीन, कनाडा, साउथ कोरिया का नंबर आता है।

# पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर का निधन

## 100 साल की उम्र में ली आखिरी सांस, उन्हें कैंसर था, 2002 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला

वॉशिंगटन, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर का रविवार देर रात जॉर्जिया स्थित अपने घर में 100 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। 1 अक्टूबर 1924 को जन्मे कार्टर 1977 से 1981 तक अमेरिका के 39वें राष्ट्रपति रहे। वे अमेरिकी इतिहास में सबसे ज्यादा जीवित रहने वाले राष्ट्रपति रहे। कार्टर कुछ समय से मेलानोमा बीमारी से पीड़ित थे। यह एक तरह का स्किन कैंसर होता है। यह उनके लिवर और दिमाग तक फैल चुका था। 2023 में उन्होंने हॉस्पिस केयर लेने का फैसला किया। हॉस्पिस केयर में हॉस्पिटल में इलाज कराने से मना कर दिया जाता है। तब कुछ नर्सिंग स्टाफ और परिवार के लोग घर पर ही मरीज की देखभाल करते हैं। राष्ट्रपति पद छोड़ने के बाद कई साल तक उन्होंने अपनी संस्था 'कार्टर सेंटर' के जरिए मानवता के काम किए। इसके लिए उन्हें 2002 में नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया था।

जिमी कार्टर के बेटे चिप कार्टर ने रॉयटर्स से कहा, 'न सिर्फ मेरे



लिए, बल्कि उन सभी लोगों के लिए हीरो थे, जो शांति, मानवाधिकार और निस्वार्थ प्रेम में विश्वास रखते हैं। जिस तरह से वे लोगों को साथ लाया करते थे, उसकी वजह से आज यह पूरी दुनिया हमारा परिवार है।'

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि आज अमेरिका और दुनिया ने एक असाधारण नेता, राजनेता और मानवतावादी खो दिया। छह दशक तक हमें जिमी कार्टर को अपना करीबी दोस्त कहने का सम्मान मिला, लेकिन जिमी कार्टर के बारे में असाधारण बात यह है कि अमेरिका और दुनिया भर के लाखों लोग जिन्होंने उनसे कभी मुलाकात नहीं की, वे भी उन्हें अपने करीबी दोस्त जैसा ही मानते थे।

पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने जिमी कार्टर के निधन पर दुख जताया। उन्होंने कहा- राष्ट्रपति कार्टर ने हम सभी को सिखाया कि गरिमा, न्याय, सेवा और अनुग्रह से भरा जीवन जीने का क्या अर्थ होता है। मिशेल और मैं कार्टर परिवार और उन सभी के प्रति अपनी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं भेजते हैं, जिन्होंने इस बेमिसाल व्यक्ति से प्रेम किया और उनसे सीख ली।

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि राष्ट्रपति के तौर पर जिमी कार्टर ने एक अमिट धरोहर छोड़ी है। जिमी उस वक्त राष्ट्रपति रहे जब अमेरिका एक महत्वपूर्ण समय से गुजर रहा था। इस दौरान उन्होंने कई चुनौतियों का समाना किया और सभी अमेरिकियों का जीवन सुधारने के लिए अपनी पूरी ताकत लगाई।

हालांकि, मैं उनके विचारों और राजनीतिक दृष्टिकोण से असहमत था, लेकिन मैंने यह भी महसूस किया कि वह असल में हमारे देश और इसके आदर्शों से गहरा प्रेम करते थे। इसके चलते मेरे मन में उनके लिए सम्मान है।

साल 1924 में जिमी कार्टर का जन्म अमेरिका के जॉर्जिया में एक किसान परिवार में हुआ था। 1960 में वो राजनीति में आए और 1971 में पहली बार अपने राज्य के गवर्नर बने। इसके ठीक 6 साल बाद जिमी कार्टर ने रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति जेराल्ड फोर्ड को हराया और राष्ट्रपति बने। अपने कार्यकाल में कार्टर ने कई बड़ी चुनौतियों का सामना किया। इनमें शीत युद्ध के तनाव, तेल की अस्थिर कीमत और नस्लीय समानता और महिला अधिकारों को लेकर कई अमेरिकी राज्यों में आंदोलन शामिल रहा।

# क्रोएशिया में राष्ट्रपति चुनाव में किसी को बहुमत नहीं

## 50% आंकड़ा पार नहीं कर पाया कोई उम्मीदवार 12 जनवरी को होगी दूसरे राउंड की वोटिंग

जाग्रेब, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। यूरोपीय देश क्रोएशिया में राष्ट्रपति चुनाव के लिए रविवार को वोटिंग पूरी हो गई है। राष्ट्रपति पद की रेस में कुल 8 उम्मीदवार थे। किसी भी उम्मीदवार को बहुमत के लिए जरूरी 50% वोट नहीं मिले हैं। वर्तमान राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच ने सबसे ज्यादा 49% वोट हासिल किए हैं। जोरान के बाद एचडीजड पार्टी के उम्मीदवार ड्रैगन प्रिमोरैक 19% वोट के साथ दूसरे रहे। अब दोनों नेताओं के बीच 12 जनवरी को राष्ट्रपति पद के लिए दूसरे राउंड की वोटिंग होगी। चुनाव से पहले हुए सर्वे में भी इसका अनुमान था। इन दोनों के अलावा 6 और उम्मीदवार भी मैदान में थे, जिनमें से 3 महिलाएं थीं। रॉयटर्स के मुताबिक हाल के सर्वे से पता चला है कि मौजूद राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच लोगों की पहली पंसद हैं। जोरान मिलनोविच को विपक्षी सोशलिस्ट डेमोक्रेट्स पार्टी का समर्थन हासिल है। उन्होंने 2020 में भी इसी पार्टी के समर्थन से राष्ट्रपति चुनाव जीता था। मिलनोविच क्रोएशिया के प्रधानमंत्री भी रह चुके हैं। राष्ट्रपति मिलनोविच ने राष्ट्रपति रहते यूक्रेन को मदद देने के लिए यूरोपियन यूनियन और नाटो की तीखी आलोचना की थी। इस मुद्दे पर उनकी क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच से भी तकरार काफी ज्यादा बढ़ गई थी। क्रोएशिया में राष्ट्रपति कानून पर वीटो नहीं लगा सकते, लेकिन विदेश नीति, डिफेंस और सिक्योरिटी मामलों में उनकी राय काफी मायने रखती है।

# तालिबान ने घरों में खिड़कियां बनाने पर रोक लगाई

## कहा- जहां से महिलाएं दिखें वहां खिड़कियां न बनाएं, खिडकियों को ईंटों से बंद करें

काबुल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार आने के बाद से महिलाओं पर लगातार कई तरह के प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। शनिवार को भी तालिबान ने आदेश जारी कर घरेलू इमारतों में उन जगहों पर खिड़कियां बनाने पर बैन लगा दिया, जहां से महिलाओं के नजर आने की संभावना हो। उन्होंने इसके पीछे अश्लीलता रोकने के हवाला दिया गया। अफगानिस्तान में नगर निगम अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि वो नई बन रही इमारतों पर नजर रखें। इससे यह तय किया जाएगा कि इन इमारतों में ऐसी खिड़कियां न बनाई जा सकें जिनसे पड़ोसी के घर में झांक सकें। आदेश में कहा गया है कि अगर ऐसी खिड़कियां पहले से मौजूद हैं, तो मकान मलिकों को इनके सामने ईंटों की दीवार बनाने के लिए कहा जाएगा। तालिबान अफगानिस्तान की हुकूमत में वापसी के बाद से लगातार महिलाओं के खिलाफ तुगलकी



फरमान जारी कर रहा है। इससे पहले इसी महीने तालिबान ने अफगानिस्तान में महिलाओं की नर्सिंग की ट्रेनिंग पर बैन लगा दिया था। इसके पीछे की वजह भी नहीं बताई गई थी। वही इसी साल अगस्त में अफगान महिलाओं के सार्वजनिक रूप से बोलने और चेहरा दिखाने पर रोक लगा दी गई है। इसके साथ ही कहा गया था कि महिलाएं बहुत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें। इसके अलावा तालिबान ने महिलाओं के खेलों में भाग लेने पर भी प्रतिबंध लगा दिया है। तालिबान ने 2021 में तख्तापलट करने के बाद हुकूमत पर कंट्रोल कर लिया था। इसके बाद उन्होंने कहा था कि देश में शरिया कानून लागू होगा। दरअसल, शरिया इस्लाम को मानने वाले लोगों के लिए एक लीगल सिस्टम की तरह है। कई इस्लामी देशों में इसका इस्तेमाल होता है। हालांकि, पाकिस्तान समेत ज्यादातर इस्लामी देशों में यह पूरी तरह लागू नहीं है।

# इजराइली पीएम नेतन्याहू ने कराई प्रोस्टेट सर्जरी

## रिकवरी के लिए अंडरग्राउंड कमरे में रखा गया सर्जरी के दौरान न्याय मंत्री ने संभाला पद

तेल अवीव, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की रविवार को प्रोस्टेट सर्जरी हुई है। डॉक्टर्स ने उनके शरीर से प्रोस्टेट को अलग कर दिया है। यरूशलम के हदासाह मेडिकल सेंटर में यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के प्रमुख डॉक्टर ओफर गोफ्रिट ने बताया कि सर्जरी सफलतापूर्वक हो गई है। नेतन्याहू को कैंसर या दूसरी किसी घातक बीमारी का डर नही हैं। 75 साल के नेतन्याहू पिछले कुछ वर्षों से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। नेतन्याहू ने इसी महीने एक केस की सुनवाई के दौरान बताया था कि वो सिगार के साथ 18 घंटे तक काम करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के तौर पर 17 साल पूरे कर लिए हैं।

नेतन्याहू की सर्जरी ऐसे समय में हुई है, जब उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के केस में सुनवाई चल रही है। दूसरी तरफ उन्हें गाजा युद्ध और हूती विद्रोहियों की चुनौती का सामना करना पड़ रहा



है। सर्जरी के बाद रिकवरी के लिए नेतन्याहू को अंडरग्राउंड यूनिट में रखा गया है। इस अंडरग्राउंड यूनिट पर मिसाइल हमले का भी असर नहीं होगा।

नेतन्याहू के कार्यालय ने इसकी जानकारी दी है। कार्यालय ने बताया कि सर्जरी के दौरान भी पूरी सावधानी बरती गई थी। सर्जरी के समय नेतन्याहू की जगह उनके न्याय मंत्री यारिव लेविन ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभाली थी। सर्जरी के बाद नेतन्याहू ने डॉक्टर्स का धन्यवाद किया। पिछले साल नेतन्याहू को दिल से जुड़ी बीमारी के बारे में पता चला था। इसके बाद उन्हें पेसमेकर लगाया गया था। इस साल उनकी हर्निया की सर्जरी भी हुई थी। नेतन्याहू अपनी छवि को ऊर्जावान नेता की बनाए रखने के लिए कोशिश करते रहते हैं। नेतन्याहू के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में चल रही सुनवाई रविवार को टाल दी गई।

नेतन्याहू के वकील ने उनकी सर्जरी का हवाला देते हुए यरूशलम की जिला अदालत से सुनवाई टालने को कहा था। कोर्ट ने वकील की याचिका पर सुनवाई को टाल दिया। अब इस मामले में 6 जनवरी के आसपास सुनवाई की जाएगी। नेतन्याहू को इस मामले में कोर्ट आकर गवाही देनी है। वे इससे पहले भी 10 और 18 दिसंबर को कोर्ट रूम में आकर गवाही दे चुके हैं।

# साउथ कोरिया में सात दिन का राष्ट्रीय शोक

## राष्ट्रपति ने सभी एयरलाइन की जांच का आदेश दिया, हादसे में बचे 2 क्रू मेंबर्स सदमे में

सियोल, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। साउथ कोरिया में प्लेन क्रैश हादसे के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति चोई सांग-मोक ने सोमवार को देश में 7 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने सभी एयरलाइन सिस्टम की जांच के आदेश दिया है।

रविवार को बैंकॉक से आ रहा जेजू एयर का बोइंग 737-800 प्लेन मुआन एयरपोर्ट पर लैंड कर रहा था, लेकिन गियर में खराबी की वजह से इसके पहिए नहीं खुले। बेली लैंडिंग की कोशिश में प्लेन क्रैश कर गया जिसमें 179 लोगों की मौत हो गई।

हादसे में जान गंवाने वालों में 84 पुरुष और 85 महिलाएं हैं। जबकि 10 शवों के जेंडर पता नहीं चल पाया। मरने वालों में से 146 लोगों की पहचान कन्फर्म हो चुकी है, बाकी बचे लोगों की पहचान जानने के लिए डीएनए टेस्ट किया जाएगा।

हादसे में जिंदा बचे दोनों क्रू



मेंबर का इलाज जारी है। होश में आने के बाद दोनों गहरे सदमें है। उन्हें हादसे को लेकर साफ तौर पर कुछ भी याद नहीं है।

**क्रू मेंबर को हादसे के बारे में साफ तौर पर कुछ याद नहीं**

कोरियन टाइम्स के मुताबिक हादसे में बच गए दोनों क्रू मेंबर पैसेंजर्स की मदद के लिए प्लेन के पिछले हिस्से में तैनात थे। इनमें से एक 32 साल के ली सदमे में हैं। वे बार-बार पूछ रहे हैं कि उन्हें क्या हुआ है? और वह यहां क्यों हैं? डॉक्टर का कहना है कि ली के बाएं कंधे में फ्रैक्चर और सिर में चोटें आईं हैं, लेकिन उनका स्वास्थ्य स्थिर हैं।

25 साल की फ्लाइट अटेंडेंट क्वोन भी हादसे में बाल-बाल बच गईं। उनका भी हॉस्पिटल में इलाज जारी है। क्वोन को भी हादसे के बारे में कुछ याद नहीं है। उन्होंने अपने सिर, टखने और पेट में तेज दर्द की बात कही है। डॉक्टर्स ने कहा कि क्वोन की चोटें गंभीर हैं लेकिन जान को कोई खतरा नहीं है।

**दो ब्लैक बॉक्स, फ्लाइट डेटा और वॉयस रिकॉर्डर बरामद**

एक्सपर्ट्स ने सीसीएन को बताया कि विमान में टेकऑफ और लैंडिंग के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले पहिए पूरी तरह से नहीं खुल पाए थे। हालांकि अभी तक यह नहीं पता चल पाया है कि इनके न खुलने की वजह क्या थी।

वहीं ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री ने बताया कि हादसे वाली जगह से दो ब्लैक बॉक्स, फ्लाइट डेटा और वॉयस रिकॉर्डर बरामद कर लिए गए हैं। हालांकि इन्हें काफी ज्यादा नुकसान पहुंचा है, जिस वजह से इसे राजधानी सियोल के एलनाइज सेंटर भेजा जाएगा। जरूरत पढ़ने पर इसे अमेरिका भी भेजा जा सकता है।

# भारत से इजरायल पहुंचने वाले श्रमिकों की संख्या 16,000 पहुंची

तेल अवीव, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। हमास के हमले के बाद से इजरायल पिछले एक साल से लड़ाई में हैं। इसके बाद युद्ध लेबनन में हिजबुल्लाह और यमन के हूती विद्रोहियों और ईरान तक फैल गया। हालांकि इसके बावजूद राजू निषाद और उनके जैसे अन्य मजदूरों यहां आने से नहीं रुके। उन्होंने कहा, 'यहां डरने की कोई बात नहीं है। कई बार हवाई हमले की चेतावनियों के कारण हमें शेल्टर की ओर भागने के लिए मजबूर होना पड़ता है। सायरन बंद होते ही हम अपने काम पर लौट जाते हैं।' सवाल उठता है कि लोग अपने घर से हजारों किमी दूर इस खतरनाक स्थिति में काम करने क्यों जाते हैं। इजरायल में उच्च आय है, जहां, कुछ श्रमिक अपने देश में मिलने वाली आय से तीन गुना ज्यादा कमा सकते हैं, यही कारण है कि लोग यहां जाने को तैयार हो जाते हैं। पिछले एक साल में 16,000 भारतीय श्रमिक इजरायल पहुंचे हैं। इजरायल और भी हजारों श्रमिकों को लाने की योजना बना रहा है। निषाद कहते हैं, 'मैं भविष्य के लिए पैसे बचा रहा हूं, समझदारी से निवेश की योजना बना रहा हूं और अपने परिवार के लिए कुछ अच्छा करना चाहता हूं।' भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। लेकिन इसके बावजूद व अपने लोगों के लिए पर्याप्त नौकरियां नहीं पैदा कर पा रहा है। दशकों से इजरायल में भारतीय काम कर रहे हैं। हजारों बुजुर्ग इजरायलियों की देखभाल करने के लिए भारतीय जाते हैं। अन्य हीरा व्यापारियों और आईटी पेशेवरों के रूप में काम करते हैं। लेकिन जब से गाजा का युद्ध तेज हुआ है तब से इजरायल के निर्माण क्षेत्र में भारतीय श्रमिकों की संख्या बढ़ी है। दिल्ली स्थित डायनामिक स्टाफिंग सर्विसेज के अध्यक्ष समीर खोसला ने 30 से ज्यादा देशों में 5 लाख से ज्यादा भारतीयों को काम करने के लिए भेजा है। उनके जरिए 3500 से ज्यादा श्रमिक इजरायल पहुंचे हैं।

# स्कॉटलैंड में लापता भारतीय छात्रा का नदी से मिला शव

## 6 दिसंबर को देखी गई थी अंतिम बार

लंदन, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। स्कॉटलैंड में 22 वर्षीय भारतीय छात्रा संत्रा साजू का शव नदी से बरामद किया गया है। वह इस महीने के शुरुआत से लापता थीं। उसके परिवार को शव मिलने की जानकारी दे दी गई है। हालांकि, शव की औपचारिक पहचान की प्रक्रिया अभी बाकी है। भारत के केरल राज्य की संत्रा साजू एडिनबर्ग स्थित हेरियट-वाट विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रही थीं। स्कॉटलैंड पुलिस का कहना है कि इस साल 27 दिसंबर को न्यूब्रिज गांव के पास एक नदी से शव मिलने की सूचना मिली थी। फिलहाल शव की औपचारिक पहचान नहीं हुई है। मगर, संत्रा साजू के परिवार को जानकारी दे दी हई है। उन्होंने आगे बताया कि मृत्यु के पीछे कुछ संदिग्ध नहीं दिखाई दे रहा है। एक रिपोर्ट स्कॉटलैंड की अभियोजन सेवा और मृत्यु जांच निकाय प्रोक्यूरेटर फिस्कल को भेजी जाएगी। साजू को आखिरी बार छह दिसंबर की शाम को लिविंगस्टन के अल्मोंडवेल में एक एस्डा सुपरमार्केट स्टोर में सीसीटीवी में देखा गया था। पुलिस ने उनकी तलाश के लिए तुरंत एक अभियान शुरू किया और उनकी पहचान साझा की थी। अधिकारी ने बताया था कि साजू की लंबाई करीब पांच फीट छह इंच है, वह भारतीय मूल की है, दुबली-पतली और उनके छोटे काले बाल हैं। उसने फर-लाइन वाले हुड के साथ एक काली जैकेट, बेज रंग के फरी इयरमफ और एक काला फेसमास्क पहना हुआ था। पुलिस ने बताया था कि संत्रा के पास छह दिसंबर को एक काले और सफेद रंग का बैग भी था, लेकिन सुपरमार्केट में जाते समय उस बैग के बिना थी।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की और सार्वजनिक रूप से संत्रा की तस्वीरें जारी की थीं, ताकि कोई उन्हें पहचान सके।

# चीन ने दुनिया की सबसे तेज ट्रेन चलाई

बीजिंग, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। चीन ने रविवार को अपनी हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन के अपडेट किए हुए मॉडल का अनावरण किया। ट्रेन के निर्माता का दावा है कि परीक्षण के दौरान इसकी गति 450 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच गई, जिसके साथ ही यह दुनिया की सबसे तेज हाई-स्पीड ट्रेन बन गई है। चाइना स्टेट रेलवे ग्रुप कंपनी के अनुसार सीआर450 प्रोटोटाइप के रूप में जाने जाने वाले नए मॉडल से यात्रा का समय और कम होगा और कनेक्टिविटी भी सुधरेगी, जिससे यात्रियों के लिए यात्रा अधिक सुविधाजनक हो जाएगी। सरकारी मीडिया ने यहां बताया कि सीआर450 प्रोटोटाइप की परीक्षण गति 450 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। सरकारी समचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की एक खबर में कहा गया है कि सेवा में मौजूद सीआर400 फक्सिंग हाई-स्पीड रेल से काफी तेज है, जो 350 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलती है। ट्रेन के ब्रेकिंग सिस्टम को इन अभूतपूर्व गति पर स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है, इसका सुव्यवस्थित डिजाइन ऊर्जा की खपत को 20% से अधिक कम करती है। नए प्रोटोटाइप- सीआर450एएफ और सीआर450बीएफ- में आठ-कार फॉर्मेशन है, जिसमें पर्मानेंट मैग्नेट ट्रैक्शन और हाई स्टेबिलिटी बोगी सिस्टम जैसी उन्नत प्रणालियां हैं।

# चार महिलाओं से इश्क करना हिजबुल्ला कमांडर को पड़ा भारी

तेल अवीव, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। इजरायल, हिजबुल्ला के लगभग सभी शीर्ष कमांडर्स को ढेर कर चुका है। अब खुलासा हुआ है कि इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद ने हिजबुल्ला के शीर्ष कमांडर फुआद शुकर को निशाना बनाने से पहले लंबे समय तक उसकी निगरानी की। फुआद शुकर अपनी ही एक गलती से मोसाद के जाल में फंसा। दरअसल शुकर का एक साथ चार-चार महिलाओं से प्रेम संबंध था और इन महिलाओं से बातचीत के दौरान ही शुकर मोसाद के जाल में फंसा और आखिरकार मोसाद ने बीते दिनों उसे लेबनान के एक अपार्टमेंट में ढेर कर दिया। फुआद शुकर हिजबुल्ला के सह-संस्थापकों में से एक था और इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद दशकों से उससे जुड़ी जानकारी जुटाने में लगी हुई थी। इसी दौरान मोसाद को पता चला कि फुआद शुकर का शादी के बाद भी चार महिलाओं से संबंध थे और वह कथित तौर पर वह एक साथ चार महिलाओं से संबंध रखने को लेकर खुद को दोषी समझता था। इसे लेकर उसने हिजबुल्ला के धार्मिक मामलों के शीर्ष मौलवी हाशेम सफीद्दीन से बात की थी। सफीद्दीन ने कथित तौर पर शुकर को चारों महिलाओं से शादी करने की सलाह दी थी। इसके बाद शुकर ने फोन ही पर चारों महिलाओं से शादी की। हालांकि यह साफ नहीं है कि ये शादी कब हुईं। हालांकि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान शुकर मोसाद के जाल में फंस गया और उसकी लोकेशन मोसाद को पता चल गई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 30 जुलाई को फुआद शुकर को एक फोन गया, जिसमें उसे अपने गुप्त ठिकाने से दक्षिणी बेरुत के एक ठिकाने पर बुलाया गया। जैसे ही शुकर वहां पहुंचा, तभी इजरायल ने मिसाइल से हमला कर शुकर को ढेर कर दिया। इसी साल जुलाई में मजदल शम्स में एक मिसाइल हमला हुआ था, जिसमें स्कूली बच्चों समेत कई इजरायली नागरिक मारे गए थे।

# इजरायल का खौफ, सुखोई-35 के बाद पाकिस्तान-चीन का जेएफ-17 लड़ाकू विमान खरीदेगा ईरान?

तेहरान, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। इजरायल और अमेरिका के हमले के खौफ से जूझ रहा ईरान अब फाइटर जेट की नई फौज खड़ी कर रहा है। ईरानी वायुसेना को हाल ही में रूस से सुखोई 35 फाइटर जेट की पहली खेप मिली है। अब अरब मीडिया में यह भी चर्चा है कि ईरान पाकिस्तान और चीन के संयुक्त रूप से बनाए गए जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट को खरीद सकता है। ईरान के एयर फोर्स के चीफ ने हाल ही में पाकिस्तान की यात्रा की थी ताकि इस डील को लेकर चर्चा की जा सके। इससे पहले अजरबैजान ने भी पाकिस्तान से जेएफ-17 फाइटर जेट खरीदा था। वहीं पाकिस्तान से जेएफ 17

**ड्रैगन ने दिया है झटका**

फाइटर जेट खरीदकर म्यांमार की वायुसेना पछता रही है। ये विमान खरीदने के बाद से ही खड़े हैं और गृहयुद्ध के बीच कबाड़ साबित हो रहे हैं। ईरान के एयर फोर्स के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल हमेद वहीदी ने हाल ही में पाकिसतान की यात्रा की थी। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल भी गया था। इस यात्रा के दौरान वहीदी ने इंडस शील्ड 2024 हवाई अभ्यास का जायजा लिया था। उन्होंने पाकिस्तानी एयरफोर्स के चीफ के साथ मुलाकात भी की थी। अरब मीडिया का दावा है कि ईरानी एयरफोर्स चीफ की इस यात्रा का मकसद जेएफ 17 फाइटर जेट हासिल करना था। इसे चीन की मदद से पाकिस्तान में बनाया गया है। ईरान की नजर जेएफ 17 के ब्लाक 3 पर है जिसके काफी आधुनिक होने का दावा किया जाता है। चीन उसे जे 10 सी फाइटर जेट दे जो उसने पाकिस्तान को दिया है। चीन ने इस जे 10 विमान को देने से मना कर दिया। ईरान चाहता था कि चीन 36 जे 10 सी विमान उसे दे दे लेकिन पैसे को लेकर मामला फंस गया। चीन चाहता था कि ईरान विमान के लिए नकद पैसा दे लेकिन तेहरान उसे इन विमानों के बदले तेल बेचना चाहता था। इजरायल के साथ तनाव के बाद से ही ईरान अपनी सबसे बड़ी कमजोरी वायुसेना को मजबूत करने में जुटा है।



# भजनलाल सरकार ने 7 संभागों का किया पुनर्गठन

जयपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। भजनलाल सरकार ने गहलोत राज में बनाए गए नए जिले और संभागों के बाद फिर से राजस्थान का राजनीतिक भूगोल बदल दिया है। इसी कड़ी में आज सरकार ने 9 नए जिलों और 7 संभागों के पुनर्गठन के लिए अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार राजस्थान के 41 जिले और सात संभाग होंगे। साथ ही सरकार ने जिलों का स्वरूप भी तय किया है।



राज्य सरकार द्वारा अधिसूचना के मुताबिक पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने जयपुर एवं बीकानेर संभाग में से नवीन संभाग सीकर, जोधपुर में से नवीन संभाग पाली एवं उदयपुर में से नवीन संभाग बांसवाड़ा का सृजन किया गया था। लेकिन अब अधिसूचना जारी करते हुए राज्य सरकार ने सोमवार को बांसवाडा, सीकर एवं पाली को निरस्त कर इनमें सम्मिलित जिलों को यथावत मूल सम्भागों में सम्मिलित कर दिया है।

## 9 जिले रद्द होने के बाद मदन दिलावर बोले

# भविष्य में सरकार मापदंड के आधार पर नए जिलों का गठन करेगी

सीकर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। शिक्षामंत्री मदन दिलावर खाटूश्यामजी पहुंचे। उन्होंने परिवार सहित बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाई। इस मौके पर उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए कही कि पूर्ववर्ती सरकार ने बिना सोचे-समझे और बिना किसी मापदंड के जिले बना दिए थे। मंत्रिमंडल ने शनिवार को रिव्यू करके जिलों को रद्द किया है। कांग्रेस ने चुनाव के लिहाज से जिले बनाए तो प्रदेश की जनता ने उन्हें नकार दिया।

मंत्री ने कहा कि भविष्य में आवश्यकता पड़ती है तो सरकार मापदंड के आधार पर नए जिलों का गठन करेगी। श्री श्याम मंदिर कमेटी के पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने दिलावर को बाबा श्याम की पूजा-अर्चना करवाई। उसके बाद मंत्री दिलावर कमेटी कार्यालय पहुंचे । जहां कमेटी के अध्यक्ष पृथ्वी सिंह चौहान व पूर्व अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने उनको श्याम दुपट्टा ओढ़ाया और बाबा श्याम की तस्वीर व चांदी का निशान भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यालय में मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने शिक्षा मंत्री दिलावर से कई विषयों पर चर्चा की।

**मंदिर कमेटी बनाएगी स्कूल भवन**



श्री श्याम मंदिर कमेटी ने शिक्षा मंत्री को खाटू की राजकीय सीनियर स्कूल के नए भवन बनाने की बात कही। इसपर मंत्री ने श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से विद्यालय के नए भवन के निर्माण कि घोषणा की। मंत्री ने कहा कि भवन पुराना और कम पड़ रहा था। इसके लिए कमेटी ने मेरे पास यह प्रस्ताव रखा। इस पर दिलावर ने मंदिर कमेटी को साधुवाद देते हुए कहा कि यह पहल सराहनीय है। इससे स्कूल के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके बाद शिक्षा मंत्री ने स्कूल भवन के नक्शे का भी अवलोकन भी किया।

**जीणधाम में लगाई धोक**

शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने सपरिवार शक्तिपीठ जीणधाम पहुंचकर दर्शन किए। मुख्य मंदिर में प्रकाश पुजारी व विनोद पुजारी ने शिक्षा मंत्री व उनकी पत्नी सूरज दिलावर को पूजा अर्चना करवाई। उनके दोनों पुत्र व पुत्रवधू व पौत्र भी पूजा में शामिल रहे। इसके बाद जीणमाता मंदिर ट्रस्ट के कार्यालय में मंदिर पुजारियों ने दुप्पटा ओढ़ाकर व जीण माता की तस्वीर भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान शिक्षा मंत्री से राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा केन्द्र रैवासा से जीणमाता स्थानांतरित करने की मांग की गई। इसके बाद शिक्षामंत्री रोप-वे से पहाड़ी स्थित काजल शिखर मंदिर पहुंचे और वहां काजल शिखर माता के धोक लगाई।

## अल्पमत सरकार को सहयोग करने वाले विधायकों को खुश करने के लिए बने थे जिले

# मदन राठौड़ का गहलोत पर तंज

जयपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि गहलोत अपनी अल्पमत सरकार को सहयोग करने वाले विधायकों को खुश करने के लिए आनन-फानन में नए जिलों की घोषणा कर दी थी।

इतना ही नहीं, गहलोत ने पूर्व सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी रामलुभाया की अध्यक्षता में समिति तो गठित की, लेकिन नए जिलों की घोषणा के बाद स्वयं रामलुभाया ने आश्चर्य व्यक्त किया था। इसका मतलब साफ है कि गहलोत ने समिति को भी अंधेरे में रखकर विधायकों को खुश करने के लिए जिलों की रेवडियां बांटी थी ताकि उनकी अस्थिर सरकार को सहारा मिल सकें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा सरकार ने सभी जिलों की समीक्षा करने के बाद भूपपूर्व प्रशासनिक अधिकारी ललित के पंवार की अध्यक्षता में समिति का गठन किया। मंत्रीमंडल की समिति बनाई और इनकी रिपोर्ट के बाद कैबिनेट बैठक में 9 जिलें एवं 3 संभाग समाप्त करने का प्रस्ताव किया है। समिति के साथ भाजपा सरकार ने राजस्थान की भौगोलिक, सांस्कृतिक और जनसंख्या के आधार पर जनता की मांग को देखते हुए 41 जिले



और सात संभाग रखने का फैसला किया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि गहलोत सरकार ने नए जिले तो घोषित कर दिए, लेकिन उन जिलों को चलाने के लिए ना तो आर्थिक प्रबंधन किया और ना ही उनके कार्यालय संसाधन आदि की व्यवस्था की। गहलोत तो 5 साल तक सरकार बचाने में जुटे रहे।

सचिन पायलट के बीच शीत युद्ध जनता के सामने है। गहलोत और पायलट दोनों अपने खेमों के विधायकों को लेकर होटलों में कैम्प चलाते रहे। ऐसे में गहलोत विधायकों को संतुष्ट करने में जुटे रहे और गहलोत सरकार ने बिना गहन चिंतन किये चुनावी आचार संहिता लगने से एक दिन पूर्व अचानक नए जिलों की घोषणा कर दी। गहलोत ने ऐसे भी नए जिले बना दिए जिसकी कभी किसी ने कोई मांग तक नहीं की।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा था कि हमारी सरकार द्वारा बनाए गए नए जिलों में से 9 जिलों को निरस्त करने का भाजपा सरकार का निर्णय अविवेकशीलता एवं केवल राजनीतिक प्रतिशोध का उदाहरण है। हमारी सरकार के दौरान जिलों का पुनर्गठन करने के लिए वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रामलुभाया की अध्यक्षता में 21 मार्च 2022 को समिति बनाई गई थी जिसको दर्जनों जिलों के प्रतिवेदन प्राप्त हुए। इन्हीं प्रतिवेदनों का परीक्षण कर समिति ने अपनी रिपोर्ट दी,. जिसके आधार पर नए जिले बनाने का निर्णय किया गया। मध्य प्रदेश से छत्तीसगढ़ के अलग होने के बाद राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य बन गया, परन्तु प्रशासनिक इकाइयों का पुनर्गठन उस अनुपात में नहीं हुआ था।

## रेगिस्तान में धरती फाड़कर निकला पानी

# नीचे जहरीली गैस की पाइपलाइन



जैसलमेर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। जैसलमेर में मोहनगढ़ नहरी क्षेत्र में शनिवार को ट्यूबवेल खुदाई के दौरान पानी का फव्वारा फूट गया। पानी करीब 50 घंटों तक लगातार उसी रफ्तार से बाहर निकलता रहा। किसी के यह समझ में नहीं आया है कि आखिर ये कैसे हो रहा है? शनिवार को सुबह पांच बजे धरती फाड़कर निकलना शुरू हुआ पानी सोमवार की सुबह सात बजे अपने आप बंद हो गया। इधर, उप तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट ललित चारण ने बताया कि जैसलमेर के मोहनगढ़ उप तहसील के 27 बीडी के जोरा माइनर पर ट्यूबवेल खोदते समय जमीन से पानी निकलने की घटना हुई थी। इसके बाद पानी का रिसाव अपने आप बंद हो गया है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस जगह किसी भी वक्त रिसाव फिर से शुरू हो सकता है। ऐसे में जमीन के नीचे जहरीली गैस का भी रिसाव हो सकता है। उन्होंने कहा कि जमीन धंसने और विस्फोट होने की संभावना बनी हुई है। इसलिए जिला कलेक्टर ने क्षेत्र में धारा 163 लगाई थी, जोकि अभी भी प्रभावी है।

# हेलीकॉप्टर से कार्यक्रम में पहुंचा नीट 2024 टॉपर

## पुरस्कार में मिले 31 लाख रुपए, कई टॉपर्स को मिली बाइक

सीकर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। कार्यक्रम में नीट-2024 में 720 में से 720 अंक हासिल कर ऑल इंडिया प्रथम रैंक हासिल करने वाले पीसीपी के विद्यार्थी देवेश जोशी को परिवार सहित जयपुर से हेलीकॉप्टर द्वारा सीकर में कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। कार्यक्रम में टॉपर देवेश को 31 लाख रुपए का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत विक्ट्री मार्च के साथ हुई, जिसमें हजारों विद्यार्थी एवं फैकल्टीज सिर पर साफा बांधे हुए मंच से होकर गुजरें। वहीं कई टॉपर विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप मोटरसाइकिलें भी दी गई। समारोह में विद्यार्थियों एवं



अभिभावकों ने अपने अनुभव व सफलता की यात्रा के संस्मरण साझा किए।

चेयरमैन ने कहा कि पूर्व में की गई घोषणा के अनुसार टॉपर विद्यार्थियों को हेलीकॉप्टर से भ्रमण करवाना सुखद एवं प्रेरक अनुभव है। देवेश के नीट में ऑल इंडिया टॉप करने एवं सर्वाधिक ओवरऑल सलेक्शन रेट के कारण शिक्षा नगरी सीकर का नाम राष्ट्रीय पटल पर आ गया है। हेलीकॉप्टर भ्रमण से विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

इस दौरान विद्यार्थियों ने भी प्रेरित होकर भविष्य में टॉपर्स बनने का संकल्प लिया है।

समारोह में आईएएस गौरव बुडानिया, पूर्व विद्यार्थी लालचंद बिस्सू, कार्डियोलॉजिस्ट जय पुरोहित, सोमू प्रजापति बतौर अतिथि शरीक हुए। आईएएस गौरव बुडानिया ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में की गई मेहनत भविष्य को खूबसूरत बनाती है।

निदेशक जोगेंद्र सुंडा, चेयरमैन डॉ. पीयूष सुंडा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्रबंध निदेशक औंकार मूंड, एकेडमिक हैड डॉ. राकेश रुहेला, डीआर सारण, पुनीत शर्मा, नीरज अग्रवाल, विनोद शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

# नरेश मीना की रिहाई को लेकर महापंचायत में गरजे नेता

## गुंजल ने सरकार को दिया 10 दिन का अल्टीमेटम

टोंक, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। जिले के नगरफोर्ट में विशाल महापंचायत का आयोजन किया गया। इस महापंचायत में कांग्रेस नेता प्रहलाद गुंजल ने सरकार को 10 दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीना की रिहाई और अन्य मांगें पूरी नहीं हुईं तो जयपुर में महापड़ाव डाला जाएगा।

यह महापंचायत 13 नवंबर को समरावता गांव में मतदान के दौरान हुई घटना के विरोध में आयोजित की गई थी। उस दिन निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीना पर एरिया मजिस्ट्रेट अमित चौधरी को थप्पड़ मारने, पुलिसकर्मियों से मारपीट, आगजनी और उपद्रव का आरोप लगा था। 14 नवंबर को उनकी गिरफ्तारी के बाद से यह मामला तूल पकड़ चुका है।



इस महापंचायत के दौरान पूर्व मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास, करणी सेना अध्यक्ष महिपाल मकराना और अन्य कई बड़े नेताओं ने इस मामले में सरकार को कठघरे में खड़ा किया। प्रहलाद गुंजल ने मंच से अपने भाषण में कहा, यह हमारी दूसरी महापंचायत है। सरकार को 10 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। यदि मांगें पूरी नहीं होतीं तो जयपुर में महापड़ाव होगा और यह आंदोलन आर-पार की लड़ाई में बदलेगा। प्रताप सिंह खाचरियावास ने भाजपा सरकार और किरोड़ीलाल मीना पर निशाना साधते हुए कहा, जब तक सचिवालय का घेराव नहीं होगा, तब तक सरकार की नींद नहीं टूटेगी। करणी सेना प्रमुख महिपाल मकराना ने मंच से घोषणा की कि करणी सेना का हर सैनिक नरेश मीना के साथ है। हम सरकार की ईंट से ईंट बजाने का काम करेंगे। उन्होंने महापंचायत में मौजूद लोगों से कहा कि जयपुर कूच से पहले हमें बताएं, करणी सेना का पूरा समर्थन रहेगा। महापंचायत में मुस्लिम समाज के नेता मोहसीन रसीद ने भी नरेश मीना के समर्थन में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पूरे राजस्थान का मुस्लिम समाज मीना समाज के साथ खड़ा है और इस आंदोलन को पूरा सहयोग देगा।

महापंचायत में यह तय किया गया कि 10 दिन बाद जयपुर में महापड़ाव डाला जाएगा। मांगें पूरी न होने पर आंदोलन उग्र रूप ले सकता है। नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक सरकार उनकी मांगें नहीं मानती, आंदोलन जारी रहेगा। इस महापंचायत में राजस्थान और मध्यप्रदेश के कई दिग्गज नेता, जनप्रतिनिधि और हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

# ऑनलाइन ट्रेडिंग के मामले में 27 गिरफ्तार, 100 से ज्यादा मोबाइल जब्त

दौसा, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। जिले के बांदीकुई में बीते कल एक मकान में दर्जनों लोगों के आने-जाने की सूचना मिली थी। सूचना के बाद बांदीकुई पुलिस थाना अधिकारी प्रेमचंद बैरवा मय जाप्ता घटना स्थल पर पहुंचे, जहां दर्जनों लोग ऑनलाइन ट्रेडिंग करते हुए पाए गए। उधर पुलिस ने जैसे ही इन पर कार्रवाई करने के लिए घेराव शुरू किया तो ये लोग मोबाइलों को इधर-उधर फेंककर भागने की फिराक में नजर आए लेकिन पुलिस ने 27 लोगों को हिरासत में लेकर उनके द्वारा फेंके हुए लगभग 100 मोबाइलों को जब्त कर लिया। हैरत की बात यह है कि इन्हें एसडीओ कोर्ट से जमानत पर रिहाई भी मिल गई।

जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस ने पकड़े गए इन 27 लोगों को अब जांच के दायरे में लाकर पूछताछ की और उनके मोबाइल खंगालकर जानकारी जुटाने की कोशिश की कि ये लोग किन प्लेटफार्म पर पैसा लगाकर कमाई करते थे लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पाई। साथ ही पुलिस ने यह भी जानने की कोशिश की कि कहीं ये लोग ठगी की वारदातों में भी संलिप्त तो नहीं हैं लेकिन इसमें भी कोई जानकारी नहीं मिलने से सभी संदिग्धों को जमानत मिल गई है।

हालांकि बांदीकुई पुलिस को इन ऑनलाइन ट्रेडरों के पास से कोई नगदी तो नहीं मिली लेकिन पुलिस साइबर टीम को साथ लेकर उनके रिकॉर्ड खंगालने में लगी हुई है। इन 27 लोगों के 100 मोबाइलों में करीबन 150 मोबाइल सिम कार्ड मौजूद हैं, जो अलग-अलग नाम से रजिस्टर्ड हैं।

बांदीकुई थाना अधिकारी प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि इन लोगों की शिकायतें मिली थीं कि इन लोगों ने किराए से मकान ले रखा था, जहां दिन-रात दर्जनों लोगों की आवाजाही के चलते आसपास का माहौल डिस्टर्ब हो रहा था। इसकी शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए इन लोगों को गिरफ्तार कर लिया और उसके बाद आज इन्हें एसडीओ कोर्ट में पेश किया गया, जहां इन सभी को जमानत मिल गई।

# बोरवेल हादसों को लेकर प्रशासन सतर्क

## जयपुर में 746 खुले बोरवेल बंद करवाए

जयपुर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। खुले बोरवेल में बच्चों के गिरने की घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। कोटपूतली के किरतपुरा की घटना से जयपुर जिला प्रशासन ने सबक लिया है।

जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर दो दिन में 746 खुले बोरवेल और कुएं बंद करवाए गए हैं। शनिवार को 328 और 418 खुले बोरवेल एवं कुएं ढकवाए गए हैं।

**दौसा में भी अभियान चला**



कोटपूतली से पहले दौसा में भी बोरवेल में बच्चा गिर गया था। रेस्क्यू में 5 दिन का समय लग गया। बच्चा बोरवेल से निकाल लिया गया, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। इसके बाद प्रशासन ने दौसा में भी बोरवल ढकने का काम शुरू कर दिया।

दौसा कलेक्टर ने बताया कि खुले पड़े बोरवेल, कुएं और पौंड को बंद करने के अभियान के तहत अब तक जिले भर में कुल 27 से ज्यादा बोरवेल और कुएं पूरी तरह से ढंक दिए गए हैं। जिले के अधिकारियों को खुले पड़े बोरवेल और कुएं की जानकारी करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिले में खुले पड़े बोरवेल, कुएं और पौंड को बंद करने का अभियान आगे भी चलता रहेगा।

# कमरे में अंगीठी जलाकर सो रहे तीन लोगों में से दो की दम घुटने से मौत

पाली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। शहर के रामलीला मैदान क्षेत्र में सर्दी से बचने के लिए कोयले की अंगीठी जलाकर सो रहे एक दंपति की दम घुटने से मौत हो गई। हादसा रामलीला मैदान शहीद नगर इलाके में स्थित एक मकान में हुआ, जहां 62 वर्षीय घेवरदास, उनकी पत्नी इंद्रादेवी और रिश्ते का साला सुंदरदास एक ही कमरे में सो रहे थे। जानकारी के अनुसार ठंड से बचाव के लिए दंपति ने कमरे में कोयले की अंगीठी जलाई थी और ठंड के कारण कमरे की खिड़कियां भी बंद कर दी थीं। इस कारण कमरे में ऑक्सीजन की कमी हो गई, जिससे दम घुटने की स्थिति पैदा हो गई। आज सुबह पास के मकान में सो रहे घेवरदास के बेटे प्रकाश ने उन्हें उठाने के लिए दरवाजा खटखटाया जिस पर सुंदरदास ने दरवाजा खोला। इसके बाद बेटे प्रकाश ने माता-पिता को उठाने का प्रयास किया लेकिन उनके नहीं उठने पर उन्हें तुरंत बांगड़ अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

घटना के दौरान कमरे में मौजूद तीसरे सुंदरदास के जीवित होने ने प्रकाश को संदेह में डाल दिया। प्रकाश का कहना है कि अगर दम घुटने से मौत हुई है तो कमरे में मौजूद तीनों व्यक्तियों को प्रभावित होना चाहिए था। बेटे ने पुलिस से इस मामले की जांच की मांग की है।

# प्रेम प्रसंग के कारण युवती के परिजनों ने युवक को चाकू मारा

## इलाज के दौरान हुई मौत

चित्तौड़गढ़, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। शहर के गांधीनगर इलाके में आपसी कहासुनी के बाद एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। गंभीर रूप से घायल युवक को उदयपुर रैफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने प्रेम प्रसंग के चलते हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने उदयपुर में पोस्टमार्टम करवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सियालिया गांव का निवासी मृतक युवक लखन पंवार और उसका भाई राम पंवार चित्तौड़गढ़ में सफाई का काम करते थे और गांधीनगर स्थित मुख्यमंत्री जन आवास में किराए से रहते थे। शनिवार रात करीब 11 बजे पड़ोस में रहने वाले विकास लोठ ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर लखन पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू के वार से लखन के पेट, कूल्हे और सीने पर गहरे घाव हो गए, जिससे उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे उदयपुर रैफर कर दिया गया लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई।

# सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए अपनाई ट्रिक, बाइक पर एयरगन चला रहा था

## घर पहुंच गई पुलिस और ले गई थाने

अजमेर, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए बाइक पर एयरगन लहराते हुए चलने का वीडियो वायरल करना एक युवक को भारी पड़ गया। वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उससे बाइक और एयरगन जब्त की है।

एसपी वंदिता राणा ने बताया कि शनिवार शाम सोशल मीडिया पर एक युवक का आनासागर पुरानी चौपाटी पर बुलेट अपने दोस्तों के साथ चलते हुए फायर आर्म्स लहराने का वीडियो वायरल हुआ। पुलिस टीम ने अभय कमांड सेंटर के सीसीटीवी फुटेज देखे तो बुलट सवार एक युवक आनासागर चौपाटी के पास सड़क पर खुलेआम गन लहराते हुए चल रहा था। उसके साथ में दो अन्य युवक मौजूद थे।

वीडियो पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते बाइक के रजिस्ट्रेशन नम्बर के आधार पर आगरागेट सोनीजी की नसियां के पास रहने वाले कुनाल सांखला को पकड़ा। पूछताछ में उसने एयरगन होना कबूल किया। पुलिस ने उसको शांतिभंग में गिरफ्तार कर निशानदेही पर एयरगन और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की। पुलिस कार्रवाई में हैडकांस्टेबल पूसाराम, किशोर कुमार, सिपाही मोहनसिंह(विशेष योगदान) शामिल रहे।

एसपी ने बताया कि आरोपी कुनाल सांखला सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए एयरगन लेकर अपने दोस्तो के साथ बुलेट बाइक पर पुरानी चौपाटी घूमने गया था। वह एयरगन हवा में लहराने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर फेमस होना चाहता था ताकि सोशल मीडिया पर उसके फोलोअर बढ़ सकें और उसका उसके दोस्तों में रूतबा बढ़े।

एसपी ने बताया कि कुछ समय से देखने में आया है कि युवा अपराधियों को सोशल मीडिया पर फॉलो कर रहे है।

# चीन से आयातित मांझों से करंट लगने का खतरा

## रेलवे ट्रैक्शन लाइनों के पास पतंग उड़ाने से बचें
## संक्रांति त्यौहार पर जनता के लिए एससीआर की सलाह





हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। यह देखा गया है कि कई पतंगबाज रेलवे परिसर में ओवरहेड इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन के पास पतंग उड़ाते समय बिजली के झटके से झुलस गए, जिसमें यार्ड और आस-पास के नागरिक इलाके शामिल हैं।

पिछले संक्रांति त्यौहार के मौसम के दौरान, भारतीय रेलवे के कई क्षेत्रों द्वारा कुछ मामलों की सूचना दी गई थी, जिसमें व्यक्तियों को 25kV ट्रैक्शन ओवरहेड कंडक्टर में उलझे पतंग के धागों के संपर्क में आने के बाद बिजली के झटके लगे।

चीन से आयातित पतंग के धागे, जो आम तौर पर लोगों द्वारा इस्तेमाल किए जाते हैं, बिजली के सुचालक हैं, जो मानव जीवन और महत्वपूर्ण रेलवे विद्युत अवसंरचना दोनों के लिए महत्वपूर्ण जोखिम पैदा करते हैं। इस संबंध में, दक्षिण मध्य रेलवे जनता से सहयोग की अपील करता है और रेलवे पटरियों के पास पतंग उड़ाने से परहेज करने को कहता है, क्योंकि ओवरहेड लाइनें उच्च वोल्टेज बिजली से चार्ज होती हैं और संपर्क में आने पर मानव जीवन के लिए बहुत बड़ा जोखिम पैदा करती हैं।

ओवरहेड कंडक्टरों से लटके पतंग के धागों को रेलवे अधिकारियों को सूचित करने की भी सलाह दी जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा धागे को सुरक्षित रूप से हटाया जाए।

### संगारेड्डी में मृत पाया गया अज्ञात व्यक्ति

संगारेड्डी, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार सुबह संगारेड्डी जिले के उत्तरपल्ली के बाहरी इलाके में लगभग 30 वर्षीय एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर दी गई। व्यक्ति का गला किसी धारदार हथियार से रेता गया था। घटनास्थल की जांच करने वाले संगारेड्डी के डीएसपी सतैया गौड़ ने कहा कि उन्हें व्यक्ति की पहचान के लिए कोई सबूत नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि एकमात्र सबूत उसके सीने पर लिखा एक महिला 'लता' का नाम था। हालांकि, उन्होंने कहा कि वे सीसीटीवी फुटेज को ट्रैक करके और सभी पुलिस स्टेशनों को तस्वीरें प्रसारित करके जल्द ही उसकी पहचान का पता लगा लेंगे। शव को पोस्टमार्टम के लिए संगारेड्डी के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जांच जारी है।

# तेलंगाना में 2024 में हुईं 7383 अग्नि दुर्घटनाएं

## गैर-ऊंची इमारतों में लगती है 99 प्रतिशत आग



हैदराबाद, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना अग्निशमन सेवा और आपदा प्रतिक्रिया बल ने वर्ष 2024 के दौरान राज्य भर में 7383 आग और बचाव कॉलों पर ध्यान दिया। कुल आग की कॉलों में से 7093 छोटी आग दुर्घटनाओं की और 180 मध्यम आग दुर्घटनाओं की थीं, जबकि 87 गंभीर आग और 24 बड़ी आग दुर्घटनाओं की थीं। अग्निशमन सेवा विभाग के महानिदेशक वाई नागी रेड्डी ने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में 2024 में मध्यम स्तर की आग की कॉल में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि कुल मिलाकर आग की कॉल पिछले साल के समान ही हैं।

वाई नागी रेड्डी ने कहा कि 99 प्रतिशत आग गैर-ऊंची इमारतों में लगती है। आग लगने के कई कारण हो सकते हैं। अगर आप आग लगने की घटनाओं से बचना चाहते हैं तो हमेशा निवारक या एहतियाती कदम उठाने का सुझाव दिया जाता है। उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग नियमित रूप से अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है और 2024 में राज्य भर में कुल 8433 कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिकारी ने कहा कि इसी तरह, हम अग्नि सुरक्षा उपायों की जांच के लिए इमारतों का निरीक्षण भी कर रहे हैं।

डीजी ने कहा कि 2024 में तेलंगाना के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ के दौरान विभाग ने कई बचाव अभियानों में भाग लिया था। नागी रेड्डी ने कहा कि हमने रात के समय भी बाढ़ के पानी में फंसे लोगों तक पहुंचकर उन्हें सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। विभाग अपने कर्मियों को अग्निशमन के साथ-साथ बचाव कार्यों का प्रशिक्षण दे रहा है।

उन्होंने कहा कि विभाग उन इमारतों के मालिकों के खिलाफ मुकदमा चला रहा है, जहां आग लगने की बड़ी घटनाएं हुई हैं। नागी रेड्डी ने कहा कि पुलिस आपराधिक जांच कर रही है और आरोप पत्र दाखिल कर रही है, जबकि अग्निशमन विभाग सिविल मुकदमा चला रहा है। जीएचएमसी उन रिहायशी इमारतों को नोटिस जारी कर रही है, जहां से व्यावसायिक गतिविधि की अनुमति है। अधिकारी ने बताया कि आवासीय इमारतों से व्यावसायिक गतिविधियों को हटाने में कुछ समय लगेगा। लेकिन आग दुर्घटनाओं से बचने के लिए ऐसा किया जाएगा।

# मंत्री ने तिरुमाला दर्शन सुविधा को तेलंगाना भक्तों के लिए नए साल का उपहार बताया

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वन, पर्यावरण और देवदाय धर्मार्थ मंत्री कोंडा सुरेखा ने तिरुमला में तेलंगाना के भक्तों के दर्शन और आवास प्रदान करने के संबंध में तेलंगाना के जन प्रतिनिधियों के पत्रों पर विचार करने के लिए सहमत होने के लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नारा चंद्रबाबू नायडू, देवदाय मंत्री अनम रामनारायण रेड्डी और टीटीडी अध्यक्ष बीआर नायडू को धन्यवाद दिया। मंत्री सुरेखा ने मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में अन्य मंत्रियों और जन प्रतिनिधियों के साथ मिलकर किये गये प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त की। मंत्री सुरेखा ने कहा कि तिरुमला में तेलंगाना के जन प्रतिनिधियों के अनुशंसा पत्रों से राज्य के लोगों को राहत मिली है, जहां नियमित रूप से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मंत्री सुरेखा ने कहा कि वह सप्ताह में किसी भी दो दिन (सोमवार से गुरुवार) तेलंगाना के सांसदों, विधायकों और एमएलसी को वीआईपी ब्रेक विजिट (500 रुपये) के संबंध में दो पत्रों और विशेष प्रवेश यात्रा (300 रुपये) के संबंध में दो पत्रों को टीटीडी की मंजूरी का स्वागत करती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि आने वाले दिनों में और अधिक पत्रों को अनुमति दी जाएगी। मंत्री सुरेखा ने कामना की कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों के बीच हमेशा सद्भाव और सहयोग का माहौल बना रहेगा।

### कुख्यात वाहन चोर गिरफ्तार



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद के टप्पाचबुतरा पुलिस ने सरवर नगर, झिरा, हैदराबाद में हुई वाहन चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया। तप्पाचबुतरा पुलिस ने एम.ए. रहमान निवासी सरवर नगर, झिरा, हैदराबाद की शिकायत पर एक आरोपी मोहम्मद आमिर निवासी, झिरा, मेहदीपट्टनम, हैदराबाद को गिरफ्तार किया। रहमान की एक्टिवा वाहन पार्किंग से चोरी हो गई थी। आरोपी के खिलाफ विभिन्न पुलिस स्टेशनों में कई मामले दर्ज हैं। उसके कब्जे से चोरी की दो एक्टिवा वाहन बरामद किया गया है।

# महिलाओं के संपूर्ण विकास के लिए और भी कार्यक्रम : कोंडा सुरेखा



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य के बीसी महिला कल्याण संघ के सदस्यों ने 3 जनवरी 2025 को रवीन्द्र भारती में आयोजित होने वाले सावित्रीबाई फुले के 194वें जयंती समारोह में भाग लेने के लिए वन, पर्यावरण और देवदया मंत्री कोंडा सुरेखा को सोमवार को सचिवालय में कार्यालय में आमंत्रित किया। उन्होंने मंत्री सुरेखा को एसोसिएशन के तत्वावधान में महिलाओं के कल्याण के लिए किये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने मंत्री सुरेखा को कांग्रेस पीपुल्स सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे कल्याणकारी कार्यक्रमों और उनके जीवन में हो रही प्रगति के बारे में बताया। मंत्री सुरेखा ने एसोसिएशन के सदस्यों से कहा कि कांग्रेस सरकार महिलाओं के संपूर्ण विकास के उद्देश्य से भविष्य में और भी कार्यक्रम चलाएगी।

### एक शाम संत श्री सेवानाथजी महाराज के नाम कल



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद कीसरा बन्डलागुडा स्थित देवासी समाज मंदिर प्लॉट पर रामजी राम ग्रूप हैदराबाद तेलंगाना समाज बन्धुओं के तत्वावधान मे एक शाम संत श्री सेवानाथजी महाराज के नाम भव्य जागरण का आयोजन बुधवार 1 जनवरी 2025 रात्रि 9.15 बजे से आयोजित किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति मे आयोजक रामस्वरुप, रामु देवासी ने संयुक्तरुप से बताया कि हर वर्ष की भांति विशेष फूलों से मंदिर प्रांगण में पंडाल सजाकर संत श्री सेवानाथजी महाराज के तस्वीर पर श्रद्धा के पुष्प अर्पितकर, माल्यापर्ण व पुजा-अर्चना के पश्चात् संत श्री सेवानाथजी महाराज के नाम जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रह्लाद खेजड़ला भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। कार्यक्रम पधारे भक्तों के लिए सायं 7 बजे से भोजन प्रसादी की व्यवस्था की जायेगी। पधारे भक्तों की सेवार्थ रामजीराम ग्रूप के सभी सदस्य उपस्थित रहेगे। रामदयाल, संग्राम देवासी ने समाज बन्धुओं व भक्तों से निवेदन किया है कि सपरिवार समय पर पधारकर दर्शन, भजनों व प्रसादी का लाभ लेवे।

# मंत्रियों ने सर्व शिक्षा कर्मचारियों से हड़ताल वापस लेने की अपील की

## सर्व शिक्षा कर्मचारियों के साथ मंत्री पोन्नम प्रभाकर, सीतक्का ने बैठक की



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंत्री पोन्नम प्रभाकर और सीतक्का ने पिछले 25 दिनों से हड़ताल पर बैठे 19,500 सर्व शिक्षा कर्मचारी केजीबीवी शिक्षकों से छात्रों के भविष्य के कल्याण के लिए तुरंत अपनी हड़ताल वापस लेने को कहा है। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने सर्व शिक्षा कर्मचारियों से हड़ताल पर जाकर केजीबीवी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को परेशान नहीं करने की अपील करते हुए कहा कि हड़ताल के कारण छात्रों को परेशानी हो रही है। सर्व शिक्षा कर्मचारियों ने मंत्रियों का ध्यान इस ओर दिलाया है कि उन्हें नियमित किया जाए या नौकरी की सुरक्षा के साथ वेतन स्कूल चलाया जाए जैसा कि वे लंबे समय से कस्तूरबा गांधी स्कूल में कर रहे हैं। मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि यह पहले ही केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी के संज्ञान में लाया जा चुका है कि सर्व शिक्षा कस्तूरबा गांधी स्कूल 60 प्रतिशत केंद्र सरकार के अधीन और 40 प्रतिशत राज्य सरकार के अधीन होंगे। मंत्री पोन्नम ने खुलासा किया कि सर्व शिक्षा कर्मचारियों की समस्या केवल तेलंगाना तक ही सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में है, अगर केंद्र सरकार अनुरोध करती है कि मुख्यमंत्री इसे संज्ञान में लेंगे और केंद्र को प्रस्ताव देंगे। केजीबीवी के शिक्षक 25 दिनों से हड़ताल पर हैं और पढ़ाई नहीं होने से छात्रों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हड़ताल खत्म होती है तो वह कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए डिप्टी सीएम भट्टी विक्रमार्क की अध्यक्षता वाली उपसमिति के साथ बैठक बुलाएंगे। उपसमिति में मंत्री श्रीधर बाबू और सरकार के सलाहकार केशव राव भी मौजूद हैं।

सरकार यह देखेगी कि कर्मचारियों को मातृत्व अवकाश, सीएल आदि के मुद्दे को सरकार यथासंभव वित्तीय रूप से हल करेगी। उन्होंने कहा कि मांगों पर उप समिति में चर्चा कर निर्णय लिया जायेगा। बैठक में योजना आयोग के उपाध्यक्ष चिन्नारेड्डी, एमएलसी कोदंडराम, विधायक मेडिपल्ली सत्यम, सर्व शिक्षा परियोजना निदेशक नरसिम्हा रेड्डी, पूर्व एमएलसी मोहन रेड्डी, श्रीनिवास रेड्डी और अन्य ने भाग लिया।

### 870 मोबाइल फोन बरामद किए

**3.4 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त**

हैदराबाद, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने कुल 870 मोबाइल फोन का पता लगाया है और उन्हें उनके मालिकों को सौंप दिया है। केंद्रीय उपकरण पहचान रजिस्टर (सीईआईआर) पोर्टल का उपयोग करके खोए या चोरी हुए गैजेट का पता लगाया गया। इस वर्ष कुल 901 मामले दर्ज किये गये, जिनमें से 121 अपराधियों को गिरफ्तार करके तथा 37.1 लाख रुपये मूल्य की कीमती वस्तुएं बरामद करके केवल 142 मामलों का समाधान किया गया।

वार्षिक प्रेस वार्ता में बोलते हुए जीआरपी पुलिस अधीक्षक चंदना दीप्ति ने सोमवार को बताया कि इस वर्ष नशे से संबंधित 56 मामले दर्ज किए गए, जिनमें से 38 का समाधान किया गया और 53 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। 2.9 करोड़ रुपये मूल्य का कुल 1194.3 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया।

अधिकारियों ने बताया कि कुल 3.4 करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ और 37 लाख रुपये की संपत्ति बरामद की गई, जिसकी वसूली प्रतिशत 10.81 प्रतिशत रही। इसके अलावा, जीआरपी टीमों ने 2024 में ऑपरेशन स्माइल और मुस्कान के तहत रेलवे परिसर से 25 लड़कियों सहित 84 बच्चों को बचाया।

# विश्व मंगल गौशाला में गौसेवा की गई





हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अमावस्या पर विश्व मंगल गौशाला में भक्तों ने तन मन धन से सेवा दी।

इस अवसर पर भजनों की प्रस्तुति विशाल श्रीमाली ,शेर दास , डालुसिंह ने दी। भोजन प्रसादी के लाभार्थी सरवन राम बिश्नोई ,कालूराम रामकिशोर जानी हरे घास की व्यवस्था की। मोहनलाल बर्फ,विनोद जांगिड़ ,बनवारी लाल जांगिड़, जगदीश सीरवी, गोनाराम मुलेवा, गोगाराम सिरवी कुटी की व्यवस्था समस्त, बाबा रामदेव मित्र मंडल अलवार महेंद्र सिंह माजीसा ने की। बाकी सेवाएं विशनाराम सुथार , हनुमंत धनवा धन्यवाद प्रकट करते हुए टीवी सुरेश, शांतिलाल सुथार, धर्माराम, उदय भास्कर , समस्त विश्नोई समाज द्वारा दी गई।

# अतिरिक्त ईओ ने वैकुंठ द्वार दर्शन के लिए यातायात व्यवस्था की समीक्षा की



तिरुमाला, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीटीडी के अतिरिक्त ईओ चौधरी वेंकैया चौधरी ने सोमवार शाम को टीटीडी अधिकारियों और पुलिस के साथ एक संयुक्त बैठक की, जिसमें 10-19 जनवरी तक तिरुमला में होने वाले दस दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के दौरान यातायात प्रबंधन की व्यवस्था की समीक्षा की गई। तिरुमाला के अन्नामैया भवन में टीटीडी सीवीएसओ श्रीधर और जिला एसपी सुब्बारायडू के साथ, अतिरिक्त ईओ ने पुलिसकर्मियों के साथ समन्वय में काम करने और तिरुमला में विशेष रूप से वैकुंठ एकादशी और वैकुंठ द्वादशी के दिनों में वाहनों के यातायात और पर्याप्त पार्किंग सुविधाओं के सुचारू प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए कहा।

अतिरिक्त ईओ ने कहा कि रेडियो और प्रसारण, सोशल मीडिया, प्रेस कॉन्फ्रेंस, एसवीबीसी प्रोमो, साइनेज के जरिए लगातार घोषणाओं के जरिए जनता में व्यापक प्रचार किया जाना चाहिए ताकि तीर्थयात्रियों में जागरूकता आए कि केवल वे ही लोग जिनके पास निर्दिष्ट तिथि और समय के अनुसार दर्शन टोकन या दर्शन टिकट हैं, उन्हें उन दस दिनों के दौरान तिरुमाला में वैकुंठ द्वार दर्शन की अनुमति दी जाएगी। अतिरिक्त ईओ ने जोर देकर कहा कि भक्त केवल अपने टोकन या टिकट पर उल्लिखित निर्दिष्ट दिनों और समय स्लॉट पर ही दर्शन लाइनों में प्रवेश करेंगे, जो लंबे इंतजार के घंटों से बचने के लिए अनिवार्य है।



इमली वन गौशाल में गौ सेवा करते माइनारिटी कमीशन के पूर्व सदस्य गौतम जैन, कांग्रेस नेता पी. राजेंद्र यादव, गजानन चौधरी, रघुनंदन गोप, प्रेमचंद मुणोत, नरसिंग राव।



इमली वन में गौसेवा करते भाजपा के वरिष्ठ नेता अमर सिंह राजपुरोहित, अनिल यादव व अन्य।

### डांट खाने के बाद फंदे से लटका छात्र

पेद्दापल्ली, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। इंटरमीडिएट का छात्र मुक्का रोहन (17), जिसे कथित तौर पर उसके माता-पिता ने पढ़ाई में खराब प्रदर्शन के लिए डांटा था, रविवार देर रात गोदावरीखानी में फांसी पर लटका हुआ पाया गया। पुलिस के अनुसार, रोहन एक निजी कॉलेज में इंटरमीडिएट प्रथम वर्ष का छात्र था। उसके माता-पिता ने उसे पढ़ाई में उसके खराब प्रदर्शन के बारे में चेतावनी दी थी। इससे निराश होकर उसने मार्कंडेय कॉलोनी स्थित अपने घर में फांसी लगाकर यह कदम उठाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।


## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### जजों के रिश्तेदार ...

कॉलेजियम में सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस बी आर गवई, सूर्यकांत, हृषिकेश रॉय और ए एस ओका शामिल हैं। वे जानते हैं कि कुछ योग्य उम्मीदवार, जो वर्तमान या पूर्व सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट जजों के करीबी रिश्तेदार हैं, इस प्रस्ताव से वंचित हो सकते हैं। इसके अलावा, जस्टिस हृषिकेश रॉय और अभय एस. ओका भी हाईकोर्ट में जजों की सिफारिश करने वाली पांच सदस्यीय कॉलेजियम का हिस्सा हैं।

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हाल ही में उच्च न्यायालयों में सिफारिश की गई जजों के लिए व्यक्तिगत मुलाकातें शुरू की हैं, जो पारंपरिक बायोडाटा, लिखित मूल्यांकन और खुफिया रिपोर्ट्स से एक महत्वपूर्ण बदलाव है। 22 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की बैठक में राजस्थान, उत्तराखंड, मुंबई और इलाहाबाद हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति के लिए करीब छह नाम केंद्र को भेजे गए थे।

यह बदलाव हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस शेखर कुमार यादव के विवादास्पद बयान के बाद आया है। दिसंबर में एक वीएचपी इवेंट में जस्टिस यादव ने बहुसंख्यक समुदाय की इच्छाओं के अनुसार भारत के काम करने की बात कही थी, जिससे विवाद खड़ा हो गया था। 10 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को संज्ञान में लिया था और इलाहाबाद हाईकोर्ट से इस पर रिपोर्ट मांगी थी। इसके बाद, जस्टिस यादव ने 17 दिसंबर को कॉलेजियम के समक्ष अपना पक्ष रखा।

### फूफा पवन कल्याण ...

बताते हैं कि अल्लू अर्जुन बिहार के नेता प्रशांत किशोर के साथ मिलकर दक्षिण में एक नई पार्टी बनाने की कोशिश में हैं और साउथ में बीजेपी और कांग्रेस के मुकाबले नए सियासी समीकरण जमाना चाहते हैं।

आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में पत्रकारों से बात करते हुए सूबे के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने सोमवार को कहा कि अगर भगदड़ के तुरंत बाद अल्लू अर्जुन और फिल्म 'पुष्पा 2' बनाने वाले प्रभावित परिवारों से जाकर मिल लिए होते तो ये सब शायद नहीं होता। इसकी बजाय अल्लू अर्जुन धन्यवाद यात्रा निकालने दिल्ली चले गए और वहां जो कुछ हुआ, उसकी अगली कड़ी बनी उनकी गिरफ्तारी। जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने ये भी कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने इस पूरे मामले में कानून के मुताबिक ही काम किया है।

उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने कहा, रेवंत रेड्डी जमीन से जुड़े नेता हैं और बहुत नीचे से उठकर यहां तक आए हैं। वह जिम्मेदारी और जानकारी रखने वाले नेता हैं। उन्होंने कानून के मुताबिक ही कार्रवाई की।

मुझे नहीं लगता कि उनकी तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री से किसी तरह की अदावत है। संध्या थियेटर भगदड़ मामला तेजी से फैलता मुद्दा बन रहा था और उन्होंने इस बारे में विधानसभा में बयान दिया। हमें ध्यान रखना चाहिए कि रेवंत रेड्डी सरकार ने ही 'पुष्पा 2' और 'सालार' जैसी फिल्मों की रिलीज के समय सिनेमाघरों के टिकटों की दरें बढ़ाने की भी अनुमति दी थी।



स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रन से हराया

## सीरीज में 2-1 से आगे, जायसवाल ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए

मेलबर्न, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। मेलबर्न टेस्ट का नतीजा टीम इंडिया के फेवर में नहीं रहा है. ऑस्ट्रेलिया ने इसमें 184 रन से बाजी मार ली है. इस बड़ी जीत के साथ ही उसने सीरीज में भी बढ़त बना ली है. ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न टेस्ट में भारत के सामने जीत के लिए 340 रन का लक्ष्य रखा था, जिसका पीछा करते हुए टीम इंडिया की दूसरी पारी 155 रन पर ही सिमट गई. टेस्ट क्रिकेट में ये 49वीं बार है जब 300 प्लस के टोटल का पीछा करते हुए टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा है.



**टीम इंडिया ने इतिहास रचने का मौका गंवाया**

चौथे दिन 9 विकेट खोकर 333 रन की बढ़त लेने वाली ऑस्ट्रेलिया ने 5वें दिन अपने स्कोर में 6 रन और जोड़े और भारत को 340 रन का टारगेट दिया. इस टारगेट से पार पाना टीम इंडिया के लिए एमसीजी पर इतिहास रचने जैसा होता क्योंकि अब तक इस मैदान पर सबसे सफल रन चेज 332 रन का रहा था. लेकिन, ऐसा हो नहीं सका.

**जायसवाल को छोड़ सारे बल्लेबाजों की नाकामी बड़ा सवाल**

मेलबर्न टेस्ट में टीम इंडिया की दूसरी पारी सिर्फ 155 रन पर सिमट गई. भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा 84 रन, ओपनर यशस्वी जायसवाल ने बनाए. उन्होंने ये रन 208 गेंदों का सामना करते हुए बनाए. जायसवाल के अलावा ऋषभ पंत टीम के दूसरे टॉप स्कोरर रहे, जिन्होंने 340 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 30 रन की पारी खेली.

यशस्वी और पंत को छोड़कर बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े से पार नहीं पा सका, जो कि एक बड़ी वजह रही इस बात की कि टीम इंडिया मेलबर्न टेस्ट को ना तो जीत सकी और ना ही ड्रॉ करा पाई. रोहित शर्मा ने 9 रन तो विराट कोहली ने 5 रन बनाए. केएल राहुल को लगातार दूसरी पारी में नाकाम होते देख ऐसा लग रहा है जैसे भारतीय टीम मैनेजमेंट का उन्हें नंबर 3 पर खिलाने का फैसला गलत रहा.

**ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में मिली थी 105 रन की लीड**

मेलबर्न टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने पहले खेलते हुए पहली पारी में 474 रन बनाए थे. जवाब में भारत ने पहली पारी में 369 रन जड़े थे. पहली पारी में 105 रन की लीड लेकर खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 234 रन बनाए थे. भारत की ओर से मेलबर्न टेस्ट में सबसे ज्यादा 9 विकेट जसप्रीत बुमराह ने लिए. वहीं ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस और नाथन लायन ने 6-6 विकेट हासिल किए. पैट कमिंस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया.

# ऋषभ पंत की गलती पड़ गई भारी

## हार के बाद रोहित भी दिखे नाखुश

मेलबर्न, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय टीम को मेलबर्न टेस्ट में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न टेस्ट को 184 रन से जीतकर सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। मेलबर्न टेस्ट के पांचवें दिन के दूसरे सेशन तक लग रहा था कि टीम इंडिया इस मैच को ड्रॉ कराने में कामयाब हो जाएगी, लेकिन जैसे ही ऋषभ पंत का विकेट गिरा उसके बाद से ऑस्ट्रेलिया ने पूरी तरह से मैच पर शिकंजा कस लिया था।



ट्रेविस हेड जैसे पार्ट टाइम गेंदबाज को पंत अपना विकेट दे बैठे थे, जो काफी निराशाजनक रहा। पंत के खराब शॉट पर कप्तान रोहित शर्मा ने भी निराशा जताई है।

**पंत के शॉट से नाखुश रोहित शर्मा**

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए रोहित शर्मा ने कहा कि, ऋषभ पंत को यह समझने की जरूरत है कि उन्हें क्या करना चाहिए। अतीत में उन्होंने जो किया है, उससे हमें काफी सफलता मिली है।

कप्तान के तौर पर यह मिश्रित है क्योंकि आप बैक करना चाहते हैं लेकिन जब यह सफल होता है तो यह अच्छा लगता है लेकिन जब ऐसा नहीं होता तो यह और भी बुरा होता है। जब वह इस तरीके से सफल होता है तो इस बारे में बात करना मुश्किल है।"

**ट्रेविस हेड ने किया था आउट**

दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल के साथ मिलकर ऋषभ पंत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे और कोई जल्दबाजी भी नहीं दिखा रहे थे। इसके बाद पैट कमिंस ने पंत के सामने अपने पार्ट टाइम गेंदबाज ट्रेविस हेड को गेंद थमाई।

हेड की छोटी गेंद देखकर पंत ने बड़ा शॉट खेलने का प्रयास किया, लेकिन गेंद मिचेल मार्श के हाथ में चली गई और पंत को एकबार फिर से खराब शॉट खेलकर अपना विकेट गंवाना पड़ा।

फैंस का मानना है कि पंत को ये शॉट खेलने की कोई जरूरत नहीं थी। दूसरी पारी में पंत 30 रन बनाकर आउट हुए थे। दोनों पारियों में लगभग पंत ऐसे ही शॉट खेलकर आउट हुए हैं, जो कहीं न कहीं चिंता का विषय भी है। टीम इंडिया को पांचवें दिन पंत से काफी उम्मीदें थी, लेकिन एक खराब शॉट से सभी उम्मीदें टूट गई।

# कप्तान रोहित मेलबर्न में हार से मेंटली डिस्टर्ब

## बोले- मुझमें बदलाव की जरूरत, सिडनी टेस्ट जीतकर कमबैक करेंगे; सीरीज अभी बाकी

मेलबर्न, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि मेलबर्न टेस्ट में मिली हार की वजह से वह मेंटली डिस्टर्ब हो गए हैं। सिडनी टेस्ट से पहले उन्हें खुद में और टीम में कई बदलाव करने की जरूरत है। मोमेंटम ऑस्ट्रेलिया के पास है, लेकिन टीम सिडनी में जीतकर कमबैक करना चाहेगी।

**मेंटली डिस्टर्ब हूं- रोहित**

रोहित बोले, 'मेंटली यह हार बहुत डिस्टर्बिंग हैं, मैच में मैंने कई चीजें ट्राई की, लेकिन वैसा रिजल्ट नहीं मिला, जैसा हमें चाहिए था। जब नतीजें हमारे खिलाफ होते हैं तो निराशा मिलती है। पीछे क्या हुआ, उसके बारे में हमें ज्यादा नहीं सोचना चाहिए। कुछ नतीजे हमारे हक में नहीं रहे, जिनसे कप्तान के रूप मैं बहुत निराश हूं।'

**खुद में बहुत बदलाव करने होंगे- रोहित**

रोहित ने आगे कहा, 'टीम के रूप में हमें कई बदलाव करने पड़ेंगे। मुझे खुद में कई चीजों को बदलना होगा। हम कमियों पर काम करेंगे और देखेंगे कि क्या किया जा सकता है। एक गेम और बाकी है, अगर हम अच्छा खेलें तो सीरीज 2-2 से बराबर हो सकती है। सीरीज ड्रॉ कराना भी ठीक रहेगा।'

**समय कम है, लेकिन जीतने की कोशिश करेंगे**

रोहित बोले, 'पांचवें टेस्ट से पहले ज्यादा टाइम नहीं है, लेकिन हम सीरीज को ऐसे ही जाने नहीं दे सकते। मैं चाहता हूं कि जब हम सिडनी पहुंचे तो मोमेंटम को पूरी तरीके से अपने हक में करने की कोशिश करें। ऑस्ट्रेलिया में जीतना और खेलना आसान नहीं है, लेकिन हम रिजल्ट बदलने की कोशिश करेंगे। सिडनी में हम एक टीम के रूप में बेहतर क्रिकेट खेलना चाहेंगे।'

**खराब नतीजों से अच्छा खेल दब जाता है**

रोहित बोले, 'मैच हारने का दुख बहुत ज्यादा रहता है। बैटर की परफॉर्मेंस ऊपर-नीचे होती रहती है, लेकिन जो रिजल्ट आपके हक में नहीं होते, उसे झेलना ज्यादा खराब लगता है। बॉलिंग-बैटिंग दोनों में मिले मौकों को भुनाना चाहिए, लेकिन हमने अहम मौकों पर इन्हें नहीं भुनाया। खराब नतीजों से कई बार खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन भी दब जाता है। टीम में कई खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन भी किया।'

बुमराह पर ज्यादा वर्कलोड,

**लेकिन अच्छे फॉर्म का फायदा उठाना भी जरूरी**

रोहित ने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं कि बुमराह ने बहुत ज्यादा ओवर्स बॉलिंग की। हमें सभी गेंदबाजों का वर्कलोड मैनेज करने के बारे में सोचना होता है। हालांकि, जब कोई खिलाड़ी अपने टॉप फॉर्म में हो तो उनका ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल भी करना चाहिए। ऐसा ही हमने बुमराह के साथ भी किया।

तेज गेंदबाजों को लेकर हमें कई बार ध्यान रखना होता है, उन्हें लगातार बॉलिंग भी नहीं करा सकते। बुमराह के साथ भी हमने वर्कलोड का बहुत ध्यान रखा। मैं मैच के दौरान भी उनसे बात करता रहा कि वह बॉलिंग करने के लिए फिट फील कर रहे हैं या नहीं।'

**नीतीश रेड्डी की तारीफ की**

कप्तान रोहित ने युवा ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, 'जब हमने उन्हें पहली बार देखा, तभी समझ गए कि उनमें बहुत काबिलियत है। इसीलिए उन्हें पहले मैच से लगातार मौके मिले, जिसे उन्होंने भुनाया भी। नीतीश लड़ना जानते हैं, इसलिए वह बड़े खिलाड़ी बन सकते हैं।'

**मेलबर्न में आखिरी दिन हारा भारत**

टीम इंडिया सोमवार को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में चौथा टेस्ट 184 रन से हार गई। आखिरी दिन मैच बचाने के लिए भारत को 92 ओवर बैटिंग करनी थी, लेकिन टीम 79.1 ओवर में ही ऑलआउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया सीरीज में 2-1 से आगे हो गया, अब आखिरी टेस्ट 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

# 'कार्लसन ने हमारे लिए कोई विकल्प नहीं छोड़ा'

## जींस के लिए मैग्नस को बाहर किए जाने पर बोले आनंद

मेलबर्न, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने कहा कि फिडे मैग्नस कार्लसन को विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप से अयोग्य घोषित नहीं करना चाहता था, लेकिन नॉर्वे के खिलाड़ी ने नियमों का पालन करने से इनकार करके उनके पास कोई विकल्प नहीं छोड़ा। गत चैम्पियन कार्लसन पर जींस पहनने के कारण 200 डॉलर का जुर्माना लगाया गया।




टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार जींस पहनना मना है। उन्होंने आठवें दौर के बाद तुरंत कपड़े बदलकर आने का अनुरोध मानने से इनकार कर दिया तो उन्हें अयोग्य करार दिया गया। टूर्नामेंट में रैपिड चैम्पियनशिप के नौवें दौर में उन्हें किसी के खिलाफ उतारा नहीं गया। शतरंज की वैश्विक शासी संस्था के उपाध्यक्ष आनंद ने 'चेसबेस इंडिया' से कहा, 'उन्होंने नियमों का पालन करने से इनकार कर दिया, हमारे पास कोई विकल्प नहीं छोड़ा। यह निर्णय भावनात्मक लग रहा था। मैग्नस समझौता करने को तैयार नहीं थे।'

आनंद ने कहा, 'निश्चित रूप से हम यह कदम नहीं उठाना चाहते थे। हमने (मैग्नस को) कई विकल्प दिए। मध्यस्थ ने कहा कि अगर मैग्नस नौवें दौर से पहले अपनी जींस बदल लेता तो सब ठीक रहेगा।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मैग्नस ने कहा कि वह सैद्धांतिक रूप से ऐसा नहीं करने जा रहे हैं। उसने खुद कहा कि यह उसके लिए सैद्धांतिक मामला है। मध्यस्थ ने बस नियमों को लागू किया और हमने उसका समर्थन किया।'

# सैयद किरमानी ने अपनी किताब 'स्टम्प्ड' लॉन्च की

## कपिल देव और कुंबले मौजूद रहे; 1983 वर्ल्ड कप विजेता टीम के विकेटकीपर थे किरमानी




बेंगलुरु, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत के वर्ल्ड कप विजेता विकेटकीपर सैयद किरमानी ने अपनी किताब 'स्टम्प्ड' लॉन्च की। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इवेंट हुआ। कपिल देव, जवागल श्रीनाथ, राहुल द्रविड़, अनिल कुंबले और वीवीएस लक्ष्मण भी मौजूद रहे। किरमानी ने ऑटो बायोग्राफी में अपने जीवन और क्रिकेट करियर के बारे में बताया। पेंग्विन की लंदन पब्लिकेशन ने बुक को पब्लिश किया। किरमानी के साथ देबाशीष सेनगुप्ता और दक्षेश पाठक भी किताब के ऑथर हैं। इवेंट में इन्फोसिस के चेयरमैन एनआर नारायण मूर्ति और कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार भी मौजूद रहे।

डीके शिवकुमार ने कहा, 'क्रिकेट को राजनीति से दूर रखना चाहिए। मैं क्रिकेट फैन हूं। 1983 में फाइनल के दौरान में मैनहटन में था। वहीं मुझे अगले दिन अखबार से पता लगा कि भारत ने वर्ल्ड कप जीत लिया। इसे मैं कभी नहीं भूल सकता।'

सैयद किरमानी ने अपने 75वें जन्मदिन पर ही ऑटोबायोग्राफी को लॉन्च किया। इवेंट में उनके समर्थकों के साथ उनके परिवार के कई सदस्य भी मौजूद रहे। इवेंट खत्म होने के बाद फैन्स किताब पर किरमानी का ऑटोग्राफ लेते भी नजर आए। विकेटकीपर किरमानी ने भारत के लिए 88 टेस्ट और 49 वनडे खेले। उन्होंने टेस्ट में 2759 और वनडे में 373 रन बनाए। वनडे में 48 रन उनका बेस्ट स्कोर रहा। उन्होंने टेस्ट में 2 सेंचुरी और 12 फिफ्टी लगाई। 102 रन उनका बेस्ट स्कोर रहा।

किरमानी 1983 में वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा भी रहे। वेस्टइंडीज के खिलाफ फाइनल में वह नंबर-10 पर बैटिंग करने उतरे। उन्होंने 43 गेंदें खेलीं और 14 रन बनाए। उन्होंने बलविंदर संधू के साथ 10वें विकेट के लिए 22 रन की अहम पार्टनरशिप की थी, जिससे टीम इंडिया 183 रन के स्कोर तक पहुंची। भारत ने 43 रन से फाइनल जीता था।

# साउथ अफ्रीका ने 2 विकेट से जीता सेंचुरियन टेस्ट

## डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई; 99 पर 8 विकेट गिराने के बाद भी हार गया पाकिस्तान

सेंचुरियन, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को सेंचुरियन टेस्ट में 2 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ टीम ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के फाइनल में जगह भी बना ली। 148 रन के टारगेट का पीछा कर रही होम टीम ने एक समय 99 रन पर 8 विकेट गंवा दिए थे। यहां कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को रोमांचक जीत दिला दी।




**मार्करम-बावुमा के बाद बिखरी होम टीम**

टेस्ट के चौथे दिन साउथ अफ्रीका ने 27/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। ऐडन मार्करम 37 रन बनाकर आउट हुए, उनके बाद बावुमा टिक गए। उन्होंने 40 रन बनाए। टीम ने 96 रन पर 5 विकेट गंवाए, यहां उन्हें 52 रन और चाहिए थे।

4 विकेट ले चुके मोहम्मद अब्बास ने डेविड बेडिंघम और कोर्बिन बॉश को पवेलियन भेज दिया। इस बीच नसीम शाह ने काइल वेरियन को बोल्ड कर दिया। देखते ही देखते ही टीम का स्कोर 99 रन पर 8 विकेट हो गया।

100 रन के अंदर 8 विकेट गंवाने के बाद कगिसो रबाडा और मार्को यानसन ने साउथ अफ्रीका को संभाल लिया। दोनों ने पहले संभलकर बैटिंग की, फिर खराब गेंदों पर शॉट्स खेलने शुरू कर दिए। रबाडा ने 30 और यानसन ने 16 रन बनाकर टीम को जीत भी दिला दी।

पाकिस्तान के लिए मोहम्मद अब्बास ने 6 विकेट लिए। 1-1 विकेट नसीम शाह और खुर्रम शहजाद को भी मिला। आमेर जमाल कोई विकेट नहीं ले सके, लेकिन उन्होंने 1 ही ओवर में 11 रन खर्च कर दिए।

**फाइनल में कैसे पहुंचा साउथ अफ्रीका?**

पाकिस्तान को पहला टेस्ट हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के मौजूदा साइकल में साउथ अफ्रीका ने 7वीं जीत दर्ज की। टीम के 88 पॉइंट्स हैं और 66.67% पॉइंट्स के साथ टीम पहले नंबर पर मौजूद है। टीम अब दूसरा टेस्ट हार भी गई तो 61.11% पॉइंट्स पर फिनिश करेगी। ऐसे में उनका टॉप-2 पोजिशन में रहना कन्फर्म है।

भारत, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका भी फाइनल खेलने की रेस में हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया ही अपने सभी मैच जीतकर साउथ अफ्रीका से आगे निकल सकता है। भारत और श्रीलंका सभी मैच जीतकर भी साउथ अफ्रीका को पीछे नहीं छोड़ पाएंगे। इसलिए टॉप-2 पोजिशन कन्फर्म होने के कारण साउथ अफ्रीका ने WTC फाइनल में भी जगह बना ली।

पाकिस्तान ने तीसरे दिन 88/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बाबर आजम ने 50 और सऊद शकील ने 84 रन बनाकर टीम को 200 के पार पहुंचाया। टीम किसी तरह 237 रन तक पहुंची और साउथ अफ्रीका को 148 रन का टारगेट मिला।

साउथ अफ्रीका ने दूसरे दिन अपनी पहली पारी में 301 रन बनाए। टीम से ऐडन मार्करम ने 89 और कोर्बिन बॉश ने 81 रन की पारी खेली। साउथ अफ्रीका ने 213 रन के स्कोर पर ही 8 विकेट गंवा दिए थे, यहां से बोश ने टैलेंडर्स के साथ मिलकर टीम को 90 रन की बढ़त दिला दी।

# रोहित आपका करियर यहां खत्म होता है

## भारतीय कप्तान को लेकर पूर्व दिग्गज क्रिकेटर मार्क वॉ का बड़ा बयान

खेल डेस्क, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर सीरीज का चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में जारी है। मैच के आखिरी दिन भारत को 340 रनों का टारगेट मिला। भारत को उम्मीद थी कि टीम के कप्तान रोहित शर्मा पूरी सीरीज की खराब फॉर्म को भुलाकर एक बड़ी पारी खेलेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। रोहित ने फिर से निराश करते हुए पैट कमिंस का शिकार बने और सिर्फ नौ रन ही बना सके।




रोहित के इस प्रदर्शन को देखने के बाद सोशल मीडिया पर जमकर उनको ट्रोल किया जा रहा है। उनको लेकर अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज ओपनर मार्क वॉ ने बड़ा बयान दिया और कहा कि उनका करियर यहां खत्म हो जाता है। सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टर फॉक्स क्रिकेट के लिए कॉमेंट्री कर रहे मार्क वॉ ने कहा, 'अगर मैं सेलेक्टर होता और हम सिडनी में निर्णायक मुकाबले के लिए जाते तो मैं उन्हें कहता कि रोहित आपकी सेवाओं के लिए धन्यवाद। आप एक महान खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन हम सिडनी टेस्ट के लिए जसप्रीत बुमराह को कप्तान बना रहे हैं और आपका करियर यहां खत्म होता है।'

दूसरी पारी में 40 गेंदों का सामना करते हुए रोहित ने शुरुआत तो अच्छी की थी, जहां उन्होंने सीरीज में पहली पारी इतनी गेंदें खेलीं। इस दौरान पहले 16 ओवरों में सराहनीय प्रदर्शन करते रोहित भारतीय पारी को संभालने नजर आए। हालांकि इसके बाद उनका ध्यान भटक गया और वो एक फ्लिक शॉट खेलने के चक्कर में मिचेल मार्श को कैच थमा बैठे। भारतीय कप्तान को आउट करने के बाद कमिंस ने उसी ओवर में केएल राहुल को बिना खाता खोले पवेलियन भेजकर टीम इंडिया को टेंशन दे दी।

# भारतीय युवा भारोत्तोलकों की नजरें राष्ट्रमंडल खेल क्वालिफिकेशन पर, अगले साल होना है टूर्नामेंट

नई दिल्ली, 30 दिसंबर (एजेंसियां)। दोहा में एशियाई युवा और जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद भारत के पदक विजेता युवाओं की नजरें नए साल में नई ऊंचाइयों को छूने पर लगी है। भारत ने 19 से 25 दिसंबर तक हुए टूर्नामेंट में 33 पदक जीते। अब खिलाड़ियों का लक्ष्य ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेल 2026 के लिए क्वालिफाई करना है। राष्ट्रीय भारोत्तोलन कोच और ओलंपियन मीराबाई चानू के मेंटोर विजय शर्मा ने कहा कि दोहा के प्रदर्शन से भविष्य उज्जवल रहने के संकेत मिले हैं। दोहा में पदक जीतने वाले भारत के 24 खिलाड़ियों में से 22 खेलो इंडिया से निकले थे। पूरे दल ने भारतीय खेल प्राधिकरण के पटियाला, इम्फाल और औरंगाबाद स्थित राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों में अभ्यास किया।



भावी योजना के बारे में महिला जूनियर प्लस 87 वर्ग में रजत पदक जीतने वालीं मेइबाम मार्टिना देवी ने कहा, 2025 में राष्ट्रमंडल खेल 2026 के ट्रायल शुरू होंगे। अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप क्वालिफायर टूर्नामेंट है। इसके अलावा मैं उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में भी भाग लूंगी।


पुरुषों में एनआईएस पटियाला में शिविर में भाग लेने वाले साइराज परदेशी ने कहा, मैंने 2018 में 12 वर्ष की उम्र में महाराष्ट्र में ट्रेनिंग शुरू की थी। कोरोना लॉकडाउन तक वहां अभ्यास किया और 2021 में औरंगाबाद आ गया।

उन्होंने कहा, इसी साल मैं एनआईएस पटियाला आया। साइ केंद्रों का मेरे कॅरिअर में बहुत योगदान रहा है। चाहे अनुशासन की बात हो, खुराक, कोचों या कई अन्य पहलुओं में भी।

# तेलंगाना की धरती पर मनमोहन सिंह की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय : रेवंत रेड्डी

## सीएम ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक प्रस्ताव पेश किया

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने आज विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव पेश किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए अपूरणीय क्षति है। आलोचनाओं के बावजूद पूर्व प्रधानमंत्री ने चुप्पी बनाए रखी और कभी अपना धैर्य नहीं खोया।



उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह ने देश को आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया। आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर पूर्व प्रधानमंत्री सभी में सबसे आगे रहेंगे। उन्होंने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संसद सदस्य के रूप में हमारे साथ दिल्ली में विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। यह एक ऐसी घटना है जिसे हम जीवन भर याद रखेंगे। उन्होंने कहा कि संसद में लोकतंत्र की रक्षा के लिए विरोध प्रदर्शन में भाग लेना पूर्व प्रधानमंत्री की विनम्रता का प्रमाण है।

देश के प्रख्यात नेता मनमोहन सिंह ने रोजगार गारंटी योजना शुरू की और गरीबों को 100 दिन का काम दिया। वे एक महान व्यक्ति हैं जिन्होंने खाद्य सुरक्षा और सूचना का अधिकार अधिनियम भी लाए। भूमिहीन गरीबों को लाभान्वित करने के लिए भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 भी पेश किया।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ही वन अधिकार अधिनियम 2006 लेकर आए थे। उन्होंने डॉ. अंबेडकर की प्रेरणा को जारी रखते हुए कई कानून बनाए।

ऐसे महान मानवतावादी को खोना दुर्भाग्यपूर्ण है। मनमोहन सिंह द्वारा शुरू की गई उदार नीतियों ने देश की दिशा बदल दी। मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री रहे और तेलंगाना के भी हमदर्द रहे। तेलंगाना के लोग पूर्व प्रधानमंत्री को अपने दिलों में हमेशा याद रखेंगे क्योंकि उन्होंने तेलंगाना को राज्य का दर्जा दिलाया।

मनमोहन सिंह ने देश के लिए जो सेवाएं दी हैं, वे बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम केंद्र से अनुरोध करते हुए एक प्रस्ताव ला रहे हैं कि देश के लिए उनकी सेवाओं के लिए मनमोहन सिंह को भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न दिया जाए। सभी राजनीतिक दलों को पार्टी लाइन से हटकर इस प्रस्ताव का समर्थन करना चाहिए। जयपाल रेड्डी ने मनमोहन सिंह के साथ बहुत करीबी संबंध बनाए रखे। पूर्व प्रधानमंत्री एक महान नेता हैं जिन्होंने अपने नेतृत्व में तेलंगाना के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा किया। हमने हैदराबाद के वित्तीय जिले में मनमोहन सिंह की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया। सभी सदस्यों से अपील है कि वे अपने सुझाव और सिफारिशें दें कि उनकी प्रतिमा कहां स्थापित की जानी चाहिए। हमारा मानना है कि तेलंगाना की धरती पर मनमोहन सिंह की प्रतिमा स्थापित करना उचित है।

## मनमोहन ने सामाजिक परिस्थितियों को समझते हुए कानून बनाए : भट्टी

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने टिप्पणी की है कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने सभी नागरिकों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा अधिनियम पेश किया और जनता की भावनाओं के अनुरूप शासन किया। मनमोहन सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव के दौरान विधानसभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने 2005 में सूचना का अधिकार अधिनियम और ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना लागू की, जिससे देश में महत्वपूर्ण बदलाव आया। "इसके अलावा, रोजगार गारंटी योजना ने देश को आर्थिक मंदी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मनमोहन सिंह ने देश की सामाजिक परिस्थितियों को गहराई से समझते हुए ये कानून बनाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा, "उन्होंने विपक्षी दलों को भी राजी किया और तेलंगाना राज्य की स्थापना में मदद की। हम मनमोहन सिंह के निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। हमारी गहरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। मनमोहन एक असाधारण व्यक्ति थे जिन्होंने देश की सेवा में कठिन निर्णय लिए और देश को दुनिया में एक मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित किया। हमें गर्व है कि मनमोहन भारत में पैदा हुए।"

# तेलंगाना में ड्रग्स के लिए कोई जगह नहीं

## टीजीएएनबी और साइबराबाद पुलिस ने की कार्रवाई

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना एंटी-नारकोटिक्स ब्यूरो ( टीजीएएनबी) ने साइबराबाद पुलिस के साथ मिलकर बीती रात को माधापुर में एक हाई-टेक/विवेकपूर्ण ऑपरेशन सफलतापूर्वक चलाया। विश्वसनीय सूचना के आधार पर कि संदिग्ध ड्रग उपभोक्ता किसी कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। टीजीएएनबी ने कार्यक्रम स्थल पर ड्रग के उपयोग की पहचान करने और उसे रोकने के लिए एक सावधानीपूर्वक योजनाबद्ध ऑपरेशन शुरू किया।

हालांकि, पुलिस को एक दिन पहले ही कार्यक्रम के बारे में पता चल गया था, जिसके बाद स्टेट टास्क फोर्स, साइबराबाद और राचकोंडा नारकोटिक्स पुलिस स्टेशनों के डीएसपी सहित 22 अधिकारियों की एक विशेष टीम का तुरंत गठन किया गया और टीम ने सूचना नेटवर्क, खुफिया इनपुट, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी, शारीरिक निगरानी, ड्रग के सेवन के लक्षण दिखाने वाले व्यक्तियों की पहचान करने के लिए प्रशिक्षित स्पॉटर्स का संयोजन किया।

इस समन्वित दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए, टीम ने 25 संभावित ड्रग उपभोक्ताओं की पहचान की। इनमें से 14 व्यक्तियों को उन्नत ड्रग परीक्षण के अधीन किया गया। परीक्षणों से पता चला कि आठ व्यक्तियों में गांजा, कोकेन, एम्फ़ैटेमिन और मेथमफ़ेटामाइन जैसे पदार्थों के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया। इस ऑपरेशन में अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग किया गया, जिसमें उन्नत ड्रग डिटेक्शन किट, तेज़-परिणाम मूत्र और लार परीक्षण किट और प्रशिक्षित नारकोटिक्स डिटेक्शन कुत्ते शामिल हैं। इन उपकरणों ने अद्वितीय सटीकता के साथ ऑन-द-स्पॉट परीक्षण को सक्षम किया। उन्नत तकनीक ने तत्काल परिणाम सुनिश्चित किए, जिससे बचने की कोई गुंजाइश नहीं रही। यहां तक कि हाई-प्रोफाइल व्यक्ति भी ऑपरेशन से छूट नहीं पाए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित जर्मन डीजे बेन बोहमर और उनकी टीम को भी परीक्षण प्रक्रिया से गुजरना पड़ा और उन्हें ड्रग-मुक्त घोषित किया गया। यह टीजीएएनबी की हर व्यक्ति के साथ समान व्यवहार करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, चाहे उनका सामाजिक कद या मान्यता कुछ भी हो। इसके अलावा, यह एक पूर्व शर्त थी जिसे अनुमति देने वाले प्राधिकारी यानी सीपी साइबराबाद ने लगाया था।

**पब और बार को सख्त चेतावनी**

टीजीएएनबी ने तेलंगाना के सभी पब और बार को निर्देश दिया है कि वे प्रमुखता से प्रदर्शित करें कि उनका प्रतिष्ठान नशा-मुक्त स्थान है और कम उम्र में शराब पीने के लिए शून्य-सहिष्णुता नीति का सख्ती से पालन करें। इन मानदंडों का कोई भी उल्लंघन गंभीर कानूनी परिणामों को आकर्षित करेगा। इस मामले में, हालांकि पब स्कूल के सबसे नज़दीक है, प्रबंधन ने कम उम्र के शराब पीने के प्रति शून्य सहिष्णुता नीति का उल्लेख नहीं किया है।

**नए साल से पहले सख्त चेतावनी**

नए साल के जश्न के करीब आने के साथ, टीजीएएनबी ने घोषणा की है कि तेलंगाना भर में सभी आयोजनों और पार्टियों में इसी तरह की कड़ी जाँच की जाएगी। नशीली दवाओं के सेवन या आपूर्ति में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान एक मजबूत संदेश देता है कि तेलंगाना में नशीली दवाओं के लिए बिल्कुल भी जगह नहीं है।

टीजीएएनबी ने कार्यक्रम आयोजकों और युवाओं से नशीली दवाओं से दूर रहने का आग्रह किया। एक उज्ज्वल भविष्य, पारिवारिक कल्याण और सामाजिक शांति के लिए नशीली दवाओं से मुक्त जीवन शैली आवश्यक है। यदि आपके पास नशीली दवाओं के सेवन या तस्करी के बारे में कोई जानकारी है, तो तुरंत टीजीएएनबी के टोल-फ्री नंबर 1908 पर इसकी सूचना दें। आपकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी और आपका सहयोग तेलंगाना को नशा मुक्त राज्य बनाने में मदद कर सकता है।

# उत्तम ने डॉ. सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग की

## उनके अद्वितीय योगदान की सराहना की

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिंचाई एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री कैप्टन एन उत्तम कुमार रेड्डी ने विधानसभा में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें एक अद्वितीय व्यक्तित्व और वैश्विक राजनेता बताया। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी द्वारा सोमवार को विधानसभा में पेश किए गए शोक प्रस्ताव पर बोलते हुए उत्तम कुमार रेड्डी ने भारत के लिए मनमोहन सिंह के विशाल योगदान पर प्रकाश डाला, जिसमें उनके अग्रणी आर्थिक सुधार और कल्याणकारी पहल शामिल हैं। उत्तम कुमार रेड्डी ने वित्त सचिव, रिजर्व बैंक गवर्नर, योजना आयोग के उपाध्यक्ष, यूजीसी के अध्यक्ष, वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह की सेवाओं को याद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह के कार्यकाल की सराहना की और किसानों के ऋण माफ करने, राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना लागू करने और मानवतावादी दृष्टिकोण के साथ भूमि अधिग्रहण अधिनियम का मसौदा तैयार करने का श्रेय उन्हें दिया।

उन्होंने वन भूमि पर आदिवासियों के अधिकार प्रदान करने और आर एंड आर अधिनियम के माध्यम से विस्थापित व्यक्तियों के पुनर्वास में मनमोहन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। मंत्री ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु समझौते के दौरान मनमोहन सिंह की राजनेता की प्रशंसा की, जिसे काफी विरोध के बावजूद संसद में पारित किया गया था।

उन्होंने तेलंगाना के लिए मनमोहन सिंह के समर्थन को भी स्वीकार किया, कहा कि आंदोलन के दौरान उनकी भूमिका महत्वपूर्ण थी और मनमोहन सिंह अक्सर राज्य के संघर्ष के दौरान तेलंगाना के नेताओं से मिलते थे। मनमोहन सिंह की विनम्रता पर प्रकाश डालते हुए, उत्तम कुमार रेड्डी ने केंद्रीय नीतियों का विरोध करने के लिए पार्टी सहयोगियों के साथ सादे कपड़े पहने सांसद के रूप में विरोध प्रदर्शनों में उनकी भागीदारी को याद किया। उन्होंने टिप्पणी की कि मनमोहन सिंह का विनम्र स्वभाव और सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण एक प्रेरणा है।

# स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

## मतदाताओं की संख्या में वृद्धि दर्ज

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी, सी. सुदर्शन रेड्डी ने दावों और आपत्तियों के पूरा होने के बाद मेदक-आदिलाबाद-करीमनगर और वारंगल-खम्मम-नलगोंडा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की घोषणा की है। अंतिम चुनावी विवरण के मुताबिक मेदक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में प्रस्तावित मतदान केंद्र 499 है। पुरुष 2,18,060, महिला 1,23,250 और ट्रांसजेंडर 3 को मिलाकर कुल 3,41,313 मतदाता है। इसी तरह मेदक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में प्रस्तावित मतदान केंद्रः 274 है। पुरुष 16,364, महिला 9,557 को मिलाकर कुल 25,921 मतदाता है। वारंगल-खम्मम-नलगोंडा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में प्रस्तावित मतदान केंद्र 200 है। पुरुष 14,940 ,महिला 9,965 को मिलाकर कुल 24,905 मतदाता हैं। निर्वाचन क्षेत्रों में अंतिम नामावली में पंजीकृत मतदाताओं में निम्नलिखित शुद्ध वृद्धि दर्ज की गई। मेदक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में 26,782 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। पुरुष16,50%, महिला 10,273, ट्रांसजेंडर 2 मतदाताओं की संख्या बढ़ी हुई है। मेदक-निजामाबाद-आदिलाबाद-करीमनगर शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र 2,319 मतदाता बढ़े हैं। पुरुष 1,258, महिला 1,061 मतदाता बढ़े हैं। इसी क्रम में वारंगल-खम्मम-नलगोंडा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र 2,351 मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है। पुरुष 1,442, महिला 909 मतदाताओं की संख्या बढ़ी हुई है।

## चोर ने दुकान में घुसकर पी शराब हो गया मदहोश



मेदक, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। शराब ऐसी चीज़ है जिसे देखने के बाद चोर को खुद पर कंट्रोल नहीं रहा। नरसिंगी मंडल मुख्यालय में एक शराब की दुकान में चोरी की नियत से घुसे चोर ने दुकान के अंदर ही जमकर शराब पी जिसके बाद वह वहीं पर बेहोश हो गया। जब शराब की दुकान खोलने पहुंचे दुकान मालिक ने अंदर किसी को बेहोश देखा तो उसने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि अभी तक उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

पुलिस के अनुसार, शराब की बोतलें देखकर चोर लालच में आ गया और खुद ही शराब पीने लगा। उसने कितनी शराब पी, इसका पता अभी नहीं चल पाया है, लेकिन वह नशे में धुत होकर बेहोश हो गया। सोमवार की सुबह जब दुकान के मालिक परशा गौड़ ने शटर खोला तो वह दुकान के अंदर पड़ा मिला। गौड़ ने दुकान की बोतलों के बीच उसे बेहोश देखा और तुरंत दूसरे लोगों और पुलिस को बुलाया। चूंकि चोर बेहोश था, इसलिए उसे स्थानीय सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में नरसिंगी पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और मामला दर्ज कर लिया।

## ससुर के हमले से दामाद घायल

करीमनगर, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। जिले के मुकरमपुरा में 23 वर्षीय एक युवक अपने ससुर के हमले में घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मोहम्मद सोयब की शादी अजीमुद्दीन की बेटी से हुई थी और पिछले कुछ समय से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। रविवार को सोयब ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपने ससुराल वालों के घर पर हमला कर दिया। घटना से गुस्साए अजीमुद्दीन ने भी सोयब पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे सोयब और उसका एक दोस्त घायल हो गया। दोनों समूहों ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। करीमनगर टाउन-1 पुलिस ने दो समूहों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# पोक्सो मामले में सजा

हैदराबाद, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। सुल्तान बाज़ार पुलिस स्टेशन में दर्ज पोक्सो मामले में एक सेवानिवृत्त मर्चेंट नेवी अधिकारी को दोषी ठहराया गया और उसे 'आजीवन कारावास' की सजा सुनाई गई तथा उस पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया, जबकि इसी मामले में एक अन्य व्यक्ति को 20 साल की जेल की सजा सुनाई गई तथा उस पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। पुलिस के अनुसार, क्लॉरेंस फ्रांसिस (76) 16 वर्षीय पीड़िता के घर के बगल में रहता था।

अप्रैल 2021 में, उस व्यक्ति ने अपने घर पर लड़की का यौन शोषण किया, जिससे पीड़िता गर्भवती हो गई। दूसरा व्यक्ति पोन्नाला अंजनेयुलु (31), लड़की का रिश्तेदार था और अक्सर पीड़िता के घर आता-जाता था। पीड़िता को धमकाने के बाद अंजनेयुलु ने भी लड़की का यौन शोषण किया। यौन उत्पीड़न के बाद पीड़िता को स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने लगीं और उसकी मां उसे जांच के लिए डॉक्टर के पास ले गई। डॉक्टर ने पीड़िता की मां को गर्भावस्था के बारे में बताया। पूछताछ करने पर महिला को अपनी बेटी पर यौन उत्पीड़न के बारे में पता चला और उसने पुलिस से संपर्क किया जिसने फ्रांसिस और अंजनेयुलु के खिलाफ मामला दर्ज किया। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया और सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुनाया। दोनों व्यक्तियों को केन्द्रीय कारागार चंचलगुडा भेज दिया गया।

## ट्रक के अनियंत्रित होने से एक व्यक्ति की मौत, कई घायल

हैदराबाद, 30 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। सोमवार को तड़के मुशीराबाद में एक रेडी-मिक्स कंक्रीट ट्रक के अनियंत्रित हो जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, शहर की ओर जा रहा एक आरएमसी वाहन सुबह करीब 3 बजे मुशीराबाद में नियंत्रण खो बैठा और एक डीसीएम से टकरा गया, जिससे वाहन चालक की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इसके बाद आरएमसी वाहन ने पुलिस वाहन को टक्कर मार दी, जिससे 2 अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने चालक मोहम्मद यूसुफ को हिरासत में ले लिया और उसका वाहन जब्त कर लिया। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# जनशिकायतों को प्राथमिकता देनी चाहिए : इलांबर्ती

हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। जीएचएमसी आयुक्त इलांबर्ती ने अधिकारियों को जनता से प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता देने और समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विशेष पहल करने का निर्देश दिया है। सोमवार को जीएचएमसी प्रधान कार्यालय में आयोजित सार्वजनिक संबोधन कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, आयुक्त ने उप महापौर मोटे श्रीलता शोभन रेड्डी के साथ ग्रेटर ग्रेटर जकार्ता के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों से विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन प्राप्त किए। इस मौके पर कमिश्नर ने कहा कि टाउन प्लानिंग अधिकारियों को सार्वजनिक रूप से टाउन प्लानिंग विभाग को मिलने वाली शिकायतों की जांच करने और अवैध निर्माणों पर नोटिस जारी करने का आदेश दिया। नगर नियोजन विभाग को प्राप्त शिकायतों पर अब तक की गयी कार्रवाई की रिपोर्ट देने का सुझाव दिया गया है। सीसीपी ने एक विशेष अतिरिक्त सीसीपी नियुक्त करने और उसकी देखरेख में समस्याओं को हल करने के लिए कदम उठाने का आदेश दिया । कमिश्नर ने सीसीपी को निर्देश दिया कि वह साप्ताहिक आधार पर टाउन प्लानिंग की समीक्षा करेंगे और फील्ड स्तर पर समस्या के समाधान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने में संकोच नहीं करेंगे। डिप्टी मेयर मोटे श्रीलता शोभन रेड्डी ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि वे समय-समय पर सार्वजनिक रूप से प्राप्त आरजी पर गौर करें और समस्याओं का तुरंत समाधान करें।



अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान देना चाहिए । प्रजावाणी फोन इन कार्यक्रम के माध्यम से 3 अनुरोध प्राप्त होने पर उन्हें त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया। जीएचएमसी मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में 48 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से टाउन प्लानिंग विभाग से 29 शिकायतें, कर विभाग से 9 शिकायतें, सीई मेंटेनेंस से 3 शिकायतें, वित्त, स्वास्थ्य, भूमि से 2-2 शिकायतें प्राप्त हुईं। जीएचएमसी के तहत छह क्षेत्रों में कुल 82 आवेदन प्राप्त हुए। जिनमें से कुकटपल्ली जोन में 35, सिकंदराबाद जोन में 18, सेरिलिंगमपल्ली जोन में 9 , चारमीनार जोन में 8, एलबीनगर जोन में 11 और खैरताबाद जोन में एक अनुरोध प्राप्त हुआ। अतिरिक्त आयुक्त शिव कुमार नायडू, सुभद्रा देवी, नलिनी पद्मावती, पंकजा, गीता राधिका, सरोजा, सत्यनारायण, रघु प्रसाद, यादगिरी राव, सीसीपी श्रीनिवास, अतिरिक्त सीसीपी गंगाधर, संपदा अधिकारी उमा प्रकाश, जल कार्य डी. जीएम साई रमना, हाउसिंग ईई पीवी रमना, राजेश्वर राव, यूबीडी निदेशक श्रीनिवास राव, खाद्य सुरक्षा सहायक नियंत्रक मूर्ति राजू, सीएमएचओ डॉ. पद्मजा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अब्दुल वकील, डिप्टी सी. ईओ पनासा रेड्डी, राजस्व जेसी महेश कुलकर्णी, यूसीडी जेसी देवेंद्र रेड्डी अन्य लोगों ने भाग लिया।

# 10 जनवरी को शहर के बालाजी मंदिरों में श्रीवारी वैकुंठद्वार दर्शन



हैदराबाद, 30 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीटीडी हैदराबाद एईओ यू. रमेश ने कहा है कि टीटीडी 10 से 12 जनवरी तक हिमायतनगर और जुबली हिल्स मंदिरों में नववर्ष-2025 और श्रीवारी वैकुंठद्वार दर्शन को अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को उपलब्ध कराने के लिए व्यापक व्यवस्था कर रहा है।

आज यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए एईओ ने कहा कि वैकुंठद्वार दर्शन 10 जनवरी को सुबह 3.30 बजे से शुरू होगा और आधी रात को समाप्त होगा।

उन्होंने कहा कि इन काउंटरों पर विशेष कतारें, बैरिकेड्स, पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने मंदिरों में आने वाले श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे अपने वाहन निर्धारित स्थानों पर पार्क करें और यातायात पुलिस कर्मियों का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि इसी तरह 2025 के नववर्ष के दिन भी आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हर संभव व्यवस्था की गई है।

पौराणिक कथा के अनुसार, श्री महाविष्णु का एक दिन, यानी वैकुंठ में बिताया गया समय पृथ्वी पर एक वर्ष के बराबर माना जाता है।


इसी तरह, वैकुंठ में 12 घंटे का दिन पृथ्वी पर छह महीने के बराबर होता है, जिसे उत्तरवन भी कहा जाता है और वैकुंठ में 12 घंटे की रात्रि पृथ्वी पर दक्षिणायन के छह महीने के बराबर होती है। इसी तरह, वैकुंठ में 120 मिनट पृथ्वी पर 30 दिन के बराबर होते हैं, जिसे धनुर मास के नाम से जाना जाता है। उस एक दिन में, वे सभी देवताओं को 40 मिनट के लिए दर्शन प्रदान करते हैं, जो पृथ्वी पर वैकुंठद्वार दर्शन के 10 दिनों के बराबर है। भक्तों को ध्यान देना चाहिए कि ये सभी दस दिन समान रूप से महत्वपूर्ण हैं।

DICGC Since 1961
निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
(भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी)Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India

**परिसमापक द्वारा तैयार जमा बीमा दावों में अज्ञात और लापता जमाकर्ता**

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम (डी.आई.सी.जी.सी) परिसमापक द्वारा तैयार किए गए जमा बीमा दावों का निपटान डीआईसीजीसी अधिनियम, 1961 की धारा 17 और 18 में निहित प्रावधानों के अनुसार करता है। परिसमापक द्वारा अज्ञात (जमाकर्ता जिन्हें मुख्य दावे की मंजूरी के समय केवाईसी दस्तावेजों की अनुपलब्धता के कारण भुगतान नहीं किया गया था)/लापता (जिन जमाकर्ताओं के दावों को मंजूरी दे दी गयी थी, लेकिन वे वितरित नहीं किए गए और डीआईसीजीसी को वापस कर दिए गए) चिन्हित किए गए बीमित जमाकर्ताओं के दावों के लिए डीआईसीजीसी द्वारा प्रावधान किया गया है। सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार और बैंकों (31 दिसंबर 2014 से पहले परिसमाप्त) के परिसमापकों को अनुदेश जारी किए गए है कि वे ऐसे जमाकर्ताओं से संपर्क करें और दावे, यदि कोई हों, डीआईसीजीसी को प्रस्तुत करें। इन बैंकों के जमाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे भुगतान न किए गए दावों के मामले में आधिकारिक रूप से वैध पहचान दस्तावेज/दस्तावेजों के साथ संबंधीत परिसमापकों से संपर्क करें। बैंकों की सूची डीआईसीजीसी की वेबसाइट www.dicgc.org.in पर उपलब्ध है।

"पैसे देने का वादा करने वाले ईमेल/एसएमएस/कॉल से धोखा न खाएं"




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.